छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
जुलाई, 2025 सत्र

शुक्रवार, दिनांक 18 जुलाई, 2025

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

<u>चित्रकोट विधान सभा क्षेत्रांतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकानें एवं खाद्यान्न गोदाम</u>

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

1. (*क्र. 769) श्री विनायक गोयल : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कितने ग्रामों में शासकीय उचित मूल्य की दुकान एवं कितने ग्रामों में खाद्यान्न गोदाम हैं तथा कितने में नहीं हैं? **(ख)** खाद्यान्न गोदाम नही हैं या जर्जर अवस्था में हैं तो वहां कब तक बना लिये जावेंगे? **(ग)** खाद्यान्न गोदाम हेतु आबंटन कहां से मिलता है? **(घ)** चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में स्टॉक में कमी पाये जाने पर कमी की पूर्ति करने हेतु क्या प्रावधान किया गया है? **(ड)** चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत खाद्य विभाग के कितने अधिकारी/कर्मचारी पदस्थ हैं, पदवार विवरण देवे?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 159 ग्राम पंचायतों में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित है। इनमें से 134 उचित मूल्य दुकानों में स्वयं के दुकान सह गोदाम भवन है तथा 20 उचित मूल्य दुकानों में स्वयं के दुकान सह गोदाम भवन नहीं है। 05 उचित मूल्य दुकानों में उचित मूल्य दुकान सह गोदाम भवन निर्माणाधीन है।**(ख)** विभागीय बजट में राशि का प्रावधान होने उपरांत उचित मूल्य दुकान सह गोदाम भवन स्वीकृत किया जा सकेगा। **(ग)** उचित मूल्य दुकान सह गोदाम भवन निर्माण हेतु राशि का आबंटन विभागीय बजट अथवा जिले की विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत किया जाता है। **(घ)** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकानों में स्टॉक में कमी पाये जाने पर संबंधित उचित मूल्य दुकान संचालनकर्ता एजेंसी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के न्यायालय में प्रकरण दर्ज कर प्रावधान अनुसार वसूली के संबंध में कार्यवाही किये जाने का प्रावधान है। **(ड)** चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में खाद्य विभाग के सहायक खाद्य अधिकारी श्रीमती दिव्यारानी कार्यान्त, खाद्य निरीक्षक श्री शेख अब्दुल कादिर तथा श्री उमेश चौधरी पदस्थ हैं।

<u>उपार्जित धान एवं संग्रहण केन्द्रों में शेष धान की मात्रा</u>

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

2. (*क्र. 967) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत उपार्जन केन्द्रों में समर्थन

मूल्य पर कितनी-कितनी मात्रा में धान की खरीदी की गई? उपार्जन केन्द्रवार जानकारी देवें? **(ख)** कण्डिका 'क' में उपार्जित धान को किन-किन संग्रहण केन्द्रों में कितनी-कितनी मात्रा में संग्रहित किया गया तथा दिनांक 24.06.2025 की स्थिति में उक्त संग्रहण केन्द्रों में धान की कितनी-कितनी मात्रा शेष/संग्रहित है? धान को धूप एवं बारिश से बचाने हेतु क्या प्रबंध किये गये हैं?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर 2,22,500.48 मे.टन धान की खरीदी की गई है। उपार्जन केन्द्रवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र -'अ' अनुसार है।(ख)** कण्डिका 'क' में संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत उपार्जित धान को जिले धान संग्रहण केन्द्रों में कुल संग्रहित धान एवं दिनांक 24.06.2025 की स्थिति में संग्रहण केन्द्रों में शेष/संग्रहित धान की जानकारी **संलग्न प्रपत्र -'ब' अनुसार है।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में बालोद जिले में संग्रहण केन्दों में कुल 262219.36 मे.टन भण्डारित किया गया है एवं दिनांक 24.06.2025 की स्थिति में 209961.33 मे.टन धान उठाव हेतु शेष है। संग्रहण केन्द्रों में भण्डारित धान के स्टेक को धूप एवं बारिश से बचाने हेतु जल निकासी हेतु उचित व्यवस्था किया गया है एवं धान के स्टेक को कैप कव्हर से सुरक्षित ढ़क कर रखा गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]

जिला बिलासपुर अंतर्गत धान का उठाव

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

3. (*क्र. 760) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर जिले में वर्ष 2024-25 2025-26 में एवं जून, 2025 तक कितने क्विंटल धान की खरीदी की गई है? **(ख)** कितने क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है? **(ग)** कितने क्विटंल धान का उठाव होना शेष है? धान का उठाव नहीं होने वाली समिति का नाम, कुल खरीदी गये धान की मात्रा एवं उठाव हेतु शेष धान की मात्रा क्या है? उक्त समितियों से धान का उठाव नही होने के कारण क्या है? **(घ)** उठाव हेतु शेष समिति में कितना धान का शार्टेज हुआ है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) बिलासपुर जिले में प्रश्नांकित अवधि तक खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 6919834.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। **(ख)** बिलासपुर जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 6908948.63 क्विंटल धान का उठाव किया जा चुका है। **(ग)** बिलासपुर जिले में उपार्जन केन्द्रों से 10886.17 क्विंटल धान उठाव हेतु शेष है। धान का उठाव नहीं होने वाली समिति का नाम, खरीदी मात्रा एवं उठाव हेतु शेष का विवरण निम्नानुसार है: –

(मात्रा क्विंटल में)

क्रमांक	वर्ष	उपर्जान केन्द्र का नाम	खरीदी की मात्रा	उठाव हेतु शेष मात्रा	उठाव नहीं होने का कारण
1	2024-25	मल्हार	79632.40	9122.40	धान की कमी
2		रिस्दा	40879.20	1763.77	

(घ) समिति लेखा मिलान का कार्य प्रगति पर है। अंतिम लेखा मिलान उपरांत धान की शार्टेज की स्थिति ज्ञात हो सकेगी।

आंगनबाड़ी केंद्रों में सामग्री वितरण

[महिला एवं बाल विकास]

4. (*क्र. 931) श्री धर्मजीत सिंह : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जून, 2025 तक विधान सभा क्षेत्र तखतपुर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों में सामग्री वितरण हेतु कितनी- कितनी राशि स्थानांतरित की गई तथा उसके अंतर्गत कौन-कौन सी सामग्रियों का वितरण किया जाना था? कितनी राशि उन सामग्रियों की खरीदी में व्यय की गई? विकासखण्डवार बताएं? **(ख)** कंडिका "क" की सामग्रियों की गुणवत्ता के संबंध में कितने आंगनबाड़ी केंद्रों के खिलाफ शिकायतें प्राप्त हुई है तथा उन शिकायतों के आधार पर कितने आंगनबाड़ियों की जांच की गई तथा कितनी शिकायतें सही सही पाई गई? **(ग)** क्या कंडिका "क" में पूछे गए प्रश्न अनुसार सामग्री के वितरण के पूर्व या खरीदी या आपूर्तिकर्ता की आपूर्ति के पूर्व कमेटी से जांच कराई जाती है? यदि हां तो कब-कब जांच कराई गई? **(घ)** कंडिका "ख" के अनुसार कौन-कौन दोषी पाए गए हैं एवं उन पर क्या-क्या कार्रवाई की गई है? विकासखण्डवार बताएं?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** आंगनबाड़ी केन्द्रों में सामग्री की गुणवत्ता अथवा केन्द्र संचालन के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं है। अतः शेष जानकारी निरंक है। **(ग)** जी हां। सामग्री प्रदाय उपरान्त परियोजना स्तरीय क्रय समिति द्वारा सामग्री का सत्यापन किया जाता है। **(घ)** प्रश्नांश 'ख' के प्रकाश में शेष जानकारी निरंक है।

[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]

समाज कल्याण विभाग से जिला महासमुंद को विभिन्न मदों में प्राप्त राशि

[समाज कल्याण]

5. (*क्र. 937) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला महासमुंद में वर्ष 2023-24 से दिनांक 20/06/2025 तक किस किस मद से कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई है? प्राप्त राशि को किन-किन कार्यों में खर्च किया गया है? कार्य के नाम सहित मदवार जानकारी दें? **(ख)** क्या उपरोक्त समयावधि के दौरान सामग्री क्रय की गई है? यदि हां तो किस किस प्रकार की सामग्री किस दर पर क्रय की गई है? क्या सामग्री क्रय में गड़बड़ी या अनियमितता के मामले सामने आए हैं? यदि हां तो उस पर क्या कार्रवाई की गई है? वर्षवार बताएं।

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र – ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]

विकलांग पेंशन योजना के प्राप्त आवेदनों का निराकरण

[समाज कल्याण]

6. (*क्र. 887) श्री भईया लाल राजवाड़े : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया में शासन द्वारा प्रदाय विकलांग पेंशन योजना के लिए वर्ष 2002 सर्वे सूची में नाम नहीं होने पर पेंशन हेतु अपात्र किया जाता है? यदि हॉ तो किस नियम के तहत किया जाता है? क्या सर्वे कराकर छूटे हुए विकलांग लाभार्थी का नाम जोड़ने हेतु कोई प्रावधान विभाग द्वारा किया जा रहा है? जिससे छूटे हुये लाभार्थी का नाम जोड़ा जाकर योजना का लाभ दिया सके? **(ख)** विकलांग पेंशन योजना में शासन के किस प्रावधान के तहत पात्रता निर्धारित की जाती है? **(ग)** बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया में

विकलांग पेंशन योजना हेतु वर्ष 2018 से 2025 तक कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं? **(घ)** कितने आवेदनों का निराकरण किया गया है जिसमें कितने पात्र एवं कितने अपात्र हुए और अपात्र होने का कारण क्या है? **(ड)** विकलांग पेंशन योजना हेतु हितग्राहियों का नाम जोड़ने कब-कब सर्वे किया गया है? **(च)** संबधित विभाग द्वारा छूटे हुये विकलांग पेंशन योजना के हितग्राहियों हेतु क्या-क्या प्रावधान किया जा रहा है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जी हाँ । छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग का निर्देश क्रमांक ऍफ़ 7-03/2014/सक/26, दिनांक 28/04/2014 के अनुसार किया जाता है । जी नहीं, वर्तमान में कोई प्रावधान नहीं किया जा रहा है । **(ख)** दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजना में छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग का निर्देश क्रमांक एफ 7-03/2014/सक/26, दिनांक 28/04/2014 के अनुसार पात्रता निर्धारित किया जाता है । **(ग)** बैकुंठपुर, जिला-कोरिया में दिव्यांग पेंशन हेतु वर्ष 2018 से 2025 तक 21 आवेदन प्राप्त हुए हैं। **(घ)** सभी प्राप्त 21 आवेदनों का निराकरण किया गया है जिसमें सभी पात्र हैं । **(ड.)** दिव्यांगजनों के लिए संचालित पेंशन योजना में हितग्राहियों का नाम जोड़ने हेतु कोई सर्वे नहीं किया गया है । **(च)** दिव्यांगजनों के लिए संचालित पेंशन योजना से छूटे हुए हितग्राहियों के लिए विभाग द्वारा जन जागरूकता शिविर आयोजित कर पात्रता अनुसार अन्य विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाता है ।

<u>विधान सभा क्षेत्र जांजगीर-जांपा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संचालित केन्द्र</u>

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

7. (*क्र. 978) श्री ब्यास कश्यप : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कितने केन्द्र संचालित हैं? संचालित केन्द्रों में कितने स्वयं दुकान सह गोदाम युक्त हैं तथा कितने भवनविहीन हैं? विकासखंडवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** क्या प्रश्नांश ''क'' के अनुसार क्या नगरपालिका क्षेत्र जांजगीर-नैला एवं चांपा में नये केन्द्र प्रारंभ करने की योजना है? यदि नहीं तो क्यों?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 106 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित है। इनमें से विकासखण्ड नवागढ़ में 25 उचित मूल्य दुकान में दुकान सह गोदाम है तथा 55 उचित मूल्य दुकान में स्वयं के दुकान सह गोदाम नहीं है। विकासखण्ड बलौदा में 07 उचित मूल्य दुकान में दुकान सह गोदाम है तथा 02 उचित मूल्य दुकान में स्वयं के दुकान सह गोदाम नहीं है। विकासखण्ड बम्हनीडीह में 17 उचित मूल्य दुकान में स्वयं के दुकान सह गोदाम नहीं है। **(ख)** जी हां, नगरपालिका क्षेत्र जांजगीर-नैला में नवीन उचित मूल्य दुकान प्रारंभ करने हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। नवीन उचित मूल्य दुकान के लिए जारी विज्ञापन के संबंध में दायर प्रक्ररण में माननीय उच्च न्यायालय से स्थगन प्राप्त होने के कारण अग्रिम कार्यवाही स्थगित है। नगरपालिका चांपा में 01 नवीन उचित मूल्य दुकान प्रारंभ करने हेतु प्रक्रिया प्रचलित है।

<u>प्रदेश में स्थापित फोर्टीफाईड राइस कर्नल (एफ.आर.के.) मैन्यूफैक्चरिंग मिल</u>

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

8. (*क्र. 951) श्री दलेश्वर साहू : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- 1 मई, 2025 के पूर्व राज्य में कितने फोर्टीफाईड राइस कर्नल (एफ.आर.के.) मैन्यूफैक्चरिंग मिल स्थापित थे? क्या जून, 2025 तक उक्त मैन्यूफैक्चरर से एफ.आर.के. की खरीदी की जा रही है? पूर्व में पंजीकृत या स्थापित मिलों से एफ.आर.के. क्रय नहीं किये जाने का क्या प्रमुख कारण है? सरकार के पास उन मिलरों के लिए क्या योजना

है? 1 मई, 2025 के पूर्व में एफ.आर.के. खरीदने की क्या व्यवस्था थी और उस व्यवस्था में बदलाव कर टेंडर करने के क्या कारण हैं? जानकारी देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : 1 मई, 2025 के पूर्व राज्य में 94 फोर्टीफाईड राइस कर्नेल (एफ.आर.के.) मैन्यूफैक्चरिंग मिले पंजीकृत थे। 01 मई 2025 से केवल निविदा के माध्यम से छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों से चयनित एवं सूचीबद्ध एफ.आर.के. आपूर्तिकर्ताओ से फोर्टिफाईड राईस कर्नेल क्रय कर एफ.आर.के की व्यवस्था मिलिंग हेतु की जा रही है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 हेतु राज्य शासन द्वारा जारी कस्टम मिलिंग नीति दिनांक 24.10.2024 के माध्यम से विपणन संघ द्वारा फोर्टिफाईड राईस कर्नेल (एफ.आर.के.) की व्यवस्था एवं खरीदी के लिए टेंडर के माध्यम से दर निर्धारित किये जाने तथा उक्त निर्धारित दरों पर एफ.आर.के व्यवस्था संबंधी निर्देश दिए गए। तदानुसार विपणन संघ द्वारा निविदा जारी तिथि 30.11.2024 उपरांत निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निविदा के माध्यम से चयनित एवं सूचीबद्ध एफ.आर.के. आपूर्तिकर्ताओ को एफ.आर.के. आपूर्ति हेतु दिनांक 01 मई 2025 को कार्य आदेश जारी किया गया। निविदा मे सफल निविदाकारों को कार्यादेश जारी किया जाता है, शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है। 1 मई, 2025 के पूर्व राइस फोर्टिफिकेशन हेतु आवश्यक एफ.आर.के की व्यवस्था मिलरों द्वारा विभिन्न एफ.आर.के निर्माताओं से भिन्न-भिन्न दरों पर क्रय कर किया जाता था। शासन द्वारा जारी कस्टम मिलिंग नीति अनुसार उक्त व्यवस्थामें बदलाव कर टेन्डर कार्यवाही की गई।

रायपुर में संचालित शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय का स्वीकृत सेटअप एवं संचालन

[समाज कल्याण]

9. (*क्र. 30) श्री अजय चंद्राकर : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय, रायपुर अंतर्गत सेटअप स्वीकृत है? यदि हां तो सेटअप अनुसार कौन-कौन से पद भरे व रिक्त हैं? कौन-कौन से विषयों में अध्यापन कराया जा रहा है और कितने दिव्यांग छात्र अध्यनरत है? **(ख)** उक्त महाविद्यालय अंतर्गत अध्ययनरत छात्रों को अन्य क्या-क्या सुविधायें दी जा रही हैं? **(ग)** उक्त महाविद्यालय के संचालन हेतु राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक कितनी-कितनी राशि का बजट प्रावधान किया गया था तथा राशि किन-किन कार्यो में व्यय की गयी?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जी, हाँ। भरे रिक्त पदों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसार** है। शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय में दो विषय (1) बी.पी.ए. (बैचलर ऑफ परफार्मिंग आर्ट) मुख्य विषय हिन्दुस्तानी गायन एवं तबला तथा (2) बी.एफ.ए. (बैचलर ऑफ फाईन आर्टस) चित्रकला विषय में कक्षाएं संचालित है, विषयवार सूची **संलग्न प्रपत्र 'ब' अनुसार** है। वर्तमान में 130 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है। **(ख)** उक्त महाविद्यालय में अध्यनरत छात्रों को प्रदाय की जा रही सुविधाओं की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'स' अनुसार** है। **(ग)** उक्त महाविद्यालय के संचालन हेतु राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक प्रदाय किया गया बजट प्रावधान तथा व्यय की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'द' एवं 'इ'** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के उल्लंघन के लंबित प्रकरण

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

10. (*क्र. 803) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम अंतर्गत कितने प्रकरण लंबित हैं? **(ख)** प्रदेश में गठित राज्य उपभोक्ता आयोग एवं जिला उपभोक्ता आयोग में सदस्यों के कितने पद रिक्त हैं?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) प्रदेश में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में 461 प्रकरण तथा विभिन्न जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोगों में 8,741 प्रकरण लंबित है । **(ख)** राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में सदस्यों के 03 पद तथा जिला उपभोक्ता आयोगों में सदस्यों के 20 पद रिक्त है ।

प्रदेश में धान की नीलामी

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

11. (*क्र. 113) श्री भूपेश बघेल : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- वर्ष 2025 में शासन द्वारा कितने मैट्रिक टन धान की नीलामी का निर्णय किन कारणों से लिया गया? अब तक कितने धान की नीलामी किस दर पर की गयी है? आज दिनांक तक कुल कितने धान का उठाव सफल निविदा कर्ताओं द्वारा किया जा चुका है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान में से धान उपार्जन के आधार पर 40 लाख टन की सीमा तक अतिशेष धान की नीलामी का शासन द्वारा निर्णय लिया गया। विपणन संघ द्वारा 36.12 लाख मेट्रिक टन धान की नीलामी करने की कार्यवाही की गई है। धान नीलामी की निर्धारित दर की जानकारी निम्न तालिका अनुसार हैः-

(मूल्य-रू.मे)

विवरण	कॉमन		ग्रेड-ए	
	नया बारदाना अनुसार	पुराना बारदाना अनुसार	नया बारदाना अनुसार	पुराना बारदाना अनुसार
एक क्विंटल धान की कीमत (बारदाना सहित)	1950 रूपये प्रति क्विंटल अथवा इससे अधिक दर	1900 रूपये प्रति क्विंटल अथवा इससे अधिक दर	2100 रूपये प्रति क्विंटल अथवा इससे अधिक दर	2050 रूपये प्रति क्विंटल अथवा इससे अधिक दर

दिनांक 04.07.2025 की स्थिति में 9.33 लाख मे.टन धान का उठाव सफल निविदाकर्ताओं द्वारा किया जा चुका है ।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में व्यय राशि

[समाज कल्याण]

12. (*क्र. 874) डॉ. चरण दास महंत : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 21 जून, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम राजधानी में कहां पर आयोजित किया गया था? इस हेतु वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के बजट में कितनी राशि का प्रावधान किया गया था? वर्ष 2024-25 में कितनी राशि, किन कार्यों में खर्च हुई, कितना भुगतान हुआ, कब भुगतान हुआ, पृथक-पृथक कार्यो के नाम सहित बतावें? **(ख)** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन हेतु (इवेन्ट मैनेजमेंट) आयोजन स्थल पर टेण्ट, पण्डाल, मंच, ध्वनि विस्तारक यंत्रों सहित क्या-क्या व्यवस्था की गई? क्या-क्या सामग्री, कितनी-कितनी मात्रा में क्रय की गई? इस हेतु निविदा कब आमंत्रित की गई? निविदाकार कौन-कौन थे? प्रथम न्यूनतम निविदाकार कौन था? सामग्री क्रय हेतु भण्डार क्रय नियम का पालन किया गया या नहीं? सामग्री प्रदाय एजेंसियों के नाम बतावें? **(ग)** 21 जून, 2024 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन हेतु स्वीकृत राशि कितनी थी? व्यय कितना हुआ? भुगतान कितना किया गया? कब किया गया, कितना शेष है क्यों शेष है? बतावें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) 21 जून, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

का राज्य स्तरीय कार्यक्रम राजधानी में साइंस कालेज मैदान, रायपुर में आयोजित किया गया था । इस हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में राशि रुपये 2.00 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया था एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में कोई बजट प्रावधान नहीं किया गया था । वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न कार्यों में हुए व्यय, की गयी भुगतान एवं भुगतान तिथि की कार्यवार जानकारी निम्नानुसार है -

क्रमांक	**कार्य का नाम**	**व्यय राशि**	**भुगतान राशि**	**भुगतान तिथि**
1	**2**	**3**	**4**	**5**
1.	प्रचारप्रसार- ब्रांडिंग कार्य (जी.एस.टी. सहित))	99,76,074/-		
2.	ट्रेकसूट	14,00,000/-		
	टी-शर्ट	2,25,00,000/-		
	योगामैट	3,00,000/-	14,45,337/-	19.06.2024
	जी.एस.टी.राशि	43,56,000/-	20,00,000/-	10.03.2025
3.	टेण्टकार्य (जी.एस.टी. सहित)	5,01,99,725/-	49,99,000/- 8,72,50,000/-	10.03.2025 28.03.2025
4.	भोजन एवं नाश्ता (जी.एस.टी. सहित)	1,85,02,400/-	70,00,000/-	19.06.2025
5.	सामान्ययोग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) पुस्तिका मुद्रण	39,80,140/-		
6.	वाईस एवं बल्क एस.एम.एस. कार्य	19,91,159/-	19,91,159/-	25.06.2025
योग -		**11,32,05,498/-**	**10,46,85,496/-**	

(ख) जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ग)** 21 जून, 2024 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन हेतु राशि रुपये 2.00 करोड़ का बजट प्रावधान था, राशि रुपये 8,72,50,000/- पुनर्विनियोजन से प्राप्त हुआ था, इस प्रकार कुल राशि रुपये 10,72,50,000/- की स्वीकृति प्राप्त थी । राशि रुपये 11,32,05,498/- व्यय हुआ था । राशि रुपये 10,46,85,496/- का भुगतान किया गया है । प्रश्नांश 'क' के स्तम्भ 5 में उल्लेखित तिथि अनुसार भुगतान गया है, राशि रुपये 85,20,002/- भुगतान हेतु शेष है। बजट के अभाव में भुगतान शेष है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]

मुंगेली विधान सभा क्षेत्र के जर्जर आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत

[महिला एवं बाल विकास]

13. (*क्र. 895) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2023-2024 से जून, 2025 तक मुंगेली विधानसभा सभा क्षेत्र के किस-किस ग्राम में आंगनबाड़ी भवनों की आवश्यकता एवं जर्जर होना चिन्हांकित किया गया है? किन-किन गांवों के जर्जर आंगनबाड़ियों को पुनः निर्माण कराने हेतु क्या कार्यवाही की गई है? किन-किन ग्रामों के आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण एवं मरम्मत हेतु कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई? **(ख)** प्रश्न (क) अनुसार भवनविहीन/मरम्मत/जर्जर एवं तोड़े गये आंगनबाड़ी भवनों में से किस-किस ग्राम में भवन निर्माण एवं मरम्मत की राशि स्वीकृत नहीं की गई तथा मरम्मत योग्य/जर्जर आंगनबाड़ी भवनों हेतु कब तक राशि स्वीकृत की जावेगी?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के आंगनबाड़ी भवनों की आवश्यकता एवं जर्जर आंगनबाड़ी भवन की ग्रामवार चिन्हांकित सूची तथा इन

ग्रामों में स्वीकृत भवन निर्माण कार्य की जानकारी तथा स्वीकृति हेतु शेष भवन की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। आंगनबाड़ी भवन निर्माण, मरम्मत कार्य की स्वीकृति वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर दी जाती है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छ:"]

आंगनबाड़ी केंद्रों में सामग्री वितरण

[महिला एवं बाल विकास]

14. (*क्र. 503) श्री उमेश पटेल : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- जिला रायगढ़ में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक केंद्र प्रायोजित एकीकृत बाल विकास योजना में कौन-कौन सी सामग्री क्रय की गई हैं? खरीदी एवं गुणवत्ता की क्या शर्तें थी? कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों में वितरण किया गया? जिलेवार जानकारी देवें? क्या इन सामग्रियों की गुणवत्ता में खराबी का मामला संज्ञान में आया है? यदि हां, तो जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : केन्द्र प्रायोजित एकीकृत बाल विकास परियोजना अन्तर्गत क्रय की गई सामग्रियों का वर्षवार विवरण **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-'अ'** एवं **प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। वर्ष 2025-26 में सामग्री क्रय नहीं की गई है। प्रत्येक कार्य के लिए सामग्री की प्रकृति अनुसार क्रय एवं गुणवत्ता शर्ते पृथक-पृथक निर्धारित की गई थी जिसका संक्षिप्त विवरण प्रपत्र में दिया गया है। प्रदायित सामग्री का आंगनबाड़ी केन्द्रों में वितरण किया गया जिसका विवरण पत्रकों में हैं। रायगढ़ जिले में प्रदायित सामग्री में से गुणवत्ता परीक्षण उपरान्त प्राप्त परिणाम का उल्लेख प्रपत्रों में किया गया है।

प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

15. (*क्र. 971) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राज्य में 01 जनवरी, 2025 से 30 जून, 2025 तक बी.पी.एल., ए.पी.एल. एवं अन्य सभी प्रकार के राशन कार्डधारियों हेतु सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण का क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया था? 24 जून, 2025 की स्थिति में लक्ष्यानुरूप जिलावार कितना वितरण किया गया है? बतायें? **(ख)** क्या यह सत्य है कि प्रदेश के कुछ जिलों में निर्धारित समयावधि में खाद्यान्न वितरण का लक्ष्य पूर्ण नहीं हो पाया है? यदि हाँ, तो उसके प्रमुख कारण क्या हैं? क्या शेष बचे हुए वितरण को 24 जून, 2025 से 30 जून, 2025 के मध्य पूरा कर लिया जाएगा? यदि नहीं, तो इस संबंध में शासन द्वारा क्या कार्रवाई प्रस्तावित है? **(ग)** प्रदेश के दुर्गम एवं पहुंचविहीन ग्रामों में वर्षा ऋतु के दौरान खाद्यान्न पहुंचाने के लिए शासन द्वारा क्या विशेष व्यवस्था की गई है? साथ ही, दिनांक 01 जनवरी, 2025 से 24 जून, 2025 तक खाद्यान्न वितरण से संबंधित प्राप्त शिकायतों एवं उन पर की गई कार्रवाई जिलावार बतायें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण हेतु लक्ष्य निर्धारित नहीं किया जाता है, अपितु उचित मूल्य दुकानों में संलग्न राशनकार्डो में निर्धारित मासिक पात्रता के आधार पर प्रतिमाह खाद्यान्न भण्डारण एवं वितरण हेतु आबंटन जारी किया जाता है। प्रश्नांकित अवधि में 24 जून, 2025 तक जिलेवार आबंटन एवं वितरण की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिलों में खाद्यान्न वितरण हेतु लक्ष्य निर्धारित नहीं किया जाता है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता। माह जून, जुलाई एवं अगस्त 2025 का एकमुश्त खाद्यान्न वितरण हेतु भारत सरकार द्वारा 31 जुलाई 2025 तक समय-सीमा निर्धारित किया गया है। तद्नुसार खाद्यान्न वितरण

किया जा रहा है। **(ग)** प्रदेश के दुर्गम एवं पहुंच विहीन उचित मूल्य दुकानों में वर्षा ऋतु के दौरान खाद्यान्न उपलब्ध कराने हेतु जिलों से प्राप्त मांग अनुसार 04 से 06 माह का खाद्यान्न का अग्रिम भण्डारण माह जून, 2025 में कराया गया है। प्रश्नांकित अवधि में खाद्यान्न वितरण से संबंधित प्राप्त शिकायत एवं की गयी कार्यवाही की जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]

खरीफ वर्ष 2025-26 में धान खरीदी का लक्ष्य एवं जूट बारदानों की आपूर्ति

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

16. (*क्र. 454) श्री दिलीप लहरिया : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खरीफ वर्ष 2025-26 में कितनी धान खरीदी का लक्ष्य है? इसके लिए कितनी मात्रा में आवश्यक जूट बारदानों की आपूर्ति केंद्र सरकार द्वारा कराए जाने की सहमति दी गई है? कितने अतिरिक्त जूट बारदानों की आवश्यकता होगी तथा इसके लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं? विवरण देवें? **(ख)** क्या खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में लक्षित धान ख़रीद का समस्त अतिशेष परिणामी चावल भारत सरकार द्वारा केंद्रीय पूल में लिए जाने की स्वीकृति दी गई है? यदि नहीं तो अतिशेष धान/चावल के डिस्पोजल के लिए क्या योजना है? विवरण देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) खरीफ वर्ष 2025-26 में 160.00 लाख मे.टन धान खरीदी का अनुमान है। इसके लिए आवश्यक 4.32 लाख गठान जूट बारदानों का जूट कमिश्नर के माध्यम से क्रय कर आपूर्ति की सहमति केन्द्र सरकार द्वारा दी गई है। इसके अतिरिक्त 3.68 लाख गठान पुराने जूट बारदानों की आवश्यकता होगी, जिसकी आपूर्ति मिलरों एवं पीडीएस दुकानों से प्राप्त कर की जावेगी। वर्तमान में पीडीएस दुकानों से पीडीएस बारदाना संकलन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।**(ख)** जी नहीं, आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी की तैयारी आरंभिक स्थिति में है अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है।

राशन दुकानों में अनियमितता पर कार्यवाही हेतु गठित जांच समिति

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

17. (*क्र. 888) श्री धरमलाल कौशिक : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या विधानसभा सत्र में दिनांक 06 फरवरी, 2024 को तारांकित प्रश्न संख्या 1 (क्रमांक 58) के उत्तर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित दुकानों में अनियमितता की जांच हेतु गठित विधायकों की समिति के अलावा भी किसी अन्य समिति/अधिकारी के द्वारा जांच की गई/ की जा रही है? यदि हॉ तो कौन-कौन सी जांच समिति गठित की गई व इन समितियों के कौन-कौन सदस्य/अधिकारी हैं? इन समिति को उक्त जांच में क्या-क्या अनियमितता पाई गई और अनियमितता का दोषी किसे पाया गया तथा अनियमितता के संबंध में क्या-क्या कार्यवाही प्रस्तावित/की गई? यदि नहीं तो क्यों?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : जी नहीं, तारांकित प्रश्न संख्या 1(58) के उत्तर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित दुकानों में अनियमितता की जांच हेतु गठित विधायकों की समिति के अलावा कोई अन्य समिति विभाग द्वारा गठित नहीं की गयी है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में संचालित भवनविहीन/जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र

[महिला एवं बाल विकास]

18. (*क्र. 472) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित कितने आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहिन व जर्जर हैं? केन्द्रों के नाम सहित जानकारी देंगे? **(ख)** भवन विहिन अथवा जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों में कब तक नवीन भवन उपलब्ध हो पायेंगे? **(ग)** भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में नियद नेल्लानार अथवा अन्य योजना मद से वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों की संख्या कितनी है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित 167 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन है तथा 67 आंगनबाड़ी भवन जर्जर हैं।जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसारहै। **(ख)** आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य की स्वीकृति वित्तीय संसाधनो की उपलब्धता के आधार पर दी जाती है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2024-25 में मनरेगा मद अंतर्गत 35 स्वीकृत है। वर्ष 2025-26 में स्वीकृत भवनों की संख्या निरंकहै।
[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]

जिला रायगढ़ अंतर्गत आँगनबाड़ी भवन निर्माण

[महिला एवं बाल विकास]

19. (*क्र. 561) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला रायगढ़ अंतर्गत कितने आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हैं, कितने किराए के भवन में संचालित हैं, कितने जर्जर अवस्था में हैं, विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** 30 जून 2025 की स्थिति में कितने नवीन भवन स्वीकृत किए गए हैं, केंद्र के नाम सहित जानकारी देवें, कितना भवन निर्माण किया जाना शेष है, कब तक पूर्ण किए जाएँगे?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** 30 जून 2025 की स्थिति में 03 नवीन भवन स्वीकृत किए गए हैं। केन्द्र का नाम **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है। निर्माणाधीन भवन पूर्ण किये जाने हेतु समयसीमा बताया जाना सभंव नही है।
[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]

जिला बेमेतरा अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग में डीएमएफ के तहत स्वीकृत राशि एवं कार्य

[महिला एवं बाल विकास]

20. (*क्र. 947) श्री दीपेश साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बेमेतरा में जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कितनी-कितनी राशि किस-किस कार्य हेतु, किस-किस दिनांक को स्वीकृत की गयी है? विधानसभावार विस्तृत जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के प्रकाश में उक्त कार्य क्या शासन की किसी योजना के क्रियान्वयन हेतु स्वीकृत किये गये हैं अथवा नहीं? यदि हां तो इस योजना व कार्यों से बेमेतरा जिले के कुल कितने लोग लाभान्वित हुये हैं? विधानसभावार विस्तृत जानकारी देवें? **(ग)** प्रश्नांश ''क'' के प्रकाश में उक्त कार्यों की स्वीकृति हेतु अनुशंसा विभाग से मंगायी गयी है अथवा प्राधिकृत अधिकारी ने स्वविवेकाधिकार से कार्य स्वीकृत किये हैं या इसके लिये कोई समिति गठित की गई है अथवा नहीं? क्या जनप्रतिनिधि की अनुशंसा से उक्त विभाग में जिला खनिज न्यास मद से विकास कार्य स्वीकृत किये जा सकते हैं अथवा नहीं?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) बेमेतरा जिले में जिला खनिज न्यास निधि मद से वर्ष 2024-25 में दिनांक 02.12.2024 को ''0 से 05 वर्ष के कुपोषित बच्चों को हेतु हेल्थ फ्राइडे के तहत स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर में दवाई सुपोषण कार्ड हेतु'' 54 लाख रूपये तथा ''आंगनबाड़ी केन्द्रों को माडल आंगनबाड़ी केन्द्र में परिवर्तित करने के संबंध में'' 19.12.2024 को एक करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत किये गये हैं। विधानसभावार स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है।**(ख)** जी हां।जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसारहै। **(ग)** जी हां। छ.ग. खनिज संस्थान न्यास नियम 2015 में निहित प्रावधान अनुसार शासी परिषद एवं प्रबंधकारिणी समिति गठित है। विवरण निम्नानुसार है:-कलेक्टर अध्यक्ष, तीन जनप्रतिनिधि (व्यवस्थापक द्वारा नामांकित), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, पुलिस अधीक्षक, वन मंडलाधिकारी, उपसंचालक (खनिज प्रशासन)/खनिज अधिकारी, उपसंचालक पंचायत, अधीक्षण यंत्री/कार्यपालन यंत्री, छ.ग. राज्य पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उपसंचालक कृषि, उप/सहायक संचालक उद्यानिकी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला रोजगार अधिकारी, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सदस्य के रूप में नामांकित है जिनके द्वारास्वीकृति प्रदान की गईहै। **[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]**

प्रदेश में धान की खरीदी तथा उठाव

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

21. (*क्र. 989) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- धान खरीदी वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ में कितने धान की खरीदी हुई है? जिसमें से कितने धान का उठाव हुआ है तथा कितने संग्रहण केंद्रों में कितने धान का उठाव बचा है? बचत धान का क्या होगा? जानकारी देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) :धान खरीदी वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ में 149.25 लाख मेट्रिक टन धान की खरीदी हुई है । जिसमें से दिनांक 03.07.2025 की स्थिति में उपार्जन केंद्रों से 148.45 लाख मेट्रिक टन धान का उठाव हुआ है । प्रदेश के 78 संग्रहण केंद्रों में 25.73 लाख मेट्रिक टन धान का उठाव बचा है । बचत धान का उठाव प्रक्रियाधीन है।

प्रदेश के जिलों में कार्यरत प्रभारी खाद्य अधिकारी

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

22. (*क्र. 897) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खाद्य विभाग में कितने जिलों में नियमित खाद्य अधिकारी एवं कितने जिलों में प्रभारी खाद्य अधिकारी कार्यरत हैं? **(ख)** क्या यह सही है कि जिला जांजगीर-चॉपा तथा सारंगढ़ जिला में पद क्रम में नीचे क्रम के सहायक खाद्य अधिकारी को प्रभारी खाद्य अधिकारी बनाया गया है? **(ग)** यदि प्रश्नांश (ख) सही है तो सामान्य प्रशासन विभाग के किस नियम के तहत उक्त पदस्थापना आदेश जारी किया गया है तथा उपरोक्त अनियमितता का सुधार कब तक कर लिया जावेगा? जानकारी देवें? **(घ)** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र, 2025 में अतारांकित प्रश्न संख्या 20 (क्रमांक 831), दिनांक 04/03/2025 में खाद्य मंत्री जी द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग के स्थायी निर्देश क्रमांक 9-2/2011/1-3 रायपुर, दिनांक 4 अगस्त, 2011 के विपरीत राज्य स्तरीय वरिष्ठता सूची के ऊपर के अधिकारियों को बायपास करके कनिष्ठ सहायक खाद्य अधिकारी को खाद्य अधिकारी/खाद्य नियंत्रक का प्रभार देने में हुई त्रुटि के सुधार के आश्वासन पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई? यदि कार्यवाही नहीं की गयी है, तो कब तक कार्यवाही पूर्ण कर ली जायेगी? जानकारी देवें।

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) खाद्य विभाग में प्रदेश के 20 जिलों में नियमित खाद्य नियंत्रक/खाद्य अधिकारी तथा 12 जिलों में प्रभारी खाद्य अधिकारी कार्यरत हैं। **(ख)** जी नहीं । **(ग)** (ख) लागू नही होने के कारण प्रश्न उद्भूत नहीं होता। **(घ)** छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र 2025 में अतारांकित प्रश्न (क्रमांक 831) दिनांक 04.03.2025 द्वारा दिए गये प्रश्न के उत्तर में 16 सहायक खाद्य अधिकारियों को प्रभारी खाद्य अधिकारी के रूप में पदस्थापना अथवा प्रभार प्रशासकीय आधार पर सौंपा गया था । ''इन खाद्य अधिकारियों/ वरिष्ठ सहायक खाद्य अधिकारियों की जिलों में पदस्थापना कर प्रभार देने के इन निर्देशों का पालन यथाशीघ्र किया जाएगा'' उत्तर में दिया गया था। उपरोक्त के तारतम्य में 16 जिलों में से 07 जिलों में नियमित खाद्य अधिकारी पदस्थ किया गया है तथा 08 जिलों में वरिष्ठ सहायक खाद्य अधिकारी को जिलें में प्रभार प्रशासकीय आधार पर सौपा गया है तथा उनमे से शेष 01 जिले (कोण्डागांव) में नियमित/वरिष्ठ सहायक खाद्य अधिकारी की पदस्थापना पदोन्नति/नवीन भर्ती पदस्थापना के द्वारा किया जायेगा।

शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का भौतिक सत्यापन

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

23. (*क्र. 943) श्री राजेश अग्रवाल : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राज्य मे संचालित समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों का भौतिक सत्यापन अंतिम बार कब किया गया था? क्या यह सत्य है कि दुकानों में अनियमित वितरण, समय पर दुकान न खोलने एवं अपात्र हितग्राहियों को राशन देने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? **(ख)** क्या उचित मूल्य दुकानों का नियमित निरीक्षण एवं सत्यापन सुनिश्चित करने हेतु कोई वार्षिक या त्रैमासिक कार्यकर्म निर्धारित करने का विचार है? **(ग)** क्या किसी स्थानों पर दुकानों का संचालन नियमों के विरुद्ध निजी व्यक्तियों या अपात्र समितियों के माध्यम से किया जा रहा है? यदि हाँ तो अब तक ऐसे कितने प्रकरण सामने आए हैं और विभागों द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? विवरण देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकानों का भौतिक सत्यापन 31 मार्च 2025 की स्थिति में अप्रैल 2025 में किया गया है। वर्ष 2025-26 में अप्रैल 2025 से जून 2025 तक उचित मूल्य दुकानों में अनियमित वितरण, समय पर दुकान ना खोलने एवं अपात्र हितग्राहियों को राशन देने के संबंध में 1105 शिकायतें प्राप्त हुई है। **(ख)** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों के मासिक निरीक्षण एवं स्टॉक का वार्षिक सत्यापन किये जाने का प्रावधान है। **(ग)** जी नहीं। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।

बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में संचालित जर्जर आँगनबाड़ी केंद्र

[महिला एवं बाल विकास]

24. (*क्र. 955) श्री सुशांत शुक्ला : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** फरवरी-मार्च, 2025 सत्र के दिनांक 4 मार्च, 25 की प्रश्नोत्तरी सूची में अंकित बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जर्जर आंगनबाड़ी भवनों के संबंध में पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 40 (क्र-1020) के उत्तर में 130 आंगनबाड़ी भवन मरम्मत योग्य होने एवं 23 आंगनबाड़ी भवन जर्जर अवस्था में होने तथा जर्जर 23 आंगनबाड़ी भवनों को डिसमेंटल करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होना बताया गया था । क्या उक्त 23 आंगनबाड़ी भवनों को डिसमेंटल कर दिया गया है? यदि नहीं तो कारण बताएं? **(ख)** आंगनबाड़ी भवनों को डिसमेंटल करने की क्या प्रक्रिया/नियम/दिशानिर्देश हैं? **(ग)** प्रश्नांश "क" के 130 आंगनबाड़ी भवनो में कितने भवनों का मरम्मत कार्य कर दिया गया है? कितने भवनों का मरम्मत कार्य शेष है? मरम्मत कार्य में कितनी राशि का व्यय संभावित है? मरम्मत कब तक पूर्ण कर ली जावेगी?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जी नहीं, 23 जर्जर आंगनबाड़ी भवनों को डिसमेंटल करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन हैं। **(ख)** वित्तीय अधिकार पुस्तिका भाग-1 खण्ड-1(10) में दिये गये प्रावधान अनुसार जिला कलेक्टर द्वारा लोक निर्माण विभाग की सलाह पर नियमानुसार भवनों को निष्प्रयोजित करने की कार्यवाही की जा सकती है। **(ग)** प्रश्नांश "क" के भवनों में से किये गये मरम्मत कार्य की संख्या निरंक है। तकनीकी प्राक्कलन के आधार पर मरम्मत कार्य की राशि निर्धारित होती है। आंगनबाड़ी भवन मरम्मत की स्वीकृति वित्तीय संसाधनो की उपलब्धता के आधार पर दी जाती है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

आंगनबाड़ियों में सामग्री खरीदी व आपूर्ति

[महिला एवं बाल विकास]

25. (*क्र. 987) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव व मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में आंगनबाड़ियों में वित्तीय सत्र 2024-25 में योजनाओं व स्वीकृतियों अनुसार किस-किस सामग्री की खरीदी व आपूर्ति की गई है? परियोजनावार जानकारी उपलब्ध कराएं? **(ख)** उक्त जिलों में इस वित्तीय सत्र में आंगनबाड़ियों में स्वच्छता सामग्री की आपूर्ति किस एजेंसी/फर्म द्वारा की गई? इसमें किस मात्रा में क्या-क्या सामग्री की आपूर्ति की गई? इनका किस दर पर भुगतान किया गया? परियोजनावार जानकारी दें? उक्त खरीदी में क्या छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित भंडारण एवं क्रय नियम का पालन किया गया है? निविदा किस माध्यम से कब निकाली गई? विज्ञापन कब और किस माध्यम से जारी किया गया? निविदा में कितनी फर्म/एजेंसियां सम्मिलित हुई? **(ग)** इन जिलों में आंगनबाड़ियों से शिकायतों से संबंधित जांच की क्या स्थिति है? क्या इस पर कोई कार्रवाई की गई है? इसकी जानकारी देवें।

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) :(क) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है। (ख)जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है। सभी सामग्री राज्य भण्डार क्रय नियम के प्रावधानों के अनुसार जेम पोर्टल/सीमित निविदा के माध्यम से क्रय की गई है। विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** में दिया गया है। **(ग)** आंगनबाड़ियों में सामग्री प्रदाय/संचालन के संबंध में केवल राजनांदगांव जिले की एक आंगनबाड़ी केन्द्र में पुराने सामग्री प्रदाय की सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से मिली थी। उक्त शिकायत पर संबंधित आंगनबाड़ी केन्द्र में सामग्री बदलकर कर प्रदाय की गई है तथा प्रदायकर्ता को भविष्य के लिए प्रतिबंधित करने की कार्यवाही की जा रही है। शेष स्थानों में कोई शिकायत नहीं मिली है।

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

<u>प्रदेश में धान खरीदी का लक्ष्य</u>

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

1. (क्र. 29) श्री अजय चंद्राकर : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खरीफ वर्ष 2024-25 में कितनी मात्रा में धान खरीदी करने का लक्ष्य रखा गया था? उसके विरूद्ध कितनी मात्रा में धान खरीदी की गयी? **(ख)** खरीफ वर्ष 2024-25 में केन्द्रीय पूल एवं राज्य पूल में कितनी-कितनी मात्रा में, चावल जमा करने का लक्ष्य रखा गया है? लक्ष्य के विरूद्ध 15 जून, 2025 की स्थिति में कितनी-कितनी मात्रा मे चावल जमा किया जा चुका है? तथा कितना बकाया है जमा करने हेतु समायावधि क्या तय की गयी है? **(ग)** क्या राज्य सरकार द्वारा बकाया धान की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है? यदि हां तो कितनी मात्रा धान की नीलामी करने का निर्णय लिया है? नीलामी की नियम-शर्ते क्या हैं तथा किन-किन प्रकार के धान की, दर, किस आधार पर, कितनी-कितनी तय की गयी है तथा उसका बाजार मूल्य कितना है दिनांक 15 जून, 2025 की स्थिति में कितनी मात्रा धान की नीलामी की जा चुकी है और कितना शेष है? **(घ)** उक्त खरीफ वर्ष में कितनी मात्रा धान अमानक हुये हैं? उसका मूल्य कितना होता है तथा किन-किन कारणों से अमानक हुये?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में कुल 160 लाख मे.टन धान खरीदी का अनुमान रखा गया था। उसके विरूद्ध 149.25 लाख मे.टन धान कि खरीदी की गई है। **(ख)** खरीफ वर्ष 2024-25 में केन्द्रीय पूल में 70 लाख मे.टन एवं राज्य पूल में 9.71 लाख मे.टन चावल मात्रा जमा करने का लक्ष्य रखा गया है । लक्ष्य के विरूद्ध 15 जून, 2025 की स्थिति में केन्द्रीय पूल में 25.72 लाख मे.टन एवं राज्य पूल में 6.6 लाख मे.टन कस्टम मिलिंग कर चावल जमा कर दिया गया है तथा केन्द्रीय पूल में 44.28 लाख मे.टन एवं राज्य पूल में 3.11 लाख मे.टन चावल जमा किया जाना शेष है। कस्टम मिलिंग कर चावल जमा किये जाने की समयावधि 30 नवम्बर 2025 तय की गयी है। **(ग)** राज्य सरकार द्वारा 40 लाख टन की सीमा तक अतिशेष धान की नीलामी का निर्णय लिया गया है । विपणन संघ द्वारा 36.12 लाख मे.टन धान को ई-ऑक्शन प्लेटफार्म पर जारी किया गया है। मंत्री मंडलीय उप समिति द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार ई-ऑक्शन प्लेटफार्म के माध्यम से ऑक्शन/मंत्री मंडलीय उप समिति द्वारा निर्धारित दर पर प्राईस मैचिंग के माध्यम से एवं खरीफ वर्ष 2023-24 मे राईस मिलरों के कस्टम मिलिंग देयकों का समायोजन अतिशेष धान के प्रदाय के माध्यम से किया जा रहा है। मंत्री मंडलीय उप समिति द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार खरीफ वर्ष 2023-24 मे न्यूनतम 02 माह के मिलिंग क्षमता का उपयोग करने वाले राईस मिलरों के कस्टम मिलिंग देयकों का समायोजन अतिशेष धान के प्रदाय के माध्यम से किया जा रहा है। मिलर द्वारा 1:1 के आधार पर पहले खरीफ वर्ष 2024-25 के अतिशेष धान क्रय करने हेतु राशि विपणन संघ के पास जमा करने पर उतने ही राशि का समायोजन मिलर के खरीफ वर्ष 2023-24 के देय बिल से किया जा रहा है, एवं धान का परिदान एन.आई.सी. माड्यूल के माध्यम से मिलर को किया जा रहा है। नीलामी के प्रमुख नियम व शर्ते **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। धान के प्रकार अनुसार मंत्री मंडलीय उपसमिति द्वारा निर्धारित दर का विवरण निम्न तालिका अनुसार है-

विवरण	कॉमन		ग्रेड-ए	
	नया बारदाना	पुराना बारदाना	नया बारदाना	पुराना बारदाना
एक क्विंटल धान की कीमत (बारदाना सहित)	1950 रूपये प्रति क्विंटल अथवा इससे अधिक दर	1900 रूपये प्रति क्विंटल अथवा इससे अधिक दर	2100 रूपये प्रति क्विंटल अथवा इससे अधिक दर	2050 रूपये प्रति क्विंटल अथवा इससे अधिक दर

धान का जिलेवार मंडियों में प्रचलित बाजार मूल्य **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है। दिनांक 15 जून 2025 की स्थिति में 9.17 लाख मे.टन.मात्रा धान के उठाव हेतु बॉयर आर्डर जारी किया जा चुका है तथा 22.31 लाख मे.टन.धान की मात्रा शेष है। **(घ)** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान का निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। संपूर्ण धान के निराकरण होने के पश्चात् ही वस्तुस्थिति ज्ञात हो सकेगी। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नही होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

केंद्रीय पूल में जमा किया जाने वाला चावल का लक्ष्य व पूर्ति

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

2. (क्र. 114) श्री भूपेश बघेल : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- कृषि विपणन वर्ष 2024-25 में केंद्रीय पूल में जमा किये जाने वाले चावल का लक्ष्य एवं निर्धारित समय सीमा क्या निर्धारित है? जून, 2025 की स्थिति में लक्ष्य के विरूद्व कितना चावल जमा किया जा चुका है? शेष चावल कब तक जमा कर लिया जायेगा?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में केंद्रीय पूल में चावल जमा हेतु 70.00 लाख मे.टन लक्ष्य निर्धारित किया गया है एवं चावल जमा की समय सीमा 30.11.2025 निर्धारित है। 30 जून, 2025 की स्थिति में लक्ष्य के विरूद्ध 29.33 लाख मे. टन चावल जमा किया जा चुका है। शेष चावल जमा करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

विकलांगता पेंशन के पात्र हितग्राहियों के पेंशन प्रकरण

[समाज कल्याण]

3. (क्र. 424) श्री जनक ध्रुव : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राज्य में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत विकलांगता पेंशन की पात्रता हेतु किस वर्ष की सर्वे सूची मान्य है? **(ख)** क्या कंडिका (क) में उल्लेखित सर्वे वर्ष के बाद जन्म लेने वाले पात्र दिव्यांग हितग्राहियों हेतु पेंशन प्रकरण स्वीकृत करने के लिए शासन द्वारा कोई प्रावधान रखा गया है? यदि हां, तो जानकारी देवें, यदि नहीं तो कब तक विकलांग पेंशन स्वीकृति हेतु नियम बना लिए जाएंगे?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) राज्य में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए संचालित पेंशन योजनाओं की पात्रता हेतु ग्रामीण क्षेत्रों के लिए गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की सर्वे सूची वर्ष 2002 तथा शहरी क्षेत्रों के लिए वर्ष 2007-08 मान्य है । **(ख)** जी हाँ । सर्वे वर्ष के बाद जन्म लेने वाले दिव्यांग व्यक्ति के परिवार का नाम यदि पूर्व से ही गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की सर्वे सूची वर्ष 2002 अथवा शहरी क्षेत्रों के लिए वर्ष 2007-08 की सर्वे सूची में है, तो वह भी पेंशन के लिए पात्रता रखते हैं ।

विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत संचालित मिनी व मुख्य आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों की स्थिति

[महिला एवं बाल विकास]

4. (क्र. 426) श्रीमती गोमती साय : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव अंतर्गत 15 जून 2025 की स्थिति में विकासखंडवार स्वयं के भवन में एवं किराये या अन्य भवनों में कहॉ-कहॉ पर मिनी व मुख्य आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं तथा कितने आंगनबाड़ी केन्द्र जर्जर/मरम्मत किये जाने योग्य स्वयं के भवनों में संचालित किये जा रहे हैं? केन्द्रवार, स्थानवार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' अनुसार किराये या अन्य भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु स्वयं का भवन का निर्माण एवं जर्जर/मरम्मत किये जाने योग्य भवनों का निर्माण कब तक कराया जावेगा तथा मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों को मुख्य आंगनबाड़ी केन्द्रों में उन्नयन/अपग्रेड कब तक किया जावेगा? केन्द्रवार जानकारी देवें।

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) 15 जून 2025 की स्थिति में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की विकासखण्डवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-अ** अनुसारहै। कुल 297 आंगनबाड़ी केन्द्र मरम्मत किये जाने योग्य स्वयं के भवन में संचालित हैं। विवरण **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-ब** अनुसारहै। **(ख)** कंडिका ''क'' अनुसार किराये या अन्य भवनों में संचालित 157 आंगनबाड़ी केन्द्रों में भवन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। आंगनबाड़ी भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य की स्वीकृति वित्तीय संसाधनो की उपलब्धता के आधार पर दी जाती है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। सभी मिनीआंगनबाड़ीकेन्द्रों को मुख्य आंगनबाड़ी केन्द्रों में उन्नयन/अपग्रेड कर दिया गया है।

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों की स्थिति

[महिला एवं बाल विकास]

5. (क्र. 445) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कितनी संख्या में आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन हैं अथवा अत्यंत जर्जर भवनों में संचालित हैं? **(ख)** वर्तमान में ऐसे कितने आंगनबाड़ी केंद्र हैं जो पक्के भवन से वंचित हैं या जर्जर भवनों में चल रहे हैं, और उनमें से कितनों के लिए नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है? **(ग)** क्या विभाग द्वारा इन भवनविहीन/जर्जर भवनों वाले आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थल निरीक्षण रिपोर्ट, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा पर कार्य योजना प्रस्तावित की गई है? **(घ)** क्या सरकार ने वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लिए बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु विशेष मरम्मत अभियान या नवीन भवन निर्माण योजना बनाई है? यदि हाँ, तो उसके अंतर्गत कितने केंद्र लाभान्वित होंगे?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 169 आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन हैं। अत्यंत जर्जर भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की जानकारी निरंक है। **(ख)** वर्तमान में 169 आंगनबाड़ी केंद्र पक्के भवन से वंचित हैं। इनमें से 87 केन्द्र के लिए नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। **(ग)** जी हां। नवीन आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा प्राप्त होने पर परीक्षण कराकर कार्य योजना में शामिल किया जाता है। **(घ)** जी हां, वर्ष 2023-24 में 21 एवं वर्ष 2024-25 में 33 भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

महिला बाल विकास विभाग द्वारा क्रय की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता

[महिला एवं बाल विकास]

6. (क्र. 449) श्री जनक ध्रुव : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महिला बाल विकास विभाग द्वारा जिलों को प्रदाय की जाने वाली वस्तुओं की गुणवत्ता के सत्यापन हेतु क्या प्रावधान है? **(ख)** क्या इसके लिए महिला बाल विकास अथवा शासन के किसी अन्य विभाग से गुणवत्ता सत्यापन हेतु सत्यापनकर्ता नियुक्त किए गए हैं? यदि नहीं तो कब तक कर लिए जाएंगे? **(ग)**वर्ष 2024-25 में विभाग द्वारा क्रय की गई सामग्रियों की कितनी राशि का भुगतान बगैर गुणवत्ता सत्यापन के किया गया है? जानकारी देवें।

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) निविदा शर्तों के आधार सामग्रियों के प्रदाय पूर्व एवं प्रदाय पश्चात् गुणवत्ता सत्यापन का प्रावधान रखा गया है। **(ख)** जी हां। गुणवत्ता सत्यापन एवं तकनीकी परीक्षणों के लिए बाह्य एजेंसियों की सेवाएं ली गई है। **(ग)** गुणवत्ता परीक्षण एवं प्रदाय पूर्व सामग्री के लैब टेस्ट रिपोर्ट के पश्चात् ही भुगतान किया गया है।

राइस मिलर्स के विरुद्ध कार्यवाहियाँ

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

7. (क्र. 455) श्री दिलीप लहरिया : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- खरीफ वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में राइस मिलर्स के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम तथा उसके तहत जारी आदेशों के अंतर्गत विभाग द्वारा क्या कार्यवाहियाँ की गई है? जिलेवार, मिलरवार जानकारी प्रदान करें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) :खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में आवश्यक वस्तु अधिनियम तथा उसके तहत जारी आदेशों के अंतर्गत विभाग द्वारा राइस मिलर्स के विरुद्ध की गयी कार्यवाही की वर्षवार एवं जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है।

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में दिव्यांगजनों को पेंशन एवं सहायक उपकरण का प्रदाय

[समाज कल्याण]

8. (क्र. 456) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कितने दिव्यांगजन जिन्होंने पेंशन हेतु आवेदन किया है, किन्तु अब तक दिव्यांग पेंशन से वंचित हैं,की संख्यात्मक जानकारी दें? **(ख)** विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र, बैसाखी एवं अन्य सहायक उपकरण वर्ष 2023 से 20 जून, 2025 में कब-कब उपलब्ध कराए गए? यदि नहीं तो कब तक उपलब्ध कराएं जाएंगे? **(ग)** क्या विभाग द्वारा क्षेत्र में दिव्यांग पंजीयन शिविर, उपकरण वितरण शिविर या पुनर्वास योजना के अंतर्गत कोई विशेष अभियान चलाया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पेंशन हेतु आवेदन किये गए कोई भी दिव्यांगजन दिव्यांग पेंशन-से वंचित नहीं हैं। **(ख)** विभाग द्वारा वर्ष 2023 से 20 जून, 2025 तक दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, ट्राईसाईकिल, श्रवण यंत्र. बैसाखी एवं अन्य सहायक उपकरण दिनांक 22-08-2024, 06-09-2024, 16-12-2024, 05-03-2025, 08-03-2025 एवं 14-05-2025 को उपलब्ध कराये गए है। प्रश्न उपस्थित नहीं होता । **(ग)** जी हाँ, समय-समय पर शिविर आयोजित किये जाते हैं। प्रश्न उपस्थित नहीं होता ।

जिला धमतरी स्थित राशन दुकानों में सामग्रियों के सत्यापन उपरान्त पायी गई कमी

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

9. (क्र. 460) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला धमतरी के सार्वजनिक वितरण प्रणाली की राशन दुकानों में 20 जून, 2025 के बचत स्टॉक का सत्यापन कब-कब किया गया है? सत्यापन उपरान्त कौन-कौन सी राशन सामग्री, कितनी-कितनी मात्रा में कम पायी गई है? विकासखण्ड बतावें। **(ख)** राशन दुकानों में पायी गई स्टॉक की कमी के लिए कौन-कौन जिम्मेदार है एवं इनके विरूद्ध विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) धमतरी जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 20 जून 2025 की स्थिति में उचित मूल्य दुकानों में बचत स्टॉक का सत्यापन नहीं कराया गया है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।**(ख)** प्रश्नांश 'क' की जानकारी के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

आंगनबाड़ी भवनों/केन्द्रों की भौतिक व वित्तीय जानकारी

[महिला एवं बाल विकास]

10. (क्र. 461) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-धमतरी अंतर्गत विगत 3 वर्षो में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र, आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत एवं निर्मित हुए है, की जानकारी प्रदान करने का कष्ट करें? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अंतर्गत वर्तमान में कितने केन्द्र भवन-विहीन, जर्जर स्थिति में है और इस स्थिति में केन्द्र संचालित है या नहीं? यदि हॉ, तो किन शासकीय/अशासकीय भवनों में संचालित है? **(ग)** क्या सत्र 2022-23 से 2024-25 में प्रशनांश ''क'' के आंगनबाड़ी केन्द्रों में खेल व शिक्षण सामग्री प्रदाय या क्रय की गई? यदि हॉ, तो सामग्री का केन्द्रवार विवरण उपलब्ध कराया जावें? **(घ)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कितनी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बाउंड्रीवॉल नहीं है? यदि नहीं, है तो क्या कारण है एवं इसके निराकरण की क्या योजना व स्थिति है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जिला-धमतरी अंतर्गत विगत 3 वर्षों में 58 आंगनबाड़ी केन्द्र, 100 आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत एवं 36 भवन निर्मित हुए है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अंतर्गत वर्तमान में 285 केन्द्र भवन-विहीन है जिसमें से 110 जर्जर स्थिति में है। भवन विहीन केन्द्र किराये के भवन, अन्य शासकीय भवन एवं सामुदायिक भवन में संचालित है। **(ग)** जी हां, आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों के बौद्धिक एवं कौशल विकास हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिला के सभी 1102 आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला के 965 आंगनबाड़ी केन्द्रों (सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र में उन्नयन हेतु चिन्हांकित केन्द्रों को छोडकर) में प्री स्कूल कीट का प्रदाय किया गया है। वर्ष 2024-25 में प्री स्कूल कीट प्रदाय नहीं किया गया है। केन्द्रवार विवरण **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है। (घ)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 25 आंगनबाड़ी केन्द्रों में बाऊण्ड्रीवाल नहीं है। आंगनबाड़ी भवनों में पृथक से बाऊण्ड्रीवाल का निर्माण हेतु बजट प्रावधान नहीं है। आंगनबाड़ी भवनों में स्थानीय मदों की राशि से बाऊण्ड्रीवाल निर्माण कराये जाने हेतु प्रयास किया जाता है।

रवी फसल की धान खरीदी की योजना

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

11. (क्र. 487) श्री देवेन्द्र यादव : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या प्रदेश में रबी फसल की धान खरीदी की कोई योजना बनाई गई है? यदि हां तो प्रदेश के कितने किसानों द्वारा रवी फसल की धान बेची गई है? जानकारी देवें? **(ख)** प्रदेश में कुल कितने किसानों से कितने क्विंटल रबी

फसल की धान खरीदी दिनांक 04.06.2023 से दिनांक 15 जून, 2025 तक की गयी हैं? जिलेवार जानकारी देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) रबी फसल की धान खरीदी की कोई योजना संचालित नही है । अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नही होता ।**(ख)** प्रश्न उपस्थित नही होता ।

मार्कफेड में अतिरिक्त व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु जारी राशि

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

12. (क्र. 491) श्री देवेन्द्र यादव : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24,व 2024-25 में मार्कफेड को हानि प्रतिपूर्ति एवं मार्कफेड को हुए अतिरिक्त व्यय की प्रतिपूर्ति मदों में कब-कब, कितनी-कितनी राशि जारी की गई है? वर्षवार जानकारी देवें। **(ख)** उपरोक्त जारी की गई राशि मार्कफेड को कब-कब उपलब्ध करायी गई है? जानकारी देवें। **(ग)** उपरोक्त मदों के अंतर्गत जारी राशि का भुगतान, किन-किन मदों में कब-कब किया गया है, खरीफ विपणन वर्षवार जानकारी देवें।

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 व 2024-25 में मार्कफेड को हानि प्रतिपूर्ति एवं मार्कफेड को हुए अतिरिक्त व्यय की प्रतिपूर्ति मदों में जारी की वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** मार्कफेड को राशि कब-कब उपलब्ध करायी की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** उपरोक्त मदों के अंतर्गत जारी राशि का भुगतान विपणन संघ के ऋण के पुनर्भुगतान हेतु किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]

जिला रायगढ़ अंतर्गत धान खरीदी

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

13. (क्र. 504) श्री उमेश पटेल : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** चालू वर्ष के धान खरीदी में रायगढ़ जिलान्तर्गत कितने धान खरीदी केंद्रों में कितने धान की कमी आई? सत्यापन के पश्चात् कितना बोगस खरीदी हुआ? क्या कार्यवाही की गयी जानकारी देवें? **(ख)** जून, 2025 तक प्रदेश के कितने संग्रहण केंद्रों में, कितना धान नीलाम हुआ है और कितना शेष है? क्या संग्रहण केंद्रों में सुखत एवं अन्य मौसम संबंधी कारणों से धान में कमी आई है जानकारी दें? **(ग)** खरीदी मूल्य और नीलामी मूल्य में कितने का अंतर है? राज्य सरकार को किस कारण से कितने का नुकसान हुआ? जानकारी देवें।

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) चालू वर्ष (खरीफ विपणन वर्ष 2024-25) में रायगढ़ जिले के धान खरीदी केन्द्रों का भौतिक सत्यापन करने पर 3 धान उपार्जन केन्द्रों में धान की मात्रा में कमी पायी गयी। कमी पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। धान में कमी की मात्रा एवं की गयी कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जून, 2025 तक प्रदेश के 74 धान संग्रहण केन्द्रों से 12.43 लाख मे. टन धान का बायर आर्डर जारी किया गया है। तथा 19.05 लाख मे. टन धान शेष है। वर्तमान में धान निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। संपूर्ण धान का निराकरण पश्चात् सूखत/कमी की मात्रा ज्ञात हो सकेगी। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता। **(ग)** खरीदी मूल्य एवं नीलामी मूल्य में अंतर की जानकारी निम्नानुसार है -

क्रमांक	विवरण	भारत सरकार द्वारा धान के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य रूप प्रति क्विंटल में	शासन द्वारा नीलामी करने हेतु निर्धारित दर एक क्विंटल धान की कीमत (बारदाना सहित) रूपए प्रति क्विंटल में		अंतर की राशि रूपए में
1	धान कॉमन	2300	नया बारदाना	1950	350
			पुराना बारदाना	1900	400
2	धान ग्रेड-ए	2320	नया बारदाना	2100	220
			पुराना बारदाना	2050	270

वर्तमान में धान नीलामी की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। संपूर्ण अतिशेष धान की नीलामी होने के पश्चात् वास्तविक स्थिति ज्ञात हो सकेगी।

[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]

प्रदेश में महतारी वंदन योंजना में पंजीकृत महिलाएं

[महिला एवं बाल विकास]

14. (क्र. 515) श्री भोलाराम साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में महतारी वंदन योंजना अंतर्गत 31.05.2025 की स्थिति में पंजीकृत महिलाओं की संख्या कितनी है और कितनें महिलाओं को उक्त योंजना का लाभ प्राप्त हो रहा है? जिलेवार पृथक-पृथक जानकारी देवें? **(ख)** ''सुशासन तिहार 2025'' के दौरान कितनें महिलाओं ने उक्त योंजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया? कितने आवेदन निराकरण/निरस्त/लंबित किये गये हैं? जिलेवार पृथक-पृथक विवरण देवें? **(ग)** क्या प्रश्नांक ''ख'' के अनुसार निराकृत आवेदन पर महिलाओं को महिला वंदन योंजना का लाभ मिल रहा है? यदि हॉ तो कब से दिया जा रहा है? यदि नही तो क्यों, स्पष्ट करें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) प्रदेश में महतारी वंदन योजना अंतर्गत 31.05.2025 की स्थिति में लाभ हेतु पंजीकृत हितग्राहियों की संख्या 69,42,478 है, माह जून 2025 की स्थिति में 69,30,041 महिलाओं को भुगतान अनुमोदित करते हुए योजना का लाभ दिए जाने की कार्यवाही की गयी है। जिलेवारजानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसारहै। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र- 'ब'** अनुसारहै। **(ग)** जी नहीं, महतारी वंदन योजना के अंतर्गत नए हितग्राहियों को लाभ दिए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गयी है, अतः लाभ नहीं मिल रहा है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]

भवन युक्त एवं भवन विहीन आंगनबाड़ी केंन्द्र

[महिला एवं बाल विकास]

15. (क्र. 516) श्री भोलाराम साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिलें मे कुल संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में से कितने भवनयुक्त व भवन विहीन हैं? विधानसभावार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' के परिपेक्ष्य में वर्ष 2023-24 से 20 जून 2025 तक कितनें भवन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है? कितने पूर्ण/अपूर्ण/अप्रारंभ हैं, की जानकारी वर्षवार, विधानसभावार देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** कंडिका ''क'' के परिपेक्ष्य में वर्ष 2023-24 से 20 जून 2025 तक 171 भवन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

<u>प्रदेश में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर कार्यरत शासकीय सेवकों पर कृत कार्यवाही</u>

[समाज कल्याण]

16. (क्र. 536) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में जून, 2025 की स्थिति में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर शासकीय नौकरी प्राप्त करने के किन-किन विभाग से कितने प्रकरण/शिकायत जांच हेतु प्राप्त हुए हैं? जिलावार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश (क) में प्राप्त प्रकरण/शिकायत पर जांच उपरांत कितने प्रकरण में शिकायत सही पाई गई? विभागवार जानकारी देवें तथा दोषियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) एवं **(ख) जानकारी संकलित की जा रही है ।**

<u>मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत लाभान्वित हुए हितग्राहियों तथा योजना अंतर्गत व्यय</u>

[महिला एवं बाल विकास]

17. (क्र. 544) श्री ओंकार साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के संचालन में विगत तीन वर्षों (वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-26) वर्षवार एवं जिलेवार लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या तथा वहन की गई कुल राशि का विवरण दें इस योजना हेतु बजट में कितनी राशि स्वीकृत की गई थी एवं उसमें से कितनी राशि व्यय की गई?वर्षवार जानकारी दें। **(ख)** क्या उपरोक्त योजना अंतर्गत विगत तीन वर्षों में धमतरी जिले में विवाह समारोहों का आयोजन किया गया है? यदि हां, तो तिथिवार, ग्राम/नगरवार एवं आयोजन स्थलवार आयोजित कार्यक्रमों की सूची प्रत्येक कार्यक्रम में वहन की गई कुल राशि, लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या, सहित विवरण दें? **(ग)** क्या मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के क्रियान्वयन में विगत 03 वर्षो में किसी प्रकार की वित्तीय या प्रशासनिक अनियमितताओं की शिकायत प्राप्त हुई है अथवा किसी ऑडिट रिपोर्ट या विभागीय जांच में कोई विसंगतियां पाई गई हैं? यदि हां, तो दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों पर क्या विभागीय/विधिक कार्रवाई की गई जानकारी दें।

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत विगत तीन वर्षों (वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-26) में लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या तथा व्यय की गई कुल राशि की वर्षवार एवं जिलेवारजानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसारहै। योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में 38.00 करोड़ रूपये की राशि का बजट प्रावधान किया गया जिसमें से 36,36,83,043/- रूपये की राशि आहरित की गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 39.00 करोड़ रूपये की राशि का बजट प्रावधान किया गया जिसमें से 38,99,07,741/- रूपये की राशि आहरित की गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में 40.00 करोड़ रूपये की राशि का बजट प्रावधान किया गया जिसमें से 10 जुलाई 2025 तक 4,44,47,950/- रूपये की राशि आहरित की गई है। **(ख)** जी हॉ, विगत तीन वर्षों में धमतरी जिले में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम की तिथिवार, स्थलवार, लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या एवं व्यय राशि कीजानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसारहै। **(ग)** जी हॉ, प्रश्नाधीन अवधि में आंगनबाड़ी केन्द्र प्रेमनगर, जिला-दुर्ग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को पद से पृथक किया गया, संबंधित पर्यवेक्षक क्षेत्र-तीनदर्शन मंदिर का एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोका गया। आंगनबाड़ी केन्द्र कुल्हाडी जिला सरगुजा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को पद से पृथक किया गया तथा संबंधित पर्यवेक्षक क्षेत्र-भगवानपुर जिला-सरगुजा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिला-कांकेर के तत्कालीन प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी को निलंबित किया गया। **[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]**

समाज कल्याण विभाग कार्यालय तथा उनके अधीनस्थ कार्यालय का ऑडिट

[समाज कल्याण]

18. (क्र. 548) श्री ओंकार साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या बजट सत्र वर्ष 2025 में अतारांकित प्रश्न क्रमांक 1030, दिनांक 04/03/2025 के उत्तर अनुसार समाज कल्याण विभाग, धमतरी एवं अधीनस्थ कार्यालयों के ऑडिट प्रतिवेदन में इंगित भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितता, भंडार क्रय नियमों की अवहेलना तथा नियम विपरीत भुगतान जैसे गंभीर विषयों को दृष्टिगत रखते हुए जांच समिति का गठन किया गया है? यदि हां, तो समिति की अध्यक्षता किस अधिकारी द्वारा की जा रही है? समिति द्वारा अब तक की गई कार्यवाही का विवरण दें। जांच में विलंबित का कारण है? **(ख)** क्या उक्त ऑडिट रिपोर्ट में यह स्पष्ट उल्लेख है कि रुपये 76,785/- की जी.एस.टी. तथा रुपये 43,000/- की टी.डी.एस. राशि का भुगतान शासन को नहीं किया गया? यदि हां, तो क्या यह धनराशि संबंधित फर्म/कार्यालय से वसूल कर राज्य कोष में जमा की गई है? यदि हां तो चालान क्रमांक, तिथि तथा भुगतान स्थिति की जानकारी दें। यदि नहीं, तो इस देरी के लिए उत्तरदायी अधिकारी के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जी, हां। उप संचालक (वित्त), समाज कल्याण, संचालनालय की अध्यक्षता में दिनांक 10.02.2025 को जाँच समिति का गठन किया गया है। जाँच समिति द्वारा दिनांक 06.05.2025 को जिला कार्यालय, समाज कल्याण, जिला धमतरी में प्रकरण से संबंधित समस्त दस्तावेज का अवलोकन एवं परीक्षण किया जाकर जॉच रिपोर्ट दिनांक 13.06.2025 को प्रस्तुत किया गया है। जाँच में विलंब की स्थिति निर्मित नही हुई है। **(ख)** जी हां। जॉच समिति के प्रतिवेदन में यह तथ्य आया है कि तत्समय जी.एस.टी. नम्बर नहीं लिये जाने के कारण जी.एस.टी. एवं टी.डी.एस. की कटौती नहीं की गयी। उप संचालक, समाज कल्याण जिला धमतरी द्वारा दिनांक 07.05.2025 को संबंधित फर्मों से जानकारी प्राप्त करने पर संबंधित फर्मों द्वारा नोटराईज्ड शपथ पत्र दिनांक 23.05.2025 में जी.एस.टी./टी.डी.एस जमा किये जाने की जानकारी दी गई है। जिसे वाणिज्यिक कर विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई है।

नवीन धान खरीदी केंद्र हेतु प्राप्त आवेदनों पर कृत कार्यवाही

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

19. (क्र. 570) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023 से जून, 2025 तक नवीन धान खरीदी केंद्र प्रारम्भ किये जाने हेतु कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें? साथ ही प्राप्त आवेदनों के ऊपर क्या कार्यवाही की जा रही है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023 से जून, 2025 तक नवीन धान खरीदी केन्द्र प्रारंभ किये जाने हेतु कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए है। वर्ष 2023 से जून, 2025 तक विकासखण्ड चारामा के सहकारी समिति उंकारी अंतर्गत 01 नवीन धान खरीदी केन्द्र आंवरी प्रारंभ हुआ है। वर्षवार/ विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]

रायपुर जिले में संचालित राशन दुकान संचालकों द्वारा चावल के बदले नगद दिये जाने कि शिकायत

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

20. (क्र. 594) श्री अनुज शर्मा : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या रायपुर जिले अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित राशन दुकानों में जनवरी 2024 से जून,2025 तक

किसी प्रकार की अनियमितता की कोई शिकायत विभाग को प्राप्त हुई? यदि हां, तो इन अनियमितताओं पर किस-किस प्रकार की कार्यवाही विभाग के द्वारा की गई? **(ख)**क्या किसी राशन दुकान से चावल के बदले हितग्राहियों को नगद राशि दिये जाने की कोई शिकायत विभाग को प्राप्त हुई? यदि हां तो किस राशन दुकान से और इस शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई? **(ग)**क्या विभाग द्वारा इन राशन दुकानों का अचौक निरिक्षण किया जाता है? यदि हां तो प्रश्नांक 'क' की अवधी में क्या इन औचक निरिक्षणों में किसी राशन दुकान संचालक को अनियमितता के लिये मौके पर दोषी पाया गया?यदि हां तो किस पर क्या क्या कार्यवाही हुई, विवरण प्रदान करें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जानकारी **पुस्कालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्कालय में रखे प्रपत्र-ब**अनुसार है। **(ग)** जी हां। जानकारी **पुस्कालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है।

सितम्बर 2022 के बचत स्टॉक का दुरूपयोग करने वाले राशन दुकानदारों के विरूद्ध कार्रवाई

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

21. (क्र. 647) श्री राजेश मूणत : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि विधानसभा सत्र दिनांक 4 मार्च 2025 तारांकित प्रश्न 19 (क्र. 89) के उत्तर में यह बताया गया था कि माह सितम्बर, 2022 के बचत स्टॉक का दुरूपयोग करने वाले जिन उचित मूल्य दुकान संचालकों के विरूद्ध आर.आर.सी. वसूली की कार्रवाई शेष है, उनमें प्राथमिकता के आधार पर आर.सी.सी. वसूली शीघ्र पूर्ण कराने हेतु संचालक खाद्य ने अपने पत्र दिनांक 20.02.2025 द्वारा निर्देश जारी किए हैं? यदि हाँ तो कृपया बतावें प्रश्न दिनांक तक कितने लोगों से आर.आर.सी. वसूली हो चुकी है? यदि नहीं तो क्यों? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** में उल्लेखित बचत स्टॉक का दुरूपयोग करने वाले राशन दुकान संचालकों के प्रकरणों का निराकरण फास्ट ट्रेक आधार पर करने का निर्देश जारी नहीं किये जाने के क्या कारण है? **(ग)** प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में कृपया स्पष्ट करें कि किस नियम के तहत बचत स्टॉक का दुरूपयोग करने वालो को केवल राशि वसूल कर छोड़ा जाता है? उनके विरूद्ध एफ.आई.आर नहीं किए जाने के क्या कारण है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जी हां। माह सितंबर 2022 के बचत स्टॉक का दुरूपयोग करने वाले उचित मूल्य दुकान संचालकों के विरूद्ध वसूली हेतु जारी आर.आर.सी. में से 30 जून, 2025 तक 786 आर.आर.सी. में वसूली पूर्ण हो गयी है। शेष प्रकरणों में आर.आर.सी. वसूली की कार्यवाही प्रचलित है। **(ख)** माह सितंबर 2022 के बचत स्टॉक का दुरूपयोग करने वाले उचित मूल्य दुकान संचालकों के विरूद्ध प्रकरण राजस्व न्यायालयों में प्रचलित है। उपरोक्त संबंध में प्रचलित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु जिला कलेक्टर को संचालक खाद्य के पत्र दिनांक 20.02.2025 द्वारा निर्देश जारी किये गये है। **(ग)** बचत स्टॉक का दुरूपयोग करने वाले उचित मूल्य दुकान संचालकों के विरूद्ध दर्ज प्रकरणों में छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2016 की कंडिका 16 (7) के प्रावधान तथा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रकरणों का परीक्षण एवं नियमानुसार कार्यवाही उपरांत निर्णय अनुसार प्रकरणों में कार्यवाही की जाती है ।

रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में सामग्री वितरण

[महिला एवं बाल विकास]

22. (क्र. 724) श्री फूलसिंह राठिया : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2024-25 से जून, 2025 तक रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में

कौन-कौन सी सामग्री का वितरण किया गया? **(ख)** रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत रेडी-टू-ईट वितरण कराए जाने के लिए किस-किस पंजीकृत समूहों को कार्य दिया गया है? क्या समूहों द्वारा रेडी-टू-ईट वितरण कराने हेतु शासन की गाईड लाईन का पालन किया गया है? यदि नहीं तो रेडी-टू-ईट का वितरण आंगनबाड़ी केन्द्रों में किसके-किसके द्वारा कराया जाता है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत वर्ष 2024-25 से जून, 2025 तक संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में कोरबा ग्रामीण परियोजना के 100 आंगनबाड़ी केन्द्रों में वाटर फिल्टर एवं 50 आंगनबाड़ी केन्द्रों में टेबल, करतला परियोजना के 75 आंगनबाड़ी केन्द्रों में वाटर फिल्टर, 50 आंगनबाड़ी केन्द्रों में टेबल, बरपाली परियोजना के 50 आंगनबाड़ी केन्द्रों में वाटर फिल्टर व 26 आंगनबाड़ी केन्द्रों में आलमारी का वितरण किया गया है। **(ख)** रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत रेडी टू ईट वितरण करने के लिए 1. सफुरा माता महिला बचत स्व सहायता समूह सलिहाभांठा, परियोजना कोरबा ग्रामीण, 2. जय मां दुर्गा स्व सहायता समूह नोनबिर्रा, नोनबिर्रा व्हाया भैसमा, परियोजना करतला, 3. जय मां राधा महिला स्व सहायता समूह, ग्राम व पोस्ट बरपाली, परियोजना बरपाली के महिला स्व सहायता समूहों के चयन की कार्यवाही नियमानुसार कर ली गई है। महिला समूहों द्वारा यूनिट स्थापित करने की कार्यवाही प्रचलित होने के कारण पूरक पोषण आहार की निरंतरता बनाए रखने हेतु रेडी टू ईट वितरण का कार्य छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम रायपुर (छ.ग. शासन के उपक्रम) द्वारा किया जा रहा है।

<u>विकासखंड सारंगढ़ के अंतर्गत सेवा सहकारी समितियों में धान खरीदी घोटाला में कृत कार्यवाही</u>

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

23. (क्र. 729) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- विकासखंड सारंगढ़ के अंतर्गत सेवा सहकारी समितियों मे वित्तीय वर्ष 2024-25 में धान खरीदी के दौरान कौन-कौन सी समितियों में धान खरीदी घोटाला हुआ है? जिसमें से कहाँ-कहाँ की समितियों में FIR दर्ज हुई है? FIR उपरांत कितने लोगों की गिरफ़्तारी हुई है? कितने लोग फरार हैं तथा फरार लोग अब तक क्यों गिरफ्तार नहीं हुए हैं? कृपया समितिवार जानकारी देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : प्रश्नाधीन अवधि में सेवा सहकारी समिति हरदी, कोसीर एवं कनकबीरा में अनियमितता दर्शित हुई है। उक्त सेवा सहकारी समितियों के विरूद्ध दर्ज एफ0आई0आर0 एवं एफ0आई0आर0उपरांत गिरफतारी/ फरार लोगों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

<u>महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राही</u>

[महिला एवं बाल विकास]

24. (क्र. 748) श्री ललित चंद्राकर : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में महतारी वंदन योजना में प्रथम पंजीयन के समय कितने हितग्राही पंजीकृत थे? दिनांक 21.06.2025 तक कितने हितग्राही पंजीकृत हैं? वर्षवार, ग्रामवार हितग्राहियों की जानकारी दें। **(ख)** क्या प्रश्नांश **(क)** अंतर्गत वर्तमान समय में हितग्राहियों की संख्या में कमी आयी है? यदि हॉं तो क्यों? क्या महतारी वंदन योजना में फर्जी नाम से लाभ लेने का मामला प्राप्त हुआ है? यदि हॉ तो कहॉं-कहॉं फर्जी नाम से लाभ लेने के प्रकरण संज्ञान में आये है? ग्रामवार जानकारी दें। **(ग)** क्या पात्रता हेतु विभागीय सत्यापन का कोई नियम है? यदि हॉं तो नियम की प्रति उपलब्ध करावें। नये हितग्राहियों के पंजीयन हेतु क्या प्रक्रिया है? जानकारी दें।

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में महतारी वंदन योजना में प्रथम पंजीयन के समय कुल 65,417 हितग्राही द्वारा आवेदन किया गया था तथा 65,284 हितग्राही लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र थे। दिनांक 21.06.2025 की स्थिति में कुल 64,756 लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र हैं। वर्षवार, ग्रामवार हितग्राहियों की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-'अ'** अनुसारहै। **(ख)** जी हाँ, हितग्राहियों की संख्या में कमी आयी है, यह कमी हितग्राहियों की मृत्यु हो जाने, लाभ त्याग किए जाने, दो आवेदन के प्रकरण, पात्रता न होने के प्रकरण आदि के कारण आयी है। जी नहीं, प्रश्नाधीन विधानसभा में फर्जी नाम से लाभ लेने का का प्रकरण संज्ञान में नहीं आया है। अतःशेष जानकारी निरंकहै। **(ग)** जी हाँ, समय-समय पर जारी निर्देशों की प्रति **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र- 'ब'** अनुसारहै। वर्तमान में नए हितग्राहियों के पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है।

शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं खाद्यान्न गोदाम के संबंध में जानकारी के संबंध में

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

25. (क्र. 749) श्री ललित चंद्राकर : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कितने गांवों में शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं खाद्यान्न गोदाम हैं? कितने भवन विहीन एवं कितने जर्जर अवस्था में हैं? इनके रखरखाव, मरम्मत के लिए जनवरी 2023 से जून,2025 तक कितनी-कितनी राशि खर्च हुई? वर्तमान में इसकी स्थिति क्या है? कितने खाद्य गोदाम निजी भवनों में संचालित हैं? निजी खाद्य गोदाम को कब तक शासकीय गोदामों में हस्तांतरित किया जायेगा? ग्रामवार, वर्षवार जानकारी दें। **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं खाद्यान्न गोदाम हेतु जनवरी, 2023 से जून 2025 तक विभागीय बजट अनुसार किन-किन केन्द्रों हेतु कितनी-कितनी राशि का आबंटन, किन-किन कार्यो के लिए हुआ है? ग्रामवार वर्षवार अद्यतन स्थिति बतावें। **(ग)** प्रश्नांक 'ख' अनुसार कितने उचित मूल्य दुकान एवं खाद्यान्न गोदाम में पहुंच मार्ग जर्जर है? जर्जर मार्ग के संधारण/नवीनीकरण हेतु विभाग द्वारा क्या-क्या प्रयास किये गये हैं? ग्रामवार जानकारी देवें। जर्जर पहुंच मार्ग का संधारण/नवीनीकरण कब तक किया जायेगा?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 92 उचित मूल्य दुकान संचालित है। इनमें से ग्रामीण क्षेत्र में संचालित 54 उचित मूल्य दुकान में से 50 उचित मूल्य दुकाने स्वयं के दुकान सह गोदाम में, नगरीय क्षेत्र के 38 उचित मूल्य दुकान में से 12 उचित मूल्य दुकाने स्वयं के दुकान सह गोदाम में संचालित है। 30 उचित मूल्य दुकान में स्वयं के दुकान सह गोदाम नहीं है। उपरोक्त उचित मूल्य दुकानों के गोदाम भवन जर्जर अवस्था में नहीं है। उचित मूल्य दुकान सह गोदाम भवनों के रख-रखाव, मरम्मत के लिए प्रश्नांकित अवधि में राशि व्यय नहीं की गयी है। नगरीय क्षेत्र के 24 उचित मूल्य दुकाने निजी/किराये के भवन में संचालित है। विभागीय बजट में दुकान सह गोदाम निर्माण हेतु राशि का प्रावधान होने उपरांत उचित मूल्य दुकान सह गोदाम भवन स्वीकृत किया जा सकेगा। उचित मूल्य दुकानवार जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में उचित मूल्य दुकान सह गोदाम भवनों हेतु विभागीय बजट से राशि का आबंटन नहीं किया गया है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता। **(ग)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के उचित मूल्य दुकानों में जर्जर पहुंच वाले उचित मूल्य दुकानों की संख्या निरंक है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]

चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का भौतिक सत्यापन

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

26. (क्र. 770) श्री विनायक गोयल : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित उचित मूल्य की राशन दुकानों में से किन-किन दुकानों में 1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 के मध्य भौतिक सत्यापन के दौरान विभाग के ऑन लाइन डाटा तथा दुकान के स्टाक में अंतर पाया गया? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** विभाग द्वारा जिन दुकानों में अंतर पाया गया वहां के संचालनकर्ता समितियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई? विकासखण्डवार जानकारी देवे?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकानों का प्रश्नांकित अवधि में 31 मार्च 2024 की स्थिति में माह अप्रैल 2024 में भौतिक सत्यापन किया गया। भौतिक सत्यापन में 15 उचित मूल्य दुकानों में ऑनलाईन डाटा तथा उचित मूल्य दुकान के स्टॉक में अंतर पाया गया। विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है।**(ख)** जिन उचित मूल्य दुकानों के स्टॉक में अंतर पाया गया, इन उचित मूल्य दुकानों के विरूद्ध प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) न्यायालय में दर्ज कर कम पाए गये खाद्यान्न के वसूली की कार्यवाही की जा रही है। विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]

राशन दुकानों के भौतिक सत्यापन में प्राप्त चावल की कमीं

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

27. (क्र. 783) श्री सुनील कुमार सोनी : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022 में राज्य की जिन-जिन राशन दुकानों में 400 क्विंटल से अधिक चांवल की बचत मात्रा पायी गई थी, उन राशन दुकानों की जिलेवार, दुकानवार, मात्रावार जानकारी दें? **(ख)** वर्ष 2023, 2024 और 2025 में कराए गए भौतिक सत्यापन में प्रश्न ''क'' में उल्लेखित राशन दुकानों में कितनी-कितनी चांवल की कमी आई? वर्षवार, जिलेवार, दुकानवार जानकारी दें? **(ग)** राशन दुकानों में चांवल की मात्रा कम पाए जाने पर प्रकरण पर कार्यवाही की प्रक्रिया और निराकरण की क्रमानुसार जानकारी दें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रशनांश "क" के उचित मूल्य दुकानों में 31 मार्च 2024 की स्थिति में भौतिक सत्यापन में चावल के स्टॉक कम पाये गये उचित मूल्य दुकानों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। वर्ष 2023 में भौतिक सत्यापन नहीं किया गया है। 31 मार्च 2025 की स्थिति में भौतिक सत्यापन का विश्लेषण/परीक्षण किया जा रहा है। **(ग)** उचित मूल्य दुकानों में चावल की मात्रा कम पाये जाने पर छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया जाता है एवं निराकरण किया जाता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]

जिला बालोद अंतर्गत एकीकृत बाल विकास योजना (आई.सी.डी.एस.) द्वारा क्रय सामग्री

[महिला एवं बाल विकास]

28. (क्र. 793) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2024-25 से जून, 2025 तक जिला-बालोद में विभाग की एकीकृत बाल विकास योजना (आई.सी.डी.एस.) द्वारा कितनी राशि की कौन-कौन सी सामग्री, किन-किन संस्था/फर्म/ एजेंसी से, कितनी मात्रा में किस-किस दर से क्रय की गयी है? सामग्रियों का फर्मवार विवरण देवें? **(ख)** कंडिका "क"

की संस्था/फर्म/ एजेंसी का चयन/निर्धारण किस आधार पर किया गया है? **(ग)** क्रय की गई सामग्रियों की गुणवत्ता का निर्धारण किस आधार पर एवं किनके द्वारा की जाती है? सामग्रियों की गुणवत्ता सम्बंधित अनियमितता की शिकायतें क्या विभाग को प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ तो प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई है? जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) बालोद जिले के बाल विकास परियोजनाओं द्वारा वर्ष 2024-25 में क्रय की गई सामग्री का विवरण संलग्न प्रपत्र अनुसारहै। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कोई भी सामग्री क्रय नहीं की गई है। **(ख)** राज्य भण्डार क्रय नियम के प्रावधानों के अनुसार प्रदायकर्ता एजेंसियों का चयन किया गया। **(ग)** सभी सामग्रियों का भौतिक सत्यापन परियोजना स्तर पर गठित समिति के माध्यम से कराया गया। सामग्रियों के गुणवत्ता के संबंध में जिले में कोई शिकायत प्राप्त नहीं है। अतःशेष जानकारी निरंकहै।
[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]

शासन/विभागाध्यक्ष कार्यालय में सामग्री आपूर्ति की शिकायतों पर कृत कार्यवाही

[महिला एवं बाल विकास]

29. (क्र. 889) श्री धरमलाल कौशिक : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक शासन व विभागाध्यक्ष कार्यालय में सामग्री आपूर्ति के संबंध में कब-कब किसके द्वारा किसको व क्या शिकायत की गई है तथा शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई? कौन दोषी पाया गया तथा जांच समिति/अधिकारी के द्वारा शिकायत के संबंध में क्या प्रमुख तथ्य दिये गए हैं? शिकायतों की अद्यतन स्थिति क्या है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : विभाग को शिकायत प्राप्त नहीं है तथापि समाचार पत्रों के माध्यम से गुणवत्ताहीन सामग्री प्रदाय संबंधी समाचार पर समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन का **संक्षिप्त विवरण संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** समिति की अनुशंसा के प्रकाश में युक्तियुक्त कार्यवाही की जा रही है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]

वैशाली नगर विधान सभा क्षेत्र में भवनविहीन आंगनबाड़ी केन्द्र

[महिला एवं बाल विकास]

30. (क्र. 892) श्री रिकेश सेन : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने आंगनबाड़ी केंद्र भवनविहीन हैं? **(ख)** प्रश्नांश (क) अनुसार भवनविहीन आंगनबाड़ी में भवन निर्माण कब तक कर दिया जायेगा?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 50 आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन हैं। **(ख)** आंगनबाड़ी भवन निर्माण की स्वीकृति वित्तीय संसाधनो की उपलब्धता के आधार पर दी जाती है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

महतारी वंदन योजना के तहत प्राप्त आवेदन

[महिला एवं बाल विकास]

31. (क्र. 896) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रदेश में कुल कितनी महिलाओं द्वारा कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए? प्राप्त आवेदनों में कितने पात्र एवं अपात्र पाये गये? पात्र महिलाओं की संख्या कितनी है? **(ख)** क्या पात्रता के लिए कोई सर्वे कराया गया है? यदि हां तो उनके मापदण्ड क्या-क्या हैं? ऐसी विवाहित महिलाएं, जिनको महतारी वंदन योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ, उन नामों काे लाभार्थी सूची में लाने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है? यदि नहीं तो क्यों? यदि हां तो कब तक? जिला-मुंगेली में महतारी वंदन योजना हेतु प्राप्त आवेदन, स्वीकृत आवेदन, निरस्त किये गये आवेदन तथा भुगतान की गयी राशि के संबंध में विकासखण्डवार जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्रदेश में निर्धारित अवधि तक कुल 70,27,154 महिलाओं द्वारा आवेदन किए गए। प्राप्त आवेदनो में से मार्च 2024 की स्थिति में 70,09,658 हितग्राही पात्र पाए गए है तथा 17,496 हितग्राही अपात्र पाए गए। अद्यतन स्थिति 01.07.2025 की स्थिति में पात्र महिलाओं की संख्या 69,37,634 है। **(ख)** जी नहीं। ऐसी विवाहित महिलाओं को लाभ दिए जाने हेतु नए आवेदन लिए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गयी है। निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है। जिला मुंगेली में महतारी वंदन योजना हेतु मार्च 2024 में प्राप्त आवेदन, स्वीकृत आवेदन, निरस्त किये गये आवेदन तथा भुगतान की गयी राशि के संबंध में विकासखण्डवारजानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसारहै।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]

आंगनबाड़ी केन्द्रों को वितरित की गई सामग्रियॉ

[महिला एवं बाल विकास]

32. (क्र. 899) श्री बघेल लखेश्वर : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में बस्तर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए सामग्रियों की खरीदी की गई? यदि हॉ,तो ये सामग्रियां किस कंपनी/फर्म से खरीदी गई व प्रत्येक सामग्रियों की कीमत क्या थी? जानकारी देवें? **(ख)** सामग्रियों के खरीद की पूरी प्रक्रिया अंतर्गत क्या प्रक्रिया अपनाई गई? विवरण देवें? **(ग)** वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों को कितनी-कितनी मात्रा में कौन-कौन सी सामग्रियां दी गई? कृपया बतावें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** क्रय हेतु अपनाई गई प्रक्रिया का विवरण संलग्न प्रपत्र अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांश-'क' अनुसार वितरित सामग्री का विवरण संलग्न प्रपत्र अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]

बस्तर संभाग की सहकारी उचित मूल्य की दुकानों में प्रदाय की गई ई-पास मशीनें

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

33. (क्र. 900) श्री बघेल लखेश्वर : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में कुल कितने सहकारी उचित मूल्य की दुकानें संचालित हैं? इन में से कितनी दुकानों में ई- पास मशीन उपलब्ध कराई गई तथा कितनों को नहीं? कृपया जिलेवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश ''क''

के परिप्रेक्ष्य में ही ऐसे कितने ई-पास मशीन युक्त केन्द्र हैं, जहां नेटवर्क की समस्या है अथवा नेटवर्क नहीं है? इस समस्या के निराकरण के लिए विभाग के द्वारा किये जा रहे प्रयासों के संबंध में बतावें? **(ग)** क्या बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में ऐसी भी दुकानें हैं, जिनमें ई-पास मशीनें उपलब्ध नहीं हैं? ऐसी दुकानों में खाद्य सामग्रियों के वितरण के लिए अपनाई जा रही प्रक्रिया के संबंध में बतावें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** नेटवर्कविहीन सहकारी उचित मूल्य दुकानों की जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। नेटवर्क विहीन उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉस मशीन के माध्यम से ऑफलाईन खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है **(ग)** जी नहीं। बस्तर संभाग के सभी जिलों के उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉस मशीन उपलब्ध है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]

सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन

[महिला एवं बाल विकास]

34. (क्र. 907) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला मोहला-मानपुर-अंबगढ़ चौकी में महिला एवं बाल विकास विभाग को सुशासन तिहार कार्यक्रम के आयोजन में कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं? **(ख)** कितने आवेदनों का निराकरण किया गया तथा कितने शेष हैं? कब तक पूर्ण कर लिए जायेंगें? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ग)** जिला मोहला-मानपुर-अंबगढ़ चौकी में संचालित आंगनबाड़ियों में कितने बच्चे कुपोषित श्रेणी वर्ग में आते हैं? कुपोषण की श्रेणी क्या है? कुपोषण मुक्त करने हेतु क्या-क्या योजना संचालित की जा रही है? जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) विभाग के जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़-चौकी को सुशासन तिहार कार्यक्रम आयोजन में कुल 1690 आवेदन प्राप्त हुए है। **(ख)**जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसारहै। **(ग)** जिले में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रो में 6185 बच्चे कुपोषण श्रेणी में आते है जिसमें सें मध्यम कुपोषण 5404 एवं गंभीर कुपोषण 781 श्रेणी के है। कुपोषण मुक्त करने हेतु जिलें में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, हमर स्वस्थ्य लईका कार्यक्रम एवं पूरक पोषण आहार कार्यक्रम संचालित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

जिला कार्यालयों में सीसी टीवी कैमरा लगाने की योजना

[महिला एवं बाल विकास]

35. (क्र. 908) श्री आशा राम नेताम : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या वर्ष 2024-25 में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय को रेनोवेशन कर सीसी टीवी कैमरा, इंटरकॉम एवं एल्यूमिनियम सेक्शन से सभी कर्मचारियों के लिए केबिन बनाने हेतु प्रत्येक जिला में कितने-कितने रूपये का बजट प्रावधान किस योजना मद मे रखा गया था? कांकेर जिले में उपरोक्त कार्य किस योजना के तहत् कराया गया और इसमें कितनी लागत आई है? मदवार विवरण बतावें? यदि योजना स्वीकृत नहीं थी तो क्या किसी अन्य योजना की राशि से दूसरी योजना में व्यय करने का जिला कार्यक्रम अधिकारी को अधिकार प्राप्त है? जानकारी दे? यदि नही तो क्या, कार्यवाही की गई?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जी नहीं। कांकेर जिले में चाईल्ड हेल्प लाईन का संचालन जिला कार्यालय में किया जा रहा है। उपरोक्त कार्य चाईल्ड लाईन हेतु, अनावर्ती मद में उपलब्ध बजट प्रावधान से कराया गया है। इन समस्त कार्यो पर कुल 4,96,139 रूपए का व्यय हुआ है

जबकि इन कार्यों हेतु 750000 रूपए का आबंटन उपलब्ध था। मदवार व्यय का विवरण **संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** शेष प्रश्न उद्भूत नही होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]

जिला कांकेर में चिक्की क्रय हेतु आंबटित राशि

[महिला एवं बाल विकास]

36. (क्र. 909) श्री आशा राम नेताम : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कांकेर जिले को किस मद अंतर्गत चिक्की क्रय हेतु राशि आबंटित की गई है? आबंटित की गई राशि के विरूद्ध चिक्की क्रय हेतु क्या प्रक्रिया अपनाई गई है? किस फर्म को कितने रूपये का प्रदाय आदेश कब कितने माह के लिए आदेश जारी किया गया है? कब-कब चिक्की प्राप्त हुई है? कब-कब आंगनबाड़ी केन्द्रों में चिक्की की आपूर्ति की गई है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : कांकेर जिले में वर्ष 2024-25 में पौष्टिक आहार मोरिंगा बार एवं वर्ष 2025-26 में रागी प्रोटीन बार क्रय के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से आंगनबाड़ी केन्द्रों के 06 माह से 06 वर्ष आयु के कुपोषित बच्चो, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं हेतु राशि उपलब्ध कराई गई। वर्ष 2024-25 में प्राप्त आबंटन पर क्रय की कार्यवाही नहीं की गई। वर्ष 2025-26 की आबंटित राशि से जिला स्तर पर गठित क्रय समिति के अनुमोदन से क्रय प्रक्रिया का निर्धारण किया गया। फर्म एम. फार मिलेट फूड प्राईवेट लिमिटेड हैदराबाद के स्थापित यूनिट बीजापुर व बालोद को रूपये 1,17,82,748/- का दिनांक 01.05.2025 को 3 माह के लिए आदेश जारी किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों में रागी प्रोटीन बार की आपूर्ति संबंधीजानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

जिला जांजगीर-चांपा में धान उपार्जन एवं संग्रहण

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

37. (क्र. 911) श्री बालेश्वर साहू : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला जांजगीर-चांपा में विपणन वर्ष 2021-22 से 2024-25 में केंद्रीयकृत उपार्जन योजना के अंतर्गत कितनी मात्रा में धान की खरीदी की गई थी? कृपया वर्षवार जानकारी दें? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार खरीदी गई धान में से मिलरों द्वारा उपार्जन एवं संग्रहण केंद्रों से कितनी मात्रा में धान उठाई गई थी और कितने शेष बचे थे? कृपया वर्षवार जानकारी दें? **(ग)** प्रश्नांक "क" एवं "ख" के अनुसार शेष बचे धान का भौतिक सत्यापन कब - कब किया गया है और किन-किन केंद्रों में मानक से ज्यादा अंतर पाया गया और इसके आधार पर क्या कार्यवाही की गयी है? कृपया वर्षवार जानकारी दें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) :(क) प्रदेश में विकेन्द्रीकृत उपार्जन योजना अंतर्गत धान की खरीदी की जाती है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

रायपुर जिले में संचालित बालगृह

[महिला एवं बाल विकास]

38. (क्र. 914) श्री अनुज शर्मा : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जिला रायपुर अंतर्गत कितने बालगृह किन-किन स्थानों पर संचालित किये जा रहे हैं? **(ख)** प्रश्नांक ''क''

अनुसार इन बालगृहों में निवासरत कितने बच्चों एवं आश्रितों के लापता होने एवं आकस्मिक मृत्यु के प्रकरण जनवरी, 2024 से जून, 2025 तक विभाग को प्राप्त हुये हैं? इन प्रकरणों में विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई? **(ग)** प्रश्नांक ''क'' में संचालित संस्थाओं को राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में कितना-कितना अनुदान किस-किस मद में प्राप्त हुआ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जिला रायपुर अंतर्गत संचालित बाल गृहों कीजानकारी संलग्न प्रपत्र ''अ'' अनुसार है। **(ख)** प्रश्नाधीन अवधि में प्राप्त प्रकरणों एवं कृत कार्ययाही कीजानकारी संलग्न प्रपत्र ''अ'' अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांक 'क' अनुसार संचालित संस्थाओं को वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में जारी अनुदान व मद की जानकारी संलग्न प्रपत्र ''ब'' अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जित धान की मात्रा

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

39. (क्र. 916) डॉ. चरण दास महंत : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की मात्रा कितनी है? इस धान का निराकरण इन मदों के अनुसार बताइए- केन्द्रीय पूल का चावल, राज्य पूल का चावल, नीलामी के माध्यम से विक्रय हेतु निर्धारित, उपार्जन केन्द्रों में कमी, संग्रहण केन्द्रों में कमी तथा शेष? **(ख)** धान के समर्थन मूल्य में कृषि उन्नति योजना, मंडी शुल्क, कमीशन, बारदाना, ब्याज आदि समस्त मदों की राशि को जोड़कर धान की लागत माह जून, 2025 की स्थिति में कितनी आएगी? **(ग)** नीलामी के माध्यम से विक्रय करने की प्रक्रिया में कितने धान के क्रय का प्रस्ताव प्राप्त हुआ, कितनी मात्रा के लिए राशि प्राप्त हुई, कितनी मात्रा का उठाव हुआ तथा किस-किस स्थान पर कितना-कितना धान शेष है? शेष धान का निराकरण किस प्रकार किया जाएगा? प्रति क्विंटल कितनी हानि संभावित है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की मात्रा 149.25 लाख मे.टन है । केन्द्रीय पूल अंतर्गत 70 लाख मे. टन एवं राज्य पूल अंतर्गत 9.71 लाख मे. टन चावल लिया जाना है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन के आधार पर 40 लाख मे. टन धान की सीमा तक अतिशेष धान की नीलामी का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। धान उठाव एवं मिलान का कार्य प्रचलित है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है।**(ख)** धान के समर्थन मूल्य में कृषि उन्नति योजना को छोड़कर, धान का मूल्य एवं अन्य प्रासंगिक व्ययों सहित धान की आंकलित लागत निम्नानुसार है-

विवरण	**धान कॉमन**		**धान ग्रेड ए**	
	नया बारदाना	पुराना बारदाना	नया बारदाना	पुराना बारदाना
धान की दर रु. प्रति क्विंटल में	2921.47	2803.83	2943.95	2826.31

(ग) ई-ऑक्शन प्लेटफार्म के माध्यम से ऑक्शन/ मंत्री मंडलीय उप समिति द्वारा निर्धारित दर पर प्राईस मैचिंग के माध्यम से दिनांक 05.07.2025 की स्थिति में 12.84 लाख मे. टन का बायर आर्डर जारी किया गया है। दिनांक 05.07.2025 की स्थिति में 13.78 लाख मे.टन धान के विरुद्ध 2664.50 करोड़ रु. राशि प्राप्त हुई है। क्रेता को जारी 12.84 लाख मे.टन बायर ऑर्डर के विरुद्ध 9.57 लाख मे.टन धान का उठाव किया गया है। क्रेता को जारी उठाव हेतु शेष धान की मात्रा की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** शेष धान का निराकरण मंत्री मंडलीय उप समिति द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार प्राइस मेंचिंग तथा खरीफ वर्ष 2023-24 मे राईस मिलरों के शेष कस्टम मिलिंग देयकों का समायोजन अतिशेष धान के प्रदाय के माध्यम से किया जा रहा है। सम्पूर्ण धान के निराकरण पश्चात् वस्तु स्थिति ज्ञात हो सकेगी।**[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]**

जिला जांजगीर-चांपा में स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य

[महिला एवं बाल विकास]

40. (क्र. 917) श्री बालेश्वर साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में से जिला जांजगीर चांपा में कितने आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण के लिए कितनी राशि स्वीकृत की गई गए है? कृपया जिलेवार स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्वीकृत राशि अनुसार जानकारी दें? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्रों में से कितने का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है? कितने प्रक्रियाधीन हैं और कितने का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है? कृपया, विकासखण्डवार जानकारी दें? **(ग)** प्रश्नांक "ख" के अनुसार जिन आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है, उसके क्या कारण हैं? क्या शासन इसकी जांच कर उचित कार्यवाही करेगा? कृपया जानकारी दें? **(घ)** प्रश्नांक "क" "ख" एवं "ग" के अनुसार स्वीकृत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएंगा? कृपया जानकारी दें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में से जिला जांजगीर चांपा में 47 आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण के लिए प्रति भवन 1.69 लाख के मान से राज्य आयोजना मद से अतिरिक्त राशि रूपये 79,43,000 स्वीकृति की गई है। स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्र की संख्या निरंक है। **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार जानकारी निरंक है। **(ग)** प्रश्नांक ''ख'' अनुसार जानकारी निरंक है। **(घ)** निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

विकासखंड कोटा में हितग्राहियों को चना वितरण नहीं किये जाने पर कार्यवाही

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

41. (क्र. 918) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2023-24 से जून, 2025 में विकासखंड कोटा जिला बिलासपुर में हितग्राहियों को चना वितरण करने हेतु राशन दुकानों को माहवार कब-कब और कितनी मात्रा में चना का आबंटन किया गया है? **(ख)** राशन दुकान संचालकों द्वारा प्राप्त आबंटन के विरूद्ध कब कब और कितनी मात्रा में चना का वितरण किया गया है? प्रश्न **(क)** और **(ख)** की माहवार चना आवंटन व वितरण मात्रा की जानकारी दें? **(ग)** कितने राशन दुकान संचालकों द्वारा प्रति माह वितरण हेतु प्राप्त चना का वितरण नहीं किया गया तथा चना वितरण नहीं होने पर क्या कार्यवाही की गई है? **(घ)** विगत 1 वर्ष में चना वितरण हेतु कब-कब और किसके आदेश से पोर्टल खोला गया?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** कोटा विकासखण्ड के सभी उचित मूल्य दुकान संचालकों द्वारा प्रतिमाह वितरण हेतु प्राप्त चना का वितरण किया गया है। प्रश्नांकित अवधि में चना वितरण में अनियमितता के संबंध में 04 शिकायते प्राप्त हुई थी। इनमें से जांच में 02 शिकायत सही नहीं पायी गयी तथा 02 शिकायत जांच में सही पाये जाने पर प्रकरण दर्ज कर उचित मूल्य दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। **(घ)** वितरण हेतु पोर्टल नहीं खोला जाता है । वर्ष 2024-25 में चना वितरण हेतु जिले से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर माह अप्रैल, मई एवं जून 2024 का बेकलाग चना वितरण हेतु जुलाई 2024 में, अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर 2024 का बेकलाग चना वितरण हेतु फ़रवरी 2025 में तथा माह जनवरी एवं फरवरी 2025 के बेकलाग चना वितरण हेतु मार्च 2025 में संचालनालय द्वारा भारत सरकार के पीडीएस वितरण सॉफ्टवेयर के तकनीकी टीम से समन्वय करते हुए चना वितरण हेतु ई-पॉस मशीन में प्रावधानित किया गया।

[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]

कुपोषण मुक्ति कार्यकम योजना हेतु बजट प्रावधान

[महिला एवं बाल विकास]

42. (क्र. 923) श्री संदीप साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कुपोषण मुक्ति कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश में कब से की गई है? इसके अंतर्गत कितने कार्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है? **(ख)** उक्त योजना/कार्यक्रम हेतु वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-26 तक कितनी-कितनी राशि का बजट प्रावधान किया गया? कितनी राशि केन्द्र सरकार से प्राप्त हुई? कितनी-कितनी राशि व्यय हुई? किन-किन कार्यों में व्यय की गई है? वर्षवार, जिलेवार जानकारी बतावें? **(ग)** जून, 2025 की स्थिति में प्रदेश की कुपोषण दर क्या दर्ज की गई है? कुपोषण दूर करने के और क्या-क्या कार्यक्रम किए जाने की योजना प्रस्तावित है? **(घ)** वर्ष 2024-25 में आदिवासी उपयोजना मद में उक्त कार्यकम हेतु प्रावधानित राशि क्या अन्य कार्यों में व्यय की गई है? यदि हां तो कितनी-कितनी राशि किन-किन कार्यों में व्यय की गई है? जानकारी बतावें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) कुपोषण मुक्ति कार्यक्रम शीर्षक से वर्ष 2024-25 के बजट में प्रथम बार प्रावधान रखा गया था पर कुपोषण की रोकथाम पर विभाग आईसीडीएस योजना के साथ ही गत 20 वर्षों से योजनाएं संचालित करता रहा है। इसके अंतर्गत निम्नाकित कार्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है- 1. पूरक पोषण आहार, 2. मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, 3. पोषण अभियान, 4. मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना । **(ख)** योजनाओं हेतु प्रावधानित बजट/प्रदाय आबंटन व व्यय की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-'अ' अनुसार है**। पूरक पोषण आहार एवं पोषण अभियान योजना केन्द्र सहायित योजना है। केन्द्र सहायित योजना हेतु केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि का विवरण **संलग्न प्रपत्र-'ब' अनुसार है। (ग)** पोषण ट्ैकर के अनुसार 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों का उम्र के अनुसार वजन के अवस्था में कुपोषण की दर 14.23 प्रतिवेदित है। कुपोषण दूर करने के लिए वर्तमान में संचालित योजनाओं के सुदृढ़ीकरण का प्रस्ताव है। **(घ)** आदिवासी उपयोजना में उपलब्ध राशि का उपयोग उन्हीं उद्देश्यों एवं क्षेत्रों में किया जा रहा है जिसके लिए प्रावधानित है। अतः शेष जानकारी निरंक है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]

धान खरीदी केन्द्रों /संग्रहण केंद्रों हेतु क्रय सामग्री

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

43. (क्र. 925) श्री संदीप साहू : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 से 25 जून, 2025 तक धान खरीदी केन्द्रों एवं धान संग्रहण केन्द्रों हेतु क्या-क्या सामग्री एवं उपकरणों की खरीदी कितनी कितनी मात्रा एवं संख्या में की गई? सामग्री एवं उपकरण की खरीदी में कौन-कौन सी प्रक्रिया का पालन किया गया हैं? सामग्री एवं उपकरणवार मात्रा एवं संख्यावार, मूल्यवार जानकारी देवें? सामग्री एवं उपकरणों हेतु गारंटी/वारंटी कितने-कितने दिनों के लिये दी गई है? **(ख)** क्या धान परिवहन हेतु निविदा आमंत्रित की गई? यदि हां तो परिवहनकर्ता चयन का आधार क्या था? क्या परिवहनकर्ता चयन उपरांत उसकी सभी गाड़ियों का फिटनेस चेकअप करने के उपरांत परिवहन कार्य प्रारंभ कराया गया? यदि हां, तो फिटनेस चेकअप में क्या पाया गया एवं क्या कार्यवाही की गई?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) :(क) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 से जून 2025 तक धान खरीदी केन्द्रों एवं धान संग्रहण केन्द्रों में क्रय किये गये सामग्री उपकरणों की समितिवार वर्षवार प्रक्रिया, पदनाम की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।(ख)** जी हाँ, धान परिवहन हेतु

निविदा आमंत्रित की गई। परिवहनकर्ता चयन निविदा के माध्यम से किया गया था। जारी निविदा के निर्देश एवं मार्गदर्शन में यह उल्लेखित है कि ''रायपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, बालोद, बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ़ जिले के निविदाकार के पास स्वयं के कम से कम पन्द्रह ट्रक तथा शेष अन्य जिले के निविदाकार के पास कम से कम दस ट्रक के रजिस्ट्रेशन (डंपर / टिप्पर ट्रक में शामिल नहीं है) एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा (निविदा सूचना दिनांक से निविदा खोलने दिनांक तक की अवधि का) जारी वाहन का विवरण (vehicle particular) की सत्यापित प्रति जिसमें फिटनेस, टैक्स एवं बीमा की वैद्यता उल्लेखित हो तथा निविदा प्रस्तुत करने की तिथि में वैध होना आवश्यक है, प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। निविदा के साथ प्रत्येक जिले हेतु प्रस्तुत ट्रक संख्या एवं रजिस्ट्रेशन नं. पृथक-पृथक प्रस्तुत करना होगा। एक जिले हेतु प्रस्तुत ट्रक दूसरे जिले हेतु प्रस्तुत करना पाया जाता है, तो निविदा अमान्य की जावेगी।'' अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नही होता है।

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में महतारी वन्दन योजना हेतु प्राप्त आवेदन

[महिला एवं बाल विकास]

44. (क्र. 927) श्रीमती भावना बोहरा : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जून, 2025 तक की स्थिति में महतारी वंदन योजना हेतु कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए थे? प्राप्त आवेदनों में से कितनी महिलाओं को पात्र एवं अपात्र के रूप में चयनित किया गया? उक्त योजना हेतु पात्रता के क्या मापदंड हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महतारी वन्दन योजना के तहत अब तक कितनी महिलाओं को लाभ प्राप्त हुआ है एवं अब तक कुल कितनी राशि महिलाओं के खातों में ट्रांसफर की गई है? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ग)** महतारी वन्दन योजना के सन्दर्भ में समय पर भुगतान नहीं मिलने, भ्रष्टाचार, गलत भुगतान एवं पोर्टल पर तकनीकी खराबियों की कुल कितनी शिकायतें मिली हैं? इसमें से कितने मामलों में दस्तावेजों की त्रुटियों के कारण भुगतान रोका गया? उक्त शिकायतों में से कितनी शिकायतों का निवारण किया जा चुका है एवं शेष शिकायतों का निराकरण कब तक कर दिया जावेगा? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(घ)** उक्त योजना के प्रथम चरण में लाभ से वंचित महिलाओं हेतु पुनः रजिस्ट्रेशन की प्रकिया कब तक प्रारम्भ की जावेगी? योजना के अगले चरण महतारी वन्दन योजना 2.0 के सम्बन्ध में सरकार की क्या योजना/प्रस्ताव है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) महतारी वंदन योजना में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 20.02.2024 तक ही निर्धारित प्रारूप में आवेदन लिए गए है, तत्पश्चात् कोई आवेदन प्राप्त नहीं लिए गए है। 20.02.2024 की स्थिति में पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 1,25,174 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 1,24,841 महिलाएं पात्र थी एवं 333 महिलाएं अपात्र है। जून 2025 की स्थिति में 1,23,925 महिलाएं पात्र है। योजना हेतु पात्रता एवं अपात्रता के मापदंड **संलग्न प्रपत्र-'अ' अनुसार** है तथा विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब' अनुसार** है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'स' अनुसार** है। **(ग)** महतारी वन्दन योजना के संदर्भ में प्रश्नाधीन विधानसभा में पोर्टल में समय पर भुगतान नहीं मिलने, भ्रष्टाचार, गलत भुगतान एवं पोर्टल पर तकनीकी खराबियों की प्राप्त शिकायतों की जानकारी एवं निराकृत शिकायतों की विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'द' अनुसार** है। इन शिकायतों में से किसी भी मामले में दस्तावेज़ो की त्रुटियों के कारण भुगतान नहीं रोका गया है, उक्त शिकायतों में से सभी शिकायतों का निराकरण किया गया है। **(घ)** महतारी वंदन योजना अंतर्गत 20.02.2024 के पश्चात् नए आवेदन लेने की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गयी है, निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है। योजना के अगले चरण के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है।**[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]**

प्रदेश में तीन माह के चावल का एकमुश्त वितरण

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

45. (क्र. 928) श्रीमती भावना बोहरा : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राज्य में तीन माह का चावल एकमुश्त वितरण हेतु निर्धारित लक्ष्य कितना है? एवं जून, 2025 तक इसमें से कितने फीसदी लक्ष्य की प्राप्ति की जा चुकी है? वितरित व निर्धारित राशन की मात्रा एवं लाभार्थियों की संख्या सहित जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** क्या तीन माह का चावल एकमुश्त वितरण हेतु तय दिनाँक तक निर्धारित लक्ष्य का सौ फीसदी वितरण कार्य पूर्ण कर लिया जावेगा? यदि नहीं, तो क्या उक्त हेतु तय समय सीमा में वृद्धि की जावेगी? **(ग)** तीन माह का चावल एकमुश्त वितरण के लिए राशन की उपलब्धता एवं भण्डारण हेतु विभाग की ओर से क्या व्यवस्था की गई है? जिन स्थानों पर पर्याप्त गोदाम या सुरक्षित स्थान उपलब्ध नहीं है एवं वितरक दुकानों की भी संख्या सीमित है, ऐसे स्थानों हेतु क्या व्यवस्था/प्रयास किये गये हैं? **(घ)** राशन वितरण के दौरान आने वाली तकनीकी समस्या, भण्डारण की समस्या, भ्रष्टाचार, जमाखोरी, वितरक द्वारा लापरवाही आदि आमजन की समस्याओं हेतु क्या शिकायत मंच/ ई-पोर्टल की व्यवस्था विभाग द्वारा की गई है? यदि हाँ, तो अब तक कितनी शिकायते प्राप्त हुई है एवं कितनी शिकायतों का निवारण किया जा चुका है? आवेदनों की कुल संख्या व निवारण की अद्यतन स्थिति सहित जानकारी देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 03 माह का चावल एकमुश्त वितरण हेतु लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है, अपितु उचित मूल्य दुकानों में संलग्न राशनकार्ड में निर्धारित मासिक पात्रता के आधार पर प्रतिमाह खाद्यान्न भण्डारण एवं वितरण हेतु आबंटन जारी किया गया है। 30 जून 2025 की स्थिति में 03 माह के चावल का एकमुश्त आबंटन, वितरण एवं लाभार्थियों की जिलेवार जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** खाद्यान्न वितरण हेतु लक्ष्य निर्धारित नहीं किया जाता है। हितग्राहियों द्वारा पात्रता अनुसार उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न का उठाव किया जाता है। 03 माह का चावल एकमुश्त वितरण हेतु भारत सरकार द्वारा 31 जुलाई 2025 तक समय-सीमा वृद्धि किया गया है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता। **(ग)** 03 माह का चावल एकमुश्त वितरण के लिए चावल के भण्डारण हेतु उचित मूल्य दुकानों में चक्रानुक्रम में स्थान की उपलब्धता अनुसार भण्डारण किया गया। इसके अतिरिक्त उचित मूल्य दुकानों के निकट स्थित अन्य शासकीय भवन, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन आदि में चावल भण्डारण की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा कराया गया है। **(घ)** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण के दौरान आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए राज्य स्तर पर विभागीय कॉल सेंटर संचालित है। 01 जून, 2025 से 30 जून, 2025 तक खाद्यान्न वितरण संबंधी 269 शिकायतें प्राप्त हुई है, इनमें से 231 शिकायतों का निराकरण किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]

तखतपुर वि. स. क्षेत्र में संचालित राशन दुकान

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

46. (क्र. 932) श्री धर्मजीत सिंह : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कहां-कहां पर, कुल कितने शासकीय राशन दुकान संचालित हैं? **(ख)** कंडिका "क" के कौन-कौन से राशन दुकान भवन विहीन हैं? कौन-कौन से किराए के भवन में संचालित हैं? एवं कौन-कौन से भवन जर्जर हैं? **(ग)** कंडिका "ख" के भवन विहीन/किराए में चल रहे राशन दुकानों हेतु कब तक नवीन राशन दुकान भवन स्वीकृत कर लिया जाएगा एवं जर्जर राशन दुकान की कब तक मरम्मत कर ली जाएगी?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के

अंतर्गत 138 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित है। नगरीय निकाय/ग्राम पंचायतवार उचित मूल्य दुकान की जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में जर्जर उचित मूल्य दुकान भवन की संख्या निरंक है। **(ग)** विभागीय बजट में दुकान सह गोदाम निर्माण हेतु राशि का प्रावधान होने उपरांत नवीन उचित मूल्य दुकान सह गोदाम भवन स्वीकृत किया जा सकेगा।
[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]

जिला महासमुंद अंतर्गत अनाथालय से गुम/ लापता बच्चे

[महिला एवं बाल विकास]

47. (क्र. 939) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला महासमुंद अंतर्गत जनवरी, 2024 से 30 मई, 2025 तक विभिन्न अनाथालयों से कितने-कितने बच्चे गुम या लापता हुए हैं? वर्षवार/विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश "क" के गुम या लापता बच्चों में से कितने बच्चों को वापस लाया गया एवं उन्हें कहां-कहां व्यवस्थापन में रखा गया? कितने बच्चे अभी भी लापता हैं? वर्षवार, विकासखंडवार जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जिला महासमुंद में अनाथालय संचालित नहीं है, अपितु किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 के प्रावधान अनुसार जिला महासमुन्द में देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों हेतु बालगृह (बालक) एवं विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण संचालित है। प्रश्नाधीन अवधि में गुम या लापता हुए बालकों कीजानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसारहै। **(ख)** प्रश्नांक 'क' के गुम या लापता बच्चों में से वापस लाये गये बच्चों एवं उनके व्यवस्थापन कीजानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसारहै। जिले में संचालित बालगृह (बालक) एवं विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण से लापता बच्चों की संख्या निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]

महासमुंद जिले में NGO द्वारा संचालित गतिविधियॉं

[महिला एवं बाल विकास]

48. (क्र. 940) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिले में महिला बाल विकास विभाग द्वारा जनवरी, 2024 से 20 जून, 2025 तक जिले में किन-किन गतिविधियों के लिए किस-किस NGO को कार्यादेश दिया गया? **(ख)** गतिविधियों के संचालन के लिए किस-किस NGO को कितना-कितना अनुदान या भुगतान किया गया है? **(ग)** विभाग के कार्यों से जुड़े हुए व जिला-महासमुंद अंतर्गत संचालित NGO के नाम एवं पता सहित, जानकारी उपलब्ध करावें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) महासमुंद जिले में प्रश्नाधीन अवधि में बाल गृह (बालक) के संचालन हेतु NGO बाल आश्रम समिति, कचहरी चौक जिला-रायपुर को कार्यादेश दिया गया। **(ख)** प्रश्नाधीन अवधि में बाल गृह (बालक) संचालन हेतु NGO बाल आश्रम समिति, कचहरी चौक रायपुर को कुल राशि 60,45,001/- रूपयें का अनुदान जारी किया गया है। **(ग)** जानकारी प्रश्नांश '' क '' अनुसार है।

अम्बिकापुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत आंगनवाड़ी भवनों की संख्या

[महिला एवं बाल विकास]

49. (क्र. 945) श्री राजेश अग्रवाल : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अम्बिकापुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान में संचालित कुल आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या कितनी है? इनमे से कितने आंगनवाड़ी केंद्र स्वयं के भवन मे संचालित हैं, कितने आंगनबाड़ी केंद्र किराए के भवनों, पंचायत भवनों, स्कूल परिसर अथवा अन्य किसी अस्थायी भवन/ स्थल में संचालित किए जा रहे हैं? (ख) ऐसे भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या कितनी है, जो खुले स्थानों या टिन शेड आदि मे संचालित हो रहे हैं? विगत दो वर्षों में अम्बिकापुर विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है? स्वीकृत भवनों मे से कितनों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है? कितने निर्माणधीन हैं और कितने ऐसे हैं, जिनका कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है? **(ग)**क्या यह सही है कि एस.ओ.आर. (SOR) मे बदलाव होने के कारण नए भवनों का कार्य रुक हुआ है? यदि हाँ, तो कब से निर्माण कार्य बंद है और इसके समाधान के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं अथवा भवनविहीन अथवा जर्जर भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के स्थायी भवन निर्माण हेतु क्या कार्ययोजना बनाई गई है? जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) अम्बिकापुर विधासभा क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या 763 है। इनमें से 466 केन्द्र स्वयं के भवन में संचालित हैं, 257 केन्द्र किराये के भवन में, 12 केन्द्र पंचायत भवन में, 12 स्कूल परिसर में एवं 16 केन्द्र अन्य भवन में संचालित है। **(ख)** खुले स्थानों या टिन शेड आदि में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या निरंक है। विगत दो वर्षो में अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 86 आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। वर्तमान में सभी आंगनबाड़ी भवन निर्माणाधीन है। **(ग)** जी नहीं। भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु भवन निर्माण की स्वीकृति वित्तीय संसाधनो की उपलब्धता के आधार पर दी जाती है।

जिला बेमेतरा में संचालित पीडीएस दुकानों के चावल की गुणवत्ता की जांच

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

50. (क्र. 950) श्री दीपेश साहू : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नागरिक आपूर्ति निगम से पीडीएस की दुकानों तक पहुंचाए गये चांवल की गुणवत्ता की जांच किसके द्वारा की जाती हैं? गुणवत्ता की जांच के क्या मापदंड हैं? जानकारी देवें? **(ख)** जिला बेमेतरा में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में पीडीएस दुकानों का संचालन करने वाले संचालनकर्ता के द्वारा चांवल की गुणवत्ता को लेकर कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं तथा कितनी शिकायतों का निराकरण किया गया है? विकासखण्डवार जानकारी देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) नागरिक आपूर्ति निगम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों तक पहुंचाए गये चावल की गुणवत्ता की जांच नागरिक आपूर्ति निगम के गुणवत्ता कर्मियों द्वारा की जाती है। चावल की गुणवत्ता जांच के मापदण्ड **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जिला बेमेतरा में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में उचित मूल्य दुकान संचालनकर्ताओं से चावल की गुणवत्ता की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शेषांश के संबंध में प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में फोर्टीफाईड राइस कर्नल (एफ.आर.के.) की मात्रा

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

51. (क्र. 952) श्री दलेश्वर साहू : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में भेजने वाले चावल में फोर्टीफाईड राइस कर्नल (एफ.आर.के.) की मात्रा मिलाई जाती है? यदि हां, तो वर्ष 2024-25 में फोर्टीफाईड राइस कर्नल (एफ.आर.के.) की खरीदी किस माध्यम से कब और किस दर पर किन एजेंसियों से की गई है? क्या खरीदी किये गये फोर्टीफाईड राइस कर्नल (एफ.आर.के.) का मूल्य जिलेवार अलग-अलग है? यदि हां, तो मूल्य में अंतर होने का क्या कारण है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : जी हाँ, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में भेजने वाले चावल में फोर्टीफाईड राईस कर्नल (एफ.आर.के.) की मात्रा मिलाई जाती है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में मई 2025 के पूर्व मिलरों द्वारा विभिन्न एफ.आर.के. निर्माताओं से भिन्न-भिन्न दरों पर फोर्टीफाईड राईस कर्नर (एफ.आर.के.) की खरीदी की जाती थी। मई 2025 से निविदा के माध्यम से चयनित एवं सूचीबद्ध एफ.आर.के. आपूर्तिकर्ताओं से जिलेवार निर्धारित दरों पर आवश्यकतानुसार फोर्टीफाईड राईस कर्नेल क्रय की जा रही। निविदा में निर्धारित दरों एवं आपूर्तिकर्ताओं की **जानकारी प्रपत्र में संलग्न है।** जी हाँ, खरीदी किये गयें फोर्टीफाईड राईसकर्नल (एफ.आर.के.) का मूल्य जिलेवार अलग-अलग है। निविदा के माध्यम से दरे प्राप्त होने के कारण दरों में अंतर है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

जिला बिलासपुर में महिला अधिकारियों/कर्मचारियों से दुर्व्यवहार की प्राप्त शिकायतें

[महिला एवं बाल विकास]

52. (क्र. 957) श्री सुशांत शुक्ला : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या विधानसभा के फरवरी – मार्च, 2025 सत्र में दिनांक 11 मार्च, 25 की प्रश्नोत्तरी सूची में अंकित अतारांकित प्रश्न संख्या 45 (क्र-1749) के उत्तर में पाँच प्रकरणों में कार्यवाही प्रक्रियाधीन होना बताया गया था? क्या उक्त प्रकरणों में जांच की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है? यदि नहीं तो कारण बताएं? **(ख)** यदि उक्त पाँच प्रकरणों में जांच की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई हो तो जांच में क्या पाया गया? जांचकर्ता अधिकारी के नाम एवं पदनाम बताएं? **(ग)** प्रकरणों में दोषियों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? दोषी अधिकारी/कर्मचारियों के नाम, पदनाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जी हाँ। जी हाँ प्रक्रियाधीन पांच प्रकरणो में जाँच की गयी है। उपरोक्त पाँच प्रकरणों में से 02 प्रकरणों पर कार्यवाही की जा चुकी है, 02 प्रकरण पर माननीय न्यायालय में विचाराधीन है एवं 01 प्रकरण आंतरिक शिकायत समिति द्वारा जाँच की गई। शिकायतकर्ता के द्वारा उक्त समिति के कार्यवाही से संतुष्ट नहीं होने के कारण स्थानीय शिकायत समिति में प्रकरण दर्ज किया गया है एवं स्थानीय शिकायत समिति में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(ख)** प्रश्नांश ''ख'' की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसारहै। **(ग)** प्रश्नांश ''ग'' की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की नीलामी

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

53. (क्र. 960) श्री इंद्र साव : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में से कितने मीट्रिक टन धान की

नीलामी की गई है? उपार्जित धान की प्रति क्विंटल कितने रूपये की दर प्राप्त हुई है? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार कितने मीट्रिक टन धान की नीलामी की गई तथा प्रति क्विंटल किस दर पर उपार्जित धान का विक्रय शासन द्वारा किया गया है? **(ग)** क्या यह सही है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में से 35 लाख मीट्रिक टन धान को राज्य सरकार को बेचना पड़ा व नीलामी से करीब 7 हजार करोड़ रूपए का नुकसान शासन को हुआ है? **(घ)** खरीफ सीजन 2024-25 में समर्थन मूल्य पर कितने मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है एवं जून, 2025 तक कितने मीट्रिक टन धान का उठाव राइस मिलर्स के द्वारा किया गया है एवं कितना मीट्रिक टन धान संग्रहण में रखा है एवं कितना मीट्रिक टन धान का उठाव बाकी है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान में से 36.12 लाख मे.टन धान को ई-ऑक्शन प्लेटफार्म पर नीलामी हेतु जारी किया गया। ई-ऑक्शन में धान की दर 01 रूपये से 18019 रूपये प्रति क्विंटल प्राप्त हुआ है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार दिनांक 04.07.2025 की स्थिति में ई-ऑक्शन तथा प्राइस मेचिंग के आधार पर क्रेता को 12.84 लाख मीट्रिक टन धान जारी किया गया तथा शासन द्वारा विक्रय हेतु प्रति क्विंटल निर्धारित दर निम्नानुसार है:-

विवरण	**कॉमन**		**ग्रेड-ए**	
	नया बारदाना	**पुराना बारदाना**	**नया बारदाना**	**पुराना बारदाना**
एक क्विंटल धान की कीमत (बारदाना सहित)	1950 रूपये प्रति क्विंटल अथवा इससे अधिक दर	1900 रूपये प्रति क्विंटल अथवा इससे अधिक दर	2100 रूपये प्रति क्विंटल अथवा इससे अधिक दर	2050 रूपये प्रति क्विंटल अथवा इससे अधिक दर

(ग) जी नहीं, राज्य में अतिशेष धान के निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। संपूर्ण अतिशेष धान की नीलामी से निराकरण होने के पश्चात वास्तविक स्थिति ज्ञात हो सकेगी।**(घ)** खरीफ सीजन 2024-25 में समर्थन मूल्य पर 149.25 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है एवं 30 जून, 2025 तक 112.47 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव राइस मिलर्स के द्वारा किया गया है। धान संग्रहण में 37.76 लाख मीट्रिक टन भण्डारित किया गया है, जिसमें से 26.13 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव होना बाकी है।

आंगनबाड़ी केन्द्रों में गुणवत्ताविहीन सामग्रियों की खरीदी की जांच

[महिला एवं बाल विकास]

54. (क्र. 961) श्री इंद्र साव : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों एवं महिलाओं के लिए गुणवत्ताविहीन सामग्री की खरीदी में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता की जांच के लिए क्या विभाग द्वारा विशेष जांच समिति का गठन किया गया है? यदि हां तो जांच में किन-किन अधिकारियों को जांच समिति में शामिल किया गया है व जांच समिति द्वारा अभी तक जांच रिपोर्ट शासन को सौंपी जा चुकी है अथवा नहीं? **(ख)** गुणवत्ताविहीन घटिया सामग्रियों की सप्लाई करने वाले जिम्मेदार फर्म/एजेंसी तथा अधिकारियों के उपर शासन द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? जिलेवार जानकारी दें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जी हां। गठित जांच समिति का आदेश संलग्न प्रपत्र अनुसार है। जांच समिति द्वारा प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत कर दी गई है। **(ख)** प्रतिवेदन अनुसार युक्तियुक्त कार्यवाही करते हुए निम्न जिलों में प्रदाय करने वाले फर्मों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है:-

क्र.	जिले का नाम	फर्म का नाम
1	जशपुर	आयुष मेटल इंडस्ट्रीज
2	जांजगीर-चाम्पा	नमो इंटरप्राईजेस
3	दुर्ग	अर्बन सप्लायर्स
4	दुर्ग	मनीधारी सेल्स
5	जांजगीर-चाम्पा	ओरियंटल सेल्स कॉर्पोरेशन

[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में व्यय राशि

[महिला एवं बाल विकास]

55. (क्र. 963) श्री मोतीलाल साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या किसी एनजीओ या सामाजिक संस्थाओं द्वारा आदर्श विवाह कार्यक्रम का आयोजन किये जाने पर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की पात्रता रखने वाली कन्या को प्रोत्साहन राशि दी जाती है? यदि हां तो विगत एक वर्ष में कितने आवेदन प्राप्त हुये हैं और कितनी राशि प्रदान की गई? **(ख)** वर्ष 2024 से वर्ष 2025 तक (दिनांक 31 मई, 2025 की स्थिति में) वर्षवार मुख्यमंत्री कन्या दान योजना के तहत कितनी कन्याओं को योजना का लाभ दिया गया है? **(ग)** प्रश्नांक ''ख'' अंतर्गत उक्त योजना अंतर्गत किये गये कुल व्यय की राशि की जानकारी प्रदान करें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जी नहीं। अतः शेष प्रश्नांश की जानकारी निरंक है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित सार्वजनिक उचित मूल्य की दुकाने

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

56. (क्र. 964) श्री मोतीलाल साहू : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितनी सार्वजनिक उचित मूल्य की दुकानें संचालित हैं? वार्डवार जानकारी देवें? **(ख)** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान में नवीन सार्वजनिक उचित मूल्य की दुकान प्रारंभ किये जाने की कार्यवाही कब तक पूरी कर ली जावेगी?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 92 शासकीय उचित मूल्य दुकाने संचालित है। वार्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में नवीन उचित मूल्य दुकान प्रारंभ करने के लिए जारी विज्ञापन सम्बन्धी प्रक्ररण में माननीय न्यायालय द्वारा विज्ञापन को अपास्त/रद्द किया गया है। वर्तमान में प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में विचाराधीन है। अतः निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]

संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के आँगनबाड़ी केन्द्रों हेतु गुणवत्ताहीन सामग्रियों की खरीदी

[महिला एवं बाल विकास]

57. (क्र. 968) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र में संचालित आँगनबाड़ी केन्द्रों के लिए वर्ष 2023-24 से जून,2025 तक गुणवत्ताहीन सामग्रियों की खरीदी कर आपूर्ति किये जाने की शिकायत महिला एवं बाल

विकास विभाग को प्राप्त हुई है या मामला संज्ञान में आया है तथा विभाग द्वारा तत्संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की गयी है? जानकारी देवें? **(ख)** किन-किन फर्मों/एजेंसियों के माध्यम से कितनी राशि की कौन-कौन सी सामग्रियॉं कितनी-कितनी मात्रा में खरीदी गयी हैं? खरीदी हेतु उक्त फर्मों/एजेंसियों का निर्धारण किस आधार पर किया गया? इन फर्मों/एजेंसियों को दिनांक 24.06.2025 की स्थिति में कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है एवं कितनी राशि का भुगतान करना शेष है? जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) प्रश्नांश-'क' की अवधि में संजारी-बालोद विधानसभा क्षेत्र में संचालित ऑगनबाड़ी केन्द्रों में प्रदायित सामग्री की गुणवत्ता के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं है और न ही मामला संज्ञान में आया है। निविदा शर्तो के अनुसार सामग्री प्रदाय के पूर्व एवं प्रदाय पश्चात् गुणवत्ता व तकनीकी परीक्षण कराये जाने की शर्त रखी गई थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदायित सामग्री में गुणवत्ता संबंधी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। वर्ष 2024-25 में सामग्री प्रदाय पश्चात् तकनीकी परीक्षण में अनाज कोठी, मेस ट्रे तथा लोहे का तवा मानक मापदण्डों के अनुसार नहीं पाई गई फलस्वरूप उन्हें बदलने के साथ ही जेम पोर्टल के माध्यम से प्रतिबंधित करने की कार्यवाही की गई है। **(ख)** प्रश्नांश-'क' के प्रकाश में विधानसभा संजारी बालोद एवं बालोद जिले के लिए क्रय एवं भुगतान संबंधी जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। सामग्री क्रय हेतु फर्मों/एजेंसियों का निर्धारण छ.ग. शासन भण्डार क्रय नियम-2002 (यथासंशोधित) तथा भारत शासन के जेम पोर्टल के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

जिला महासंमुद की आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों में अनियमितता की प्राप्त शिकायतें

[महिला एवं बाल विकास]

58. (क्र. 972) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला महासमुंद अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ी के संचालन हेतु न्यूनतम बच्चों की दर्ज संख्या क्या निर्धारित है? न्यूनतम दर्ज संख्या से कम बच्चों वाले आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या विकासखण्डवार बतायें, साथ ही ऐसे केन्द्रों पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है? **(ख)** क्या यह सत्य है कि महासमुंद जिले में दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 24 जून, 2025 की अवधि में विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में अनियमितता संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ, तो प्राप्त शिकायतों की संख्या एवं उस पर की गई कार्यवाही विकासखण्डवार बतायें? **(ग)** महासमुंद जिले में आंगनबाड़ी सुपरवाइज़र, कार्यकर्ता एवं सहायिका के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की संख्या दिनांक 24.06.2025 की स्थिति में विकासखण्डवार बतायें? रिक्त पदों पर नियुक्ति कब तक कर दी जाएगी?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) आंगनबाड़ी सेवाएं एक सार्वभौम योजना है जिसमें लक्षित हितग्राही के लिए संख्या निर्धारित नहीं है। तथापि योजना मापदण्डों के अनुसार शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में 400 एवं आदिवासी/पहाड़ी/दुर्गम क्षेत्रों में 300 तथा जनमन क्षेत्रों के लिए 100 की जनसंख्या पर आंगनबाड़ी केंद्र प्रारंभ किये जाने का प्रावधान है। उक्त के प्रकाश में शेष जानकारी निरंक है। **(ख)** जिला-महासमुंद में प्रश्नांश अवधि में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन में अनियमितता संबंधी जानकारी प्रकाश में नहीं आई है। **(ग)** प्रश्नांश-'ग' अनुसार वांछित विवरण **संलग्ल प्रपत्र अनुसार है।** रिक्त पदों पर नियुक्ति की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]

समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत संचलित योजनाएं

[समाज कल्याण]

59. (क्र. 974) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला रायगढ़ अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग में कौन कौन सी योजनाएं संचालित हैं? जानकारी देवें? **(ख)** पेंशन योजनाओं हेतु कितने आवेदन विभाग को प्राप्त हुए है? विकलांग /विधवा/वृद्धा पेंशन की पृथक् पृथक् योजनावार विकासखंडवार जानकारी देवे? **(ग)** वर्ष 2023-24 से जून, 2025 की स्थिति में कितनी स्वीकृति प्रदान की गयी है? कितनो-आवेदन लंबित हैं? कब तक स्वीकृति प्रदान की जाएगी?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र -अ** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र -ब** अनुसार है। **(ग)** वर्ष 2023-24 से जून 2025 की स्थिति में 2278 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई है। कोई भी आवेदन लम्बित नही है। प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]

दिव्यांगजनों की सहायक हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को प्रदत्त आर्थिक सहायता

[समाज कल्याण]

60. (क्र. 980) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राज्य में स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित दिव्यांगजनों के शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थाएं, घरौंदा केन्द्र, हॉफ-वे-होम, कुष्ठ आश्रम, वृद्धाश्रम, प्रशामक गृह, नशा मुक्ति केंद्र तथा भिक्षुक पुनर्वास केंद्रों को वर्ष 23-24 तथा 2024-25 में राज्य अनुदान राशि प्राप्त करने की पात्रता कितनी-कितनी राशि की थी? उसके विरूद्ध कितनी-कितनी राशि दी गई तथा शेष कितनी-कितनी है? केन्द्रवार, वर्षवार, संस्थावार बताइए? **(ख)** क्या यह सही है कि अनेक स्वैच्छिक संस्थाओं को समय पर अनुदान की राशि प्राप्त नहीं होने के कारण निजी व्यक्तियों से उधार लेकर केन्द्रों का संचालन करना पड़ता है? **(ग)** उक्त आर्थिक समस्या का स्थायी निराकरण करने के लिए विभाग क्या कोई सार्थक निर्णय लेगा ताकि समय पर अनुदान की राशि दी जा सके?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** जी नहीं। स्वैच्छिक संस्थाओं को निजी व्यक्तियों से उधार लेकर संस्था संचालन नहीं करना पड़ रहा है। **(ग)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

धान खरीदी केन्द्रों में न्यूनतम पारिश्रमिक की दरें

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

61. (क्र. 981) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केन्द्रों पर तुलैयों तथा हमालों द्वारा किये जाने वाले कार्यो हेतु किस दर से राशि 2023-24 तथा 2024-25 में दी गई? **(ख)** उक्त वर्षो के लिये कृषि विभाग के द्वारा अधिसूचित कार्यवार न्यूनतम पारिश्रमिक की दरें क्या-क्या है? इनमें से किन-किन कार्यो के लिये राशि खरीदी केन्द्रों को दी जाती है तथा किन-किन कार्यो का व्यय भार किसानों के द्वारा वहन किया जाता है? **(ग)** उक्त वर्षो के लिए भारत सरकार द्वारा कॉस्ट शीट में उल्लिखित मंडी लेबर चार्ज की दरें क्या-क्या है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) :(क) समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केन्द्रों हेतु सहकारी समितियों को

प्रासंगिक व्यय (मंडी लेबर चार्ज) के रूप में खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली विभाग भारत सरकार द्वारा स्वीकृत प्रावधिक दर खरीफ विपणन वर्ष **2023-24** में **17.17** रूपए प्रति क्विंटल तथा खरीफ विपणन वर्ष **2024-25** में **22.05** रूपए प्रति क्विंटल की दर से राशि भुगतान की गई है। **(ख)** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा न्यूनतम पारिश्रमिक दर के संबंध में जारी अधिसूचना दिनांक **02.12.2022 प्रपत्र** में संलग्न है। खरीदी केन्द्रों को दी जाने वाली राशि की जानकारी प्रश्नांश ''क'' के उत्तर में दी गई है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** भारत सरकार द्वारा स्वीकृत प्रावधिक कॉस्ट शीट अनुसार (मंडी लेबर चार्ज की दर) खरीफ विपणन वर्ष **2023-24** में **17.17** रूपए प्रति क्विंटल तथा खरीफ विपणन वर्ष **2024-25** में **22.05** रूपए प्रति क्विंटल है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]

नक्सल प्रभावित जिलों में नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन

[महिला एवं बाल विकास]

62. (क्र. 985) श्री विक्रम मंडावी : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश के नक्सल प्रभावित जिलों में नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है? जिलेवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में उक्त योजना के तहत कितनी-कितनी राशि, किस-किस काम में, कब-कब व्यय की गई, सम्पूर्ण जानकारी बतावें? **(ग)** उक्त संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में कितने केन्द्र स्वयं के भवन में संचालित हैं? कितने किराये के भवनों में संचालित हैं? कितने में शौचालय बना है? कितने शौचालयविहीन हैं? कितने में जल जीवन मिशन या अन्य स्रोत से पेयजल व्यवस्था है? कितने पेयजल व्यवस्थाविहीन हैं? सम्पूर्ण जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) नियद नेल्लानार योजना अन्तर्गत चिन्हांकित कैम्प एरिया में कुल 511 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। जिलेवारजानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसारहै। **(ख)** आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन केन्द्र शासन की आंगनबाड़ी सेवाएं अन्तर्गत उपलब्ध निधिसे किया जाता है। इस योजना के संचालन के लिए विभाग के नियमित बजट से राशि दी जाती है। नियद नेल्लानार योजना से आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन हेतु राशि प्राप्त नहीं हुई है। **(ग)** कंडिका-'क' अनुसार संचालित केन्द्रों में से 224 केन्द्र स्वयं के भवन में, 248 केन्द्र किराये के भवन में संचालित है। स्वयं के भवनों में से 121 केन्द्रों में शौचालय है तथा 103 केन्द्र शौचालयविहीन है। सभी 511 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल की व्यवस्था है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]

आंगनबाड़ियों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों हेतु क्रय की गई सामग्री

[महिला एवं बाल विकास]

63. (क्र. 993) श्री योगेश्वर राजू सिन्हा : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022-23 से 30 मार्च, 2025 तक महासमुंद विधान सभा क्षेत्रांतर्गत संचालित आंगनबाड़ियों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों हेतु कितनी-कितनी मात्रा में कौन-कौन सी सामग्री क्रय की गई थी? उक्त खरीदी हेतु जिम्मेदारी किस शाखा के किस स्तर के अधिकारियों को दी गई थी? क्रय आदेश दिनांक व अधिकारियों का नाम, पदनाम सहित विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' की सामग्री किस-किस फर्म से, किस-किस दर पर क्रय की गई? क्या सामग्री प्रदायकर्ता फर्म द्वारा निर्धारित मात्रा से कम आपूर्ति की गई थी? यदि हां तो कौन-कौन सी सामग्री कितनी-कितनी कम मात्रा में आपूर्ति की गई? कम आपूर्ति करने पर प्रदायकर्ता फर्म पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? **(ग)** प्रश्नांश 'क' की क्रय की गई सामग्री

गुणवत्ताहीन होने अथवा निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं होने की कितनी शिकायतें कहां-कहां से प्राप्त हुई? संबंधितों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क)जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसारहै। (ख) सामग्री क्रय संबंधी विवरण **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। किसी भी सामग्री के कम मात्रा में आपूर्ति नहीं हुई है।अतः शेष जानकारी निरंकहै। **(ग)** सभी प्रदायित सामग्री की गुणवत्ता के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं है। अतःशेष जानकारी निरंकहै।

[संलग्न "परिशिष्ट - पचास "]

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

धान की कस्टम मिलिंग एवं भुगतान

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

1. (क्र. 31) श्री अजय चंद्राकर : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खरीफ वर्ष 2024-25 अंतर्गत कितने मात्रा धान की कस्टम मिलिंग किया जाना है और 15 जून, 2025 की स्थिति में कितनी मात्रा धान की कस्टम मिलिंग हेतु उठाव किया जा चुका है तथा कितनी मात्रा का कस्टम मिलिंग कर जमा कर दी गयी है? जमा करने का समयावधि क्या तय की गयी है? **(ख)** उक्त अवधि में खरीफ वर्ष 2019-20 से 2022-23 तक कितनी मात्रा धान की कस्टम मिलिंग कर, जमा नहीं की गयी है और उसका मूल्य कितना है तथा जमा नही करने का कारण क्या है और कब तक जमा करने की समायावधि तय की गयी है? **(ग)** उक्त अवधि में राईस मिलर्स को किन-किन वर्षो की कस्टम मिलिंग का, कितनी-कितनी राशि का भुगतान करना शेष है? तथा उसका कारण क्या है? ऐसे कितने प्रकरण हैं, जिसमें मिलर्स द्वारा देयक प्रस्तुत करने के उपरांत भी भुगतान अब तक भुगतान नहीं किया गया है? वर्षवार बतायें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) खरीफ वर्ष 2024-25 अंतर्गत 118.17 लाख मे.टन मात्रा धान की कस्टम मिलिंग किया जाना है। 15 जून, 2025 की स्थिति में 111.42 लाख मे.टन मात्रा धान कस्टम मिलिंग हेतु उठाव किया जा चुका है एवं 32.31 लाख मे.टन मात्रा का कस्टम मिलिंग कर चावल जमा कर दिया गया है। चावल जमा किये जाने की समयावधि 30 नवम्बर 2025 तय की गयी है।**(ख)** खरीफ वर्ष 2019-20 से 2022-23 कस्टम मिलिंग कर, जमा नहीं की गयी धान की मात्रा, उसका मूल्य तथा जमा करने की समायावधि की जानकारी निम्नानुसार है:-

मात्रा में. टन में एवं राशि करोड में

खरीफ वर्ष	मिलर द्वारा उठाव धान जिसका चावल जमा किया जाना शेष है	चावल जमा हेतु शेष धान का मूल्य	चावल जमा किअंतिम तिथि
2019-20	594.00	2.00	31.01.2022
2020-21	961.58	3.18	31.03.2022
2021-22	6972.72	24.75	11.01.2023
2022-23	25731.33	93.03	31.12.2023

चावल जमा की कार्यवाही मिलर द्वारा की जाती है, चावल जमा नही किये जाने पर चावल जमा हेतु शेष मात्रा पर विपणन संघ द्वारा राशि की वसूली की जाती है। **(ग)** खरीफ वर्ष 2019-20 से 2022-23 तक की अवधि में राईस मिलर्स को वर्षवार राशि भुगतान शेष की कारण सहित जानकारी तथा ऐसे प्रकरण जिनमें मिलर्स द्वारा देयक प्रस्तुत करने के उपरांत भी भुगतान अब तक नहीं किया गया है की दिनांक 15 जून 2025 की स्थिति में वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है:-

(**राशि लाख रूपये में**)

खरीफ वर्ष	कस्टम मिलिंग की लंबित राशि	लंबित का कारण	ऐसे प्रकरण, जिसमें मिलर्स द्वारा देयक प्रस्तुत करने के उपरांत भी भुगतान अब तक नहीं किया गया है
2019-20	1.96	मिलर द्वारा देयक प्रस्तुत नहीं करने के कारण	निरंक
2020-21	24.98		निरंक
2021-22	98.75		निरंक
2022-23	605.79		निरंक
योग	**731.48**		निरंक

<u>प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत प्राप्त बजट एवं उसका व्यय</u>

[महिला एवं बाल विकास]

2. (क्र. 32) श्री अजय चंद्राकर : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक प्राप्त बजट एवं उसके व्यय की जानकारी दें । **(ख)** छत्तीसगढ़ में पी.वी.टी.जी. (Particularly Vulnerable Tribal Group) विशेष रूप से कमजोर जनजाति क्षेत्र कहां-कहां चिन्हाकित किये गये? **(ग)** प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 (15 जून, 2025 की स्थिति में) पीवीटीजी बसाहटों वाले क्षेत्रों में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन करने का लक्ष्य रखा गया था तथा लक्ष्य के विरूद्ध कितने संचालित हैं? इनमें से कितने केन्द्र भवन विहीन हैं और इस स्थिति में कहां-कहां संचालन किया जा रहा है? **(घ)** उक्त वित्तीय वर्ष में केन्द्र सरकार द्वारा कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुयी है? उनमें से कितनी-कितनी राशि, किन-किन कार्यो में व्यय की गयी है एवं कितनी शेष है? व्यय नही करने का कारण क्या है? वर्षवार, जिलावार अलग-अलग बतायें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) 2022-23 से 2025-26 तक प्राप्त बजट एवं व्यय की जानकारी-

वर्ष	प्राप्त बजट	व्यय
2022-23	-	-
2023-24	64800000	63126000
2024-25	124800000	38109400
2025-26	-	-

(ख)जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''अ''** अनुसारहै। **(ग)** वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 (15 जून, 2025 की स्थिति में) पीवीटीजी बसाहटों वाले क्षेत्रों में 197 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन करने का लक्ष्य रखा गया था तथा लक्ष्य के विरूद्ध 197 केन्द्र संचालित हैं। इनमें से 196 केन्द्र भवन विहीन हैं और इस स्थिति में भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन, किराए के भवन में, सामुदायिक भवन में, अन्य शासकीय भवन में, किया जा रहा है। **(घ)** प्रश्नाधीन अवधि में कुल राशि रूपये 18,96,00,000 प्राप्त हुई है। भवन निर्माण कार्य में राशि रूपये 10,12,35,400/- व्यय हुई है एवं राशि रूपये 8,83,64,600/ शेष है। वर्षवार जिलेवार विवरण **संलग्न प्रपत्र-''ब''** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन"]

राज्य के धान खरीदी केंद्रों में धान का उठाव

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

3. (क्र. 115) श्री भूपेश बघेल : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-जून, 2025 की स्थिति में राज्य के धान खरीदी केंद्रों में कितना धान उठाव हेतु शेष है? सोसायटियों से संग्रहण केन्द्रों से धान अंतरित करने में हुए विलंब के क्या कारण हैं तथा उसके लिये कौन दोषी है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 30 जून, 2025 की स्थिति में राज्य के धान खरीदी केंद्रों में 0.80 लाख मे. टन धान उठाव हेतु शेष है। उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है । अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है ।

कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के निवारण व प्रतिषेध हेतु कार्ययोजना

[महिला एवं बाल विकास]

4. (क्र. 202) श्री ललित चंद्राकर : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध, और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के विधि निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करवाने के लिए महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा क्या-क्या कार्य योजना बनाई गई है? विस्तृत जानकारी दें। **(ख)** क्या प्रश्नांक 'क' अनुसार उक्त कार्य योजना को सर्व साधारण की जानकारी में लाने के लिए कोई समय-सीमा तय की गई है? आंतरिक शिकायत समिति और स्थानीय शिकायत समितियों के क्षमतावर्धन के लिए क्या योजना बनाई है? विस्तृत जानकारी दें। **(ग)** प्रश्नांक 'ख' अनुसार आंतरिक शिकायत समिति के दस्तावेजों को नियमानुसार संधारित करने के लिया क्या योजना बनाई गई है? विस्तृत विवरण दें।

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के विधि निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अधिनियम के प्रावधानो को लागू करने हेतु कार्ययोजना तैयार न कर सीधे अधिनियम के प्रावधानो को लागू करने की कार्यवाही सुनिश्चित की गयी है। अधिनियम की धारा 4 के अनुपालन में सभी कार्यस्थल, जहॉ 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है, में आंतरिक शिकायत समिति के गठन किए जाने हेतु निरंतर दिशा निर्देश जारी किए गए है, अद्यतन स्थिति में प्रदेश के 5953 शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी कार्यालयों में आंतरिक शिकायत समिति गठित है एवं कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। निजी कार्यस्थलो में भी आंतरिक शिकायत समिति के गठन के लिए निरंतर अधिनियम की धारा 5 के अनुपालन में अधिनियम की अधीन शक्तियों का प्रयोग करने एवं कृत्यों का निर्वहन करने हेतु नोटिफिकेशन जारी कर कलेक्टर/अपर कलेक्टर को जिला अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। अधिनियम की धारा 6 के अनुपालन में प्रदेश के समस्त 33 जिलों में स्थानीय शिकायत समिति का गठन किया गया है। अधिनियम के प्रावधानो को लागू किए जाने हेतु सतत् रूप से कार्यवाही की जा रही है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार अधिनियम को सर्वसाधारण की जानकारी में लाए जाने की कोई समय-सीमा नहीं है, अपितु अधिनियम के प्रवृत्त होते ही इसके समस्त प्रावधान लागू है एवं सर्वसाधारण को इसकी जानकारी लाए जाने हेतु समय-समय पर विभिन्न प्रचार माध्यमों के द्वारा जनजागरण किया गया है एवं सतत् रूप से किया जा रहा है। आंतरिक शिकायत समिति एवं स्थानीय शिकायत समिति के पदाधिकारियों के क्षमतावर्द्धन के लिए समय-समय पर राज्य स्तर एवं जिलों में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है एवं सतत् रूप से किया जा रहा है। **(ग)** प्रश्नांश 'ख' के अनुसार आंतरिक शिकायत समिति के दस्तावेजो को संधारण करने की कार्यवाही कार्यस्थल पर गठित आंतरिक शिकायत समिति के द्वारा की जाती हैं, अतः पृथक से योजना नहीं बनायी गयी है। भारत शासन द्वारा

भी कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन हेतु She-Box पोर्टल बनाया गया है, जिस पर जानकारी अद्यतन की जा रही है।

जांजगीर-चांपा अंतर्गत कार्यरत एन.जी.ओ.

[समाज कल्याण]

5. (क्र. 421) श्री ब्यास कश्यप : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** जिला जांजगीर-चांपा में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत कार्य करने के लिए कौन-कौन से एन.जी.ओ. पंजीकृत हैं?संस्थाओं के नाम व पते सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के किन-किन एन.जी.ओ. को वर्ष 2022 से जुलाई 2025 तक कितनी-कितनी राशि के कार्य, किस-किस प्रयोजन हेतु आबंटित/अनुदान दिया गया? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** पंजीकृत कौन-कौन से एन.जी.ओ. द्वारा दिव्यांग बच्चों हेतु विद्यालय/महाविद्यालय संचालित किए जाते हैं? विद्यालय/महाविद्यालय में संचालित कोर्स कहां-कहां से मान्यता प्राप्त हैं? दिव्यांग स्कूल एवं कॉलेज में अध्यापन कार्य हेतु शासन द्वारा क्या-क्या योग्यता निर्धारित है? क्या संचालित सभी स्कूलों/महाविद्यालयों में निर्धारित मापदंड अनुसार अध्यापकों की नियुक्ति की गई है? यदि नहीं तो कब तक की जावेगी?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जिला-जांजगीर-चांपा में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत पंजीकृत एन.जी.ओ. के नाम व पते सहित जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र.	कार्यरत संस्था का नाम	पता
1.	भारतीय कुष्ठ निवारण संघ,	कात्रेनगर चांपा, जिला-जांजगीर-चांपा
2.	दिव्यांगजन कल्याण सेवा समिति पामगढ़	ब्लॉक कॉलोनी के पीछे नगर पंचायत पामगढ़ जिला-जांजगीर-चांपा
3.	देव सेवा समिति	माँ मनका दाई मंदिर परिसर ग्राम खोखरा, जिला-जांजगीर-चांपा
4.	श्री सहदेव गांगा कुष्ठ कल्याण समिति	प्रेमनगर चांपा, जिला-जांजगीर-चांपा
5.	द लेप्रोसी मिशन ट्रस्ट इंडियन छत्तीसगढ़ वोकेशनल टेनिंग सेन्टर	बेल्दार पारा, जिला-जांजगीर-चांपा
6.	युवा मंडल खेलकूद सांस्कृतिक समिति	जिला-जांजगीर-चांपा
7.	उन्नायक सेवा समिति	सिंचाई कॉलोनी जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा

(ख) जिला-जांजगीर-चांपा में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत पंजीकृत एन.जी.ओ. को वर्ष 2022 से जुलाई 2025 तक आबंटित अनुदान राशि एवं कार्य/प्रयोजन की वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र.	संस्था का नाम	कार्य/प्रयोजन	आबंटित अनुदान				
			2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26 जुलाई 2025 की स्थिति में
1.	भारतीय कुष्ठ निवारण संघ	कुष्ठ आश्रम का संचालन	7,94,000/-	6,78,800/-	6,50,000/-	5,63,600/-	-

2.	दिव्यांगजन कल्याण सेवा समिति पामगढ़	दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों का विशेष विद्यालय/छात्रावास का संचालन	15,28,280/-	19,43,120/-	22,22,000/-	23,38,832/-	-
3.	देव सेवा समिति	बौद्धिक मंदता बच्चों का विशेष विद्यालय/छात्रावास का संचालन	5,04,040/-	6,78,680/-	7,84,760/-	8,02,712/-	-
		वृद्धाश्रम का संचालन	7,05,436/-	7,05,456/-	7,05,456/-	7,05,456/-	-
4.	उन्नायक सेवा समिति	नशामुक्ति केन्द्र का संचालन	-	-	-	1297670/-	-

(ग) जिला-जांजगीर-चांपा में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत पंजीकृत एन.जी.ओ. में से दिव्यांगजन कल्याण सेवा समिति पामगढ़, देव सेवा समिति (मानसिक दिव्यांग आवासीय विद्यालय) द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष विद्यालय संचालित किए जाते है। स्कूल संचालन हेतु स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है। दिव्यांग स्कूल व कॉलेज में अध्यापन कार्य हेतु दिव्यांगता अनुसार स्कूल के लिए विशेष बी.एड/डिप्लोमा तथा कॉलेज के लिए नेट/स्लैट/पी.एच.डी. शैक्षणिक योग्यता निर्धारित है। जी हॉ। प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

जिला-जशपुर अंतर्गत कुपोषित बच्चों के उपचार हेतु आवंटित व व्यय राशि

[महिला एवं बाल विकास]

6. (क्र. 425) श्रीमती गोमती साय : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला जशपुर अंतर्गत कुपोषित बच्चों के पहचान कार्यक्रम के तहत विगत 3 वर्षों में कितने कुपोषित बच्चों का उपचार किया गया? विकासखंडवार व संख्यात्मक विवरण प्रदान करें? **(ख)** उक्त विधानसभा क्षेत्र में कुपोषण को दूर करने हेतु, प्रचार-प्रसार हेतु क्या-क्या गतिविधियां आयोजित की गई एवं इसके लिए कितनी राशि आबंटन कर व्यय की गई? जानकारी प्रदान करें? **(ग)** उक्त जिला में सरकार द्वारा कुपोषित बच्चों के उपचार के लिए क्या-क्या प्रयास किये जा रहें हैं?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जी हां। विकासखण्डवार संख्यात्मक विवरणसंलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसारहै। **(ख)** जानकारीसंलग्न प्रपत्र 'ब' अनुसारहै। **(ग)** कुपोषित बच्चों के उपचार के लिए व्ही.एच.एस.एन.डी. का आयोजन, केन्द्र की कार्यकर्ता द्वारा गृह भेंट, गर्भवती का पंजीयन कर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयरन फोलिक एसिड, की दवा, प्रतिमाह बच्चों के वजन का मापन, पोषण स्तर ज्ञात करना, गंभीर कुपोषित बच्चों को एन.आर.सी. भेजना मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना अंतर्गत कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय सुविधाएं एवं दवाईयां उपलब्ध कराई जाती है एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पोषण हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

[संलग्न "परिशिष्ट - बावन"]

छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन, बंदरी (बिलाईगढ़) में नवस्थापित गोदाम में स्टॉफ की भर्ती

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

7. (क्र. 457) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के द्वारा बंदरी (बिलाईगढ़) में हाल नया गोदाम प्रारंभ

किया गया है? यदि हां, तो उक्त गोदाम हेतु कितने स्टॉफ किस आधार पर नियुक्त किए गए हैं? **(ख)** क्या नियुक्तियों में स्थानीय अधिकारियों द्वारा अपने परिजनों, रिश्तेदारों या नजदीकी लोगों को प्राथमिकता देते हुये स्थानीय योग्य युवाओं को आवेदन का अवसर नहीं दिये जाने संबंधी शिकायत/प्रकरण विभाग के संज्ञान आया है? **(ग)** क्या इन नियुक्तियों की वैधता की जांच हेतु कोई स्थल निरीक्षण, चयन प्रक्रिया का दस्तावेजी सत्यापन या अधिकारी/कर्मचारी की जवाबदेही तय की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जी हाँ। उक्त गोदाम में क्षमता के आधार पर 11 श्रमिको को पूर्णतः अस्थायी रूप से कार्य की आवश्यकता अनुसार रखा गया है। **(ख)** जी नहीं, प्रश्नांश के संदर्भ में शिकायत प्राप्त नहीं हुए है। **(ग)** बंदरी गोदाम में कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं की गयी है। श्रमिकों को पूर्णतः अस्थायी रूप से कार्य की आवश्यकता अनुसार रखा गया है । शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता ।

जिला धमतरी में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली केन्द्र के भवन

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

8. (क्र. 462) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला धमतरी में सार्वजनिक वितरण (खाद्यान्न) प्रणाली के कितने केन्द्र /दुकानें संचालित है? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या प्रश्नांश ''क'' के सभी केन्द्रों /दुकानों के स्वयं के खाद्यान्न गोदाम हैं? **(ग)** भवन-विहीन कितने केन्द्र/दुकानें है? विकासखण्डवार नाम सहित जानकारी देंवे? **(घ)** भवन-विहीन खाद्यान्न वितरण केन्द्रों/दुकानों का खाद्यान्न भंडारण कहां-कहां, कौन-कौन से भवन में किया जाता हैं? केन्द्रवार जानकारी देंवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) धमतरी जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 484 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित है। विकासखण्ड धमतरी में 151 शासकीय उचित मूल्य दुकान, विकासखण्ड कुरूद में 140 शासकीय उचित मूल्य दुकान, विकासखण्ड मगरलोड में 77 शासकीय उचित मूल्य दुकान तथा विकासखण्ड नगरी में 116 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित है। **(ख)** जी नहीं, प्रश्नांश ''क'' के शासकीय उचित मूल्य दुकानों में से 158 उचित मूल्य दुकान में स्वयं के दुकान सह गोदाम नहीं है। **(ग)** जिले में 158 उचित मूल्य दुकानों में स्वयं के दुकान सह गोदाम नहीं है। विकासखण्डवार उचित मूल्य दुकानों के नाम सहित जानकारी संलग्न **प्रपत्र** अनुसार है।**(घ)** स्वयं के दुकान सह गोदामविहीन उचित मूल्य दुकानों का खाद्यान्न भण्डारण अन्य शासकीय भवन, सामुदायिक भवन, पंचायत भवन एवं किराये के भवन में किया जा रहा है। उचित मूल्य दुकानवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन"]

राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत पर कृत कार्यवाही

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

9. (क्र. 463) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-सिहावा विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 से जून 2025 तक किन-किन ग्राम पंचायतों में राशन वितरण में किस-किस प्रकार की गड़बड़ी की शिकायतें प्राप्त हुई? क्या प्राप्त शिकायतों की जांच की गई? यदि हॉ,तो उन पर क्या कार्यवाही की गई? दुकान संचालक/सेल्स मेंन का नाम और जांच अधिकारी का नाम, की गई शिकायत सहित जानकारी बताएं?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - चौवन"]**

बिलाईगढ़ वि.स. क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में उचित मूल्य दुकानों की दूरी से हितग्राहियों को असुविधा

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

10. (क्र. 466) श्रीमती कविता प्राण लहरे : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में ऐसे कितने ग्राम हैं, जहाँ उचित मूल्य दुकानें 3 से 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं? **(ख)** क्या विभाग द्वारा ऐसे ग्रामों की ग्रामवार सूची तैयार कर, समीपस्थ वैकल्पिक व्यवस्था अथवा नई उचित मूल्य दुकान की स्वीकृति या स्थापना हेतु कोई योजना या प्रस्ताव बनाया गया है? **(ग)** यदि नहीं, क्या इन दूरस्थ ग्रामों में राशन पहुंचाने हेतु स्थायी या अस्थायी समाधान की दिशा में कोई कार्य योजना प्रस्तावित है? कृपया जानकारी दें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 28 ग्राम ऐसे हैं, जहां उचित मूल्य दुकान की दूरी 03 से 07 किलोमीटर है। **(ख)** विकासखण्ड कसडोल के ग्राम पंचायत रवान के आश्रित ग्राम तालाझर के राशनकार्डधारियों को निकटस्थ उचित मूल्य दुकान सुकुलवाय, जिला महासमुंद में संलग्न कर खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2016 में ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक ग्राम पंचायत में उचित मूल्य दुकान खोले जाने का प्रावधान है। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में उचित मूल्य दुकान संचालित है। किसी स्थान पर नवीन उचित मूल्य दुकान की मांग प्राप्त होने पर परीक्षण कराकर नियमानुसार उचित मूल्य दुकान प्रारंभ करने पर विचार किया जाता है।**(ग)** उपरोक्त ग्रामों के राशनकार्डधारी अपने मूल पंचायत स्थित उचित मूल्य दुकान से प्रतिमाह राशन सामग्री का उठाव कर रहे है। किसी स्थान पर नवीन उचित मूल्य दुकान की मांग प्राप्त होने पर परीक्षण कराकर नियमानुसार उचित मूल्य दुकान प्रारंभ करने पर विचार किया जाता है।

जिला रायपुर में समर्थन मूल्य पर धान उर्पाजन

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

11. (क्र. 494) श्री देवेन्द्र यादव : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला रायपुर में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 तथा 2024-25 में समर्थन मूल्य पर कितनी-कितनी मात्रा में धान उपार्जन हुआ, उपार्जन केन्द्रवार बताएं? **(ख)** उपार्जित धान में से कितनी-कितनी मात्रा का निराकरण हुआ तथा शेष मात्रा, यदि कोई हो तो उसका कारण क्या है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जिला रायपुर में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23**,** 2023-24 तथा 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है। खरीफ विपणन वर्षवार उपार्जन केन्द्रवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र - ब अनुसार** है। **(ख)** उपार्जित धान का निराकरण मात्रा एवं शेष मात्रा की **जानकारी संलग्न प्रपत्र - स अनुसार**है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में दर्शित शेष धान की मात्रा के निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - पचपन"]

धान खरीदी केंद्रों को दी जाने वाली कमीशन राशि एवं प्रासंगिक व्यय राशि

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

12. (क्र. 505) श्री उमेश पटेल : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायगढ़ जिलान्तर्गत धान खरीदी केंद्रों को दी जाने वाली कमीशन राशि एवं प्रासंगिक व्यय राशि देने की नियमावली क्या है? यह राशि कितनी दी जाती है? समितिवार जानकारी देवें। उक्त दोनों राशि को खर्च करने का मापदंड क्या है? कौन-कौन से मद में कितना खर्च किया जाता है? जानकारी देवें। **(ख)** क्या धान खरीदी केंद्रों के

कमीशन एवं प्रासंगिक व्यय राशि की उपयोगिता का विभाग द्वारा अंकेक्षण किया जाता है? यदि हाँ, तो कब जानकारी दें। क्या रायगढ़ जिला में समितियों में व्यय की गई उक्त दोनों मद के राशियों में अनियमितता का मामला प्राप्त हुआ है? जानकारी देवें।

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) रायगढ़ जिला अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में भारत सरकार द्वारा जारी प्रावधिक लागत पत्रक अनुसार प्रासंगिक व्यय (मंडी लेबर चार्ज) 22.05 प्रति क्विंटल एवं समिति कमीशन की राशि धान कॉमन हेतु 31.25 रू. प्रति क्विंटल एवं धान ग्रेड-ए हेतु राशि 32.00 रू. प्रति क्विंटल की राशि दिये जाने के निर्देश है। समितिवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। समितियों को प्रदाय प्रासंगिक व्यय (मंडी लेबर चार्ज) की राशि धान उपार्जन के दौरान बोरा भराई, तौल, सिलाई, लेबलिंग,लोडिंग कार्यों के लिये व्यय किया जाता है। समितियों को प्रदाय कमीशन राशि का व्यय समिति द्वारा कर्मचारियों के वेतन, स्थापना व्यय, स्टेशनरी एवं समितियों से संबंधित अन्य कार्यों हेतु किया जाता है। **(ख)** प्रति वर्ष समितियों के आय एवं व्यय का लेखा परीक्षण सहकारिता विभाग के अंकेक्षकों के माध्यम से किया जाता है। जिला रायगढ़ अंतर्गत समिति को प्राप्त उक्त दोनों मदों के राशियों में अनियमितता होने के संबंध में जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन"]

रेडी टू ईट योजना का संचालन

[महिला एवं बाल विकास]

13. (क्र. 506) श्री उमेश पटेल : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** क्या प्रदेश के छः जिलों (रायगढ़, बस्तर, दाँतेवाड़ा, बलौदाबाजार, सूरजपुर और कोरबा) में रेडी-टू-ईट का संचालन कार्य महिला समूह को दिया जाना है? यदि हॉ,तो इसके लिए क्या मापदंड रखा गया है? कितने जिलों में कितने समूहों को संचालन का काम दे दिया गया है? कितने लंबित हैं? लंबित होने के क्या कारण हैं? जानकारी देवें? **(ख)** प्रदेश में वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक बाल विवाह के कितने मामले प्रकाश में आये हैं? बाल विवाह रोकने हेतु क्या-क्या उपाय किए गए हैं? जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जी हॉ। महिला स्व सहायता समूहों के चयन का मापदण्ड संबंधीजानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र अनुसारहै। इन 06 जिलों में 40 महिला स्व सहायता समूहों का चयन किया जा चुका है। 02 जिलों में चयन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने के कारण लंबित है। **(ख)** प्रदेश में वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक बाल विवाह के 12 मामले प्रकाश में आये है। प्रदेश में बाल विवाह रोकथाम हेतु, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान, बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान संचालित है। बाल विवाह की रोकथाम हेतु निर्देश एवं रणनीति तैयार कर सभी जिलों एवं संबंधित विभागों को प्रेषित की गई है। जिलों में जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक, पंचायत सचिव बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के रूप में प्रभावी कार्यवाही हेतु अधिसूचित है। प्रदेश में सभी संबंधित विभागों के प्रभावी समन्वय से बाल विवाह की रोकथाम की जा रही है।

जिले में संचालित उचित मूल्य दुकानें

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

14. (क्र. 517) श्री भोलाराम साहू : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले में वर्तमान में कितनी उचित मूल्य की दुकानें संचालित

हैं? विधानसभावार जानकारी देवें? **(ख)** क्या कंडिका ''क'' के अनुसार ग्रामीणों से उचित मूल्य की दुकानों, के अधिक दूरी पर स्थित होने के कारण नवीन उचित मूल्य दुकान खोलने की मांग या प्रस्ताव प्राप्त हुआ है? यदि हॉ तो इन पर क्या कार्यवाही की गई है? विवरण देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिला राजनांदगांव में 496 शासकीय उचित मूल्य दुकान तथा जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 195 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित है। विधानसभावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी हॉ। राजनांदगांव जिले के सभी ग्राम पंचायतों में उचित मूल्य दुकान संचालित है। वन नेशन वन राशनकार्ड योजना के अंतर्गत हितग्राही आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से निकटतम किसी भी उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकते है। अतः नवीन उचित मूल्य दुकान प्रारंभ नहीं किया गया। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में नवीन उचित मूल्य दुकान खोलने हेतु 04 प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इनमें से 02 नवीन उचित दुकान प्रारंभ करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा विज्ञापन जारी किया गया है तथा 02 प्रस्ताव नवीन उचित मूल्य दुकान खोलने हेतु निर्धारित मापदण्ड अनुसार नहीं पाए जाने के कारण कार्यवाही नहीं की गई ।
[संलग्न "परिशिष्ट - सनतावन"]

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंर्तगत संपन्न विवाह व प्रदाय सहायता

[महिला एवं बाल विकास]

15. (क्र. 518) श्री भोलाराम साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योंजनांतर्गत वर्ष 2022-23 से जून, 2025 तक कितनी राशि का आबंटन प्राप्त हुआ? प्राप्त आबंटन से किन-किन तिथियों में कहॉ-कहॉ पर कितनें जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ है? वर्षवार, विकासखण्डवार स्थलवार, पृथक-पृथक जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' के परिपेक्ष्य में विवाहित जोड़ों को शासन द्वारा क्या-क्या उपहार/सामग्री कितनी-कितनी राशि का प्रदान की गयी है? वर्षवार, विकासखण्डवार विवरण देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अनठावन"]

दिव्यांग मितान कार्यकताओं का मानदेय

[समाज कल्याण]

16. (क्र. 537) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में जून, 2025 तक कुल कितने दिव्यांग मितान कार्यकर्ता कार्यरत हैं, क्या उन्हें मानदेय के रूप में प्रतिमाह कोई राशि प्रदान की जाती है, यदि हॉ तो कितनी? जिलेवार जानकारी बतावें। **(ख)**क्या उक्त योजना में कार्यरत कार्यकर्ताओं को प्रदान की जाने वाली राशि में वृद्धि किये जाने के साथ ही इनको शासकीय सेवा में नियमित किये जाने हेतु शासन स्तर पर कोई प्रस्ताव विचाराधीन है, यदि हॉ तो कब तक किया जाएगा? यदि नही तो क्यो?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) प्रदेश में जून 2025 तक की स्थिति में 08 जिलों में कुल 1335 दिव्यांग मितान कार्यरत हैं। जी हॉ। जिलेवार जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र.	जिला का नाम	दिव्यांग मितानों की संख्या	मानदेय	यात्रा भत्ता	कुल राशि
1	*2*	*3*	*4*	*5*	*6*
1	बिलासपुर	148	400.00	100.00	500.00
2	मुंगेली	294	400.00	100.00	500.00
3	गौरेला-पेंड्रा-मारवाही	215	400.00	100.00	500.00
4	राजनांदगांव	145	400.00	100.00	500.00
5	मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी	87	400.00	100.00	500.00
6	खैरागढ़-छुइखदान-गंडई	92	400.00	100.00	500.00
7	कोरिया	138	400.00	100.00	500.00
8	मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर	216	400.00	100.00	500.00
	कुल	1335			

(ख) दिव्यांग मितानों के मानदेय में वृद्धि का प्रस्ताव वित्त विभाग को प्रेषित किया गया था, जिस पर असहमति व्यक्त किया गया। जी नहीं, राष्ट्रीय दिव्यांगजन पुनर्वास कार्यक्रम के तहत दिव्यांग मितानों को नियमित किये जाने का कोई प्रावधान नहीं है।

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन

[समाज कल्याण]

17. (क्र. 545) श्री ओंकार साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** समाज कल्याण विभाग द्वारा वर्तमान में किन-किन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है? योजना-वार वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक धमतरी जिले के पंजीकृत हितग्राहियों की संख्या की जानकारी प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांश**(क)** अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों हेतु कृत्रिम अंग, ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र इत्यादि वितरण के लिए कितने स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया गया? शिविरवार लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या एवं दिव्यांगता के प्रकार सहित जानकारी प्रदान करें? **(ग)** धमतरी जिले में समाज कल्याण विभाग के अधीन वर्तमान में कितने वृद्धाश्रम, बालगृह, नारी निकेतन एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के संस्थान संचालित हैं? संस्था-वार संख्या व स्थान की जानकारी दें? **(घ)** वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक समाज कल्याण विभाग द्वारा धमतरी जिले में पंजीकृत गैर-सरकारी संगठनों (NGOs) को संचालित संस्थानों हेतु कितनी अनुदान राशि प्रदान की गई? संस्था का नाम, अनुदान की राशि, उपयोग का प्रयोजन एवं मूल्यांकन रिपोर्ट की जानकारी दें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है। (ग) जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार है। (घ) जानकारी संलग्न प्रपत्र-द अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्सठ"]

महिला एवं बाल विकास विभाग में पर्यवेक्षकों के स्वीकृत/रिक्त पद

[महिला एवं बाल विकास]

18. (क्र. 567) श्री विक्रम मंडावी : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश के महिला एवं बाल विकास विभाग में पर्यवेक्षक के कितने पद स्वीकृत हैं, कितने पद रिक्त हैं? परियोजनावार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार रिक्त पदों पर विभाग द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई, रिक्त पद कब तक भरे जायेंगे? जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) दिनांक 01.06.2025 की स्थिति में

पर्यवेक्षक के स्वीकृत एवं रिक्त पदो की परियोजनावारजानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** पर्यवेक्षको के रिक्त पदो पर विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 में छ.ग. व्यापम के माध्यम से पदपूर्ति की कार्यवाही की गई। पर्यवेक्षको के रिक्त पदो की पूर्ति हेतु निश्चितसमय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - साठ"]

दिव्यांगजनों के लिए संचालित योजनायें व लाभान्वित हितग्राही

[समाज कल्याण]

19. (क्र. 569) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर में पंजीकृत महिला एवं पुरुष दिव्यांगजनों की संख्या कितनी है? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** वर्ष 2023-2024 से जून, 2025 तक कुल कितने महिला एवं पुरुष दिव्यांगजनों को, दिव्यांजनों के लिए संचालित किन - किन योजनाओं का लाभ दिया गया है? वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इकसठ"]

कांकेर जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह के आयोजन एवं व्यय

[महिला एवं बाल विकास]

20. (क्र. 571) श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला कांकेर अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 से जून, 2025 तक मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कब-कब, कहां-कहां और कितने-कितने जोड़ों का विवाह कराया गया? **(ख)** उक्त आयोजनों में कितनी-कितनी राशि, किन-किन प्रायोजनों हेतु व्यय की गई? विकासखण्डवार, आयोजनवार जानकारी प्रदान करें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) एवं **(ख)**जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बैंसठ"]

प्रदेश में शासकीय उचित मूल्य दुकानों हेतु खाद्यान्न गोदामों की उपलब्धता

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

21. (क्र. 649) श्री राजेश मूणत : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सत्य है कि प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित 6805 उचित मूल्य दुकानों में स्वयं के दुकान सह गोदाम भवन नहीं हैं? यदि हाँ तो इन दुकानों हेतु दुकान सह गोदाम भवन बनाने की विभाग की क्या योजना है? **(ख)** क्या वर्ष 2019 से 2024 तक विभागीय बजट से 13 उचित मूल्य दुकान सह गोदाम निर्माण की स्वीकृति में से 7 दुकान सह गोदाम निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है? यदि हां, तो इसका क्या कारण है? क्या इन्हें प्रारंभ कराया जायेगा? **(ग)** क्या इस कैलेण्डर वर्ष में शासन ऐसे 50 दुकान सह गोदाम निर्माण की स्वीकृति देगा?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जी नहीं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित उचित

मूल्य दुकानों में से वर्तमान में 6,585 उचित मूल्य दुकानों में स्वयं के दुकान सह गोदाम भवन नहीं है। विभागीय बजट में राशि का प्रावधान होने उपरांत उचित मूल्य दुकान सह गोदाम भवन स्वीकृत किया जा सकेगा। **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में वर्ष 2019-20 में 13 उचित मूल्य दुकान सह गोदाम निर्माण की स्वीकृति में से वर्तमान में 04 दुकान सह गोदाम निर्माण प्रारंभ नहीं हुए है। संबंधित जिलों द्वारा आबंटित राशि का आहरण नहीं किये जाने के कारण उचित मूल्य दुकान सह गोदाम भवन निर्माण प्रारंभ नहीं हो पाया है। जी हां। **(ग)** विभागीय बजट में राशि का प्रावधान होने उपरांत उचित मूल्य दुकान सह गोदाम भवन स्वीकृत किया जा सकेगा।

धान खरीदी में अनियमितता की प्राप्त शिकायतों की जांच

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

22. (क्र. 650) श्री राजेश मूणत : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सत्य है कि विपणन वर्ष 2024-25 में 31 जनवरी, 2025 तक प्रदेश में कुल 149.24 लाख मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई है तथा 05.03.2025 की स्थिति में कुल 133.50 लाख मेट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है? यदि हाँ तो कृपया बतावें शेष 15.74 लाख मेट्रिक टन धान का उठाव आज दिनांक की स्थिति में हुआ अथवा नहीं? यदि नहीं तो क्यों? **(ख)** प्रदेश में उपार्जित धान के आनुपातिक चावल उपार्जन हेतु 36.94 लाख की गोदाम क्षमता को बढ़ाने हेतु क्या उपाय किए जा रहे हैं? **(ग)** प्रश्नांश **(क)** में उल्लेखित उठाव किए गए 133.50 लाख मेट्रिक टन धान में से कितने मेट्रिक टन की कस्टम मिलिंग हो चुकी है? कितनी शेष है एवं क्यों?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जी हाँ, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में खरीदे गये धान में से दिनांक 03.07.2025 तक की स्थिति में 0.80 लाख मे.टन धान उठाव हेतु शेष है, जिसके उठाव की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नही होता है। **(ख)** राज्य में छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन की स्व निर्मित गोदाम का भंडारण क्षमता 25.15 लाख मे. टन है एवं किराये के 3.01 लाख मे. टन क्षमता है। राज्य में 1.34 लाख मे.टन क्षमता के गोदाम निर्माणाधीन है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार की पी. ई. जी. योजना अंतर्गत, राज्य स्तर समिति की संपन्न बैठक दिनांक 26.06.2025 के पश्चात, उच्च स्तरीय समिति (केन्द्र शासन) की अनुशंसा प्राप्त होने पर 9,65,250 मे. टन क्षमता के गोदाम निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ करने की योजना है। **(ग)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार दिनांक 05.03.2025 की स्थिति में कस्टम मिलिंग हेतु 98.29 लाख मे. टन धान का उठाव किया गया है। वर्तमान में कस्टम मिलिंग कार्य प्रक्रियाधीन है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।

समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की जानकारी

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

23. (क्र. 744) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 तथा 2024-25 में समर्थन मूल्य पर कितनी-कितनी मात्रा में धान उपार्जन हुआ, उपार्जन केन्द्रवार बताएं? **(ख)** उपार्जित धान में से कितनी-कितनी मात्रा का निराकरण हुआ तथा शेष मात्रा यदि कोई हो तो उसका कारण क्या है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में दिनांक 03.07.2025 तक की स्थिति में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 तथा 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की मात्रा निम्नानुसार हैः-

खरीफ विपणन वर्ष	धान उपार्जन की मात्रा (मे.टन में)
2022-23	281305.68
2023-24	386170.20
2024-25 (दिनांक 03.07.2025 तक की स्थिति में)	403767.08

खरीफ विपणन वर्ष वार उपार्जन केंद्रवार धान उपार्जन मात्रा की जानकारी **प्रपत्र संलग्न है। (ख)** उपार्जित धान में से धान निराकरण तथा शेष मात्रा की जानकारी निम्नानुसार हैः-

(मे.टन में)

खरीफ विपणन वर्ष	धान निराकरण की मात्रा	शेष धान की मात्रा	रिमार्क
2022-23	273028.04	0	
2023-24	384659.40	0	
2024-25	272329.45	112047.27	शेष धान की मात्रा के निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरसठ"]

शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का संचालन

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

24. (क्र. 750) श्री ललित चंद्राकर : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कितनी शासकीय उचित मूल्य की दुकानें स्व सहायता समूहों द्वारा और कितनी व्यक्तिगत रूप से चलायी जा रही हैं? वर्तमान में कितनी राशन दुकानें बंद हैं? बंद होने का क्या कारण है? क्या इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हॉ, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है? **(ख)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जनवरी, 2023 से 20.06.2025 तक उचित मूल्य की दुकानों के बंद होने या वित्तीय अनियमितता की कितनी शिकायत प्राप्त हुई है? शिकायतों की किस स्तर पर जॉंच की गई है? जॉंच में क्या-क्या पाया गया है तथा अभी तक क्या कार्यवाही की गई है? जानकारी देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 37 शासकीय उचित मूल्य दुकान महिला स्व सहायता समूहों द्वारा संचालित की जा रही है। व्यक्तिगत रूप से शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित नहीं की जा रही है। वर्तमान में शासकीय उचित मूल्य दुकान बंद नहीं है तथा उचित मूल्य दुकान बंद होने की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता। **(ख)** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में प्रश्नांकित अवधि तक उचित मूल्य दुकान बंद होने की 20 शिकायते तथा वित्तीय अनियमितता की 02 शिकायते प्राप्त हुई है। प्राप्त शिकायतों की जांच विकासखण्ड एवं जिला स्तर से की गयी है। उचित मूल्य दुकान बंद होने की शिकायत की जांच में 11 शिकायत सही पायी गयी, जिसमें उचित मूल्य दुकान संचालन एजेसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वित्तीय अनियमितता की शिकायत जांच में सही पायी गयी, जिसमें से 01 उचित मूल्य दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा 01 उचित मूल्य दुकान संचालन एजेंसी निलंबित किया गया है।

जिला सुकमा एवं बीजापुर में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

25. (क्र. 753) श्री विक्रम मंडावी : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला सुकमा एवं बीजापुर में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 तथा 2024-25 में समर्थन मूल्य पर कितनी-

कितनी मात्रा में धान उपार्जन हुआ, उपार्जन केन्द्रवार बताएं? **(ख)** उपार्जित धान में से कितनी-कितनी मात्रा का निराकरण हुआ तथा शेष मात्रा यदि कोई हो तो उसका कारण क्या है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जिला सुकमा एवं बीजापुर में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 तथा 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जानकारी **संलग्न प्रपत्र अ अनुसार है।** वर्षवार उपार्जन केन्द्रवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ब, स एवं द अनुसार है।(ख)** उपार्जित धान में से धान निराकरण तथा शेष मात्रा की जानकारी **संलग्न प्रपत्र इ अनुसार है।** खरीफ विपणनवर्ष 2024-25 में दर्शित शेष धान की मात्रा के निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंसठ"]

जिला कोरिया में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

26. (क्र. 756) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला कोरिया में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 तथा 2024-25 में समर्थन मूल्य पर कितनी-कितनी मात्रा में धान उपार्जन हुआ, उपार्जन केन्द्रवार बताएं? **(ख)** उपार्जित धान में से कितनी-कितनी मात्रा का निराकरण हुआ तथा शेष मात्रा यदि कोई हो तो उसका कारण क्या है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जिला कोरिया में दिनांक 03.07.2025 तक की स्थिति में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 तथा 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की मात्रा निम्नानुसार हैः-

खरीफ विपणन वर्ष	**(मात्रा मे.टन में)**
2022-23	94016.88
2023-24	124265.32
2024-25 (दिनांक 03.07.2025 तक की स्थिति में)	128475.12

वर्षवार उपार्जन केन्द्रवार जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**(ख)** उपार्जित मात्रा में से धान निराकरण तथा शेष मात्रा की जानकारी निम्नानुसार हैः-

(मात्रा मे.टन में)

खरीफ विपणन वर्ष	धान निराकरण की मात्रा	शेष धान की मात्रा
2022-23	94016.88	0
2023-24	123094.82	0
2024-25 (दिनांक 03.07.2025 तक की स्थिति में)	118726.46	9748.67

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में दर्शित शेष धान की मात्रा के निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंसठ"]

कस्टम मिलिंग (अरवा) अंतर्गत मिलर्स को आवंटित धान तथा व्यय राशि

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

27. (क्र. 759) श्री ओंकार साहू : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष (2022-23 से 2024-25 तक) कस्टम मिलिंग (अरवा) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों में कार्यरत राइस मिलर्स को नान के माध्यम से कितनी मात्रा में धान का आबंटन किया गया है? कृपया जिलेवार एवं वर्षवार विवरण प्रदान की जाए? **(ख)** उपरोक्त अवधि में कस्टम मिलिंग (अरवा) प्रक्रिया हेतु प्रति क्विंटल धान पर औसतन राज्य शासन द्वारा वहन की जाने वाली कुल राशि (जैसे – मिलिंग शुल्क, परिवहन, भंडारण,

पालिशिंग, बोरों की लागत, अन्य संचालन व्यय आदि) की जानकारी वर्षवार प्रस्तुत की जाए? **(ग)** उक्त योजना के अंतर्गत वास्तविक चावल उत्पादन लागत एवं मिलर्स को दिए गए भुगतान में क्या कोई अंतर पाया गया है? यदि हाँ, तो उसका विवरण एवं कारण प्रस्तुत किया जाए? **(घ)** प्रश्नांश ''क'' अवधि में क्या धान अधिप्राप्ति में धान के अनुपात में वास्तविक चावल की रिकवरी के संबंध में किसी प्रकार की अनियमितता या शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ, तो की गई कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत किया जाए?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) नान अरवा लक्ष्य अंर्तगत जिलों के मिलरों को वर्ष 2022-23 में 44.81 लाख मे.टन, वर्ष 2023-24 में 52.13 लाख मे.टन एवं वर्ष 2024-25 में दिनांक 05.07.2025 तक 36.00 लाख मे.टन धान आबंटित किया गया है। नान लक्ष्य अंर्तगत जारी धान की जिलेवार एवं वर्षवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र – अ अनुसार** है। **(ख)** विपणन संघ द्वारा खरीफ वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक के लिये तैयार किये गये अंकेक्षित लागत दर प्रस्ताव अनुसार अरवा चावल की प्रति क्विंटल लागत की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र –ब** अनुसार है। **(ग)** चावल का उत्पादन लागत का भुगतान मिलर को नही किया जाता है।अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।**(घ)** प्रश्नांकित अवधि में मिलर को प्रदाय धान के अनुपातिक शेष चावल जमा की राशि वसूली की जिलेवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र –स** अनुसार है।

जिला बिलासपुर में महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्राप्त राशि

[महिला एवं बाल विकास]

28. (क्र. 761) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला बिलासपुर अंतर्गत जनवरी, 2025 से जून, 2025 तक कितने महिला हितग्राहियों को डीबीटी नही होने अथवा अधार डीएक्टिव होने संबंधी कारणों से महतारी वंदन योजना राशि प्राप्त नही हुई है? उक्त की माहवार एवं विकासखण्डवार जानकारी क्या है? **(ख)** अप्राप्त राशि का भुगतान किस प्रकार से किया जायेगा?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** भुगतान निरस्त हुये हितग्राहियों की अप्राप्त राशि का समय-समय पर पुनः भुगतान किया जा रहा है। **[संलग्न "परिशिष्ट - छैंसठ"]**

आगंनबाड़ी भवनों का निर्माण एवं मरम्मत

[महिला एवं बाल विकास]

29. (क्र. 762) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विकासखंड कोटा एवं गौरेला में कितने आगंनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं? **(ख)** कितने आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन जर्जर एवं जीर्णशीर्ण हैं? **(ग)** भवन विहीन जर्जर एवं जीर्णशीर्ण भवन के निर्माण एवं मरम्मत हेतु कौन सी योजना संचालित है? **(घ)** क्या प्रश्नांश (ख) अंतर्गत आगंनबाड़ी भवनों का निर्माण एवं मरम्मत का कार्य क्या किया जायेगा? यदि हां, तो कब तक किया जायेगा? भवन विहीन जर्जर एवं जीर्णशीर्ण आगंनबाड़ी केन्द्रों की विकासखंडवार जानकारी क्या है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) विकासखंड कोटा में 348 एवं गौरेला में 339 कुल 687 आगंनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। **(ख)** 182 .आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन है एवं 131 जर्जर एवं जीर्णशीर्ण हैं। **(ग)** आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण हेतु योजना शीर्ष 0337 एवं 7094 तथा विभागीय भवनों के

मरम्मत हेतु योजना शीर्ष 7094 अंतर्गत बजट प्रावधान किया जाता है। इसके अतिरिक्त स्थानीय निधि से मरम्मत कार्य की स्वीकृति दी जाती है। **(घ)** भवन विहीन केन्द्रों हेतु नवीन भवन की स्वीकृति एवं जर्जर भवनों के मरम्मत कार्य की स्वीकृति वित्तीय संसाधनो की उपलब्धता के आधार पर दी जाती है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। विकासखण्ड कोटा में 99 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन तथा 65 आंगनबाड़ी भवन जर्जर है एवं विकासखण्ड गौरेला में 83 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन तथा 66 आंगनबाड़ी केन्द्र जर्जर है।

चित्रकोट विभान सभा क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र

[महिला एवं बाल विकास]

30. (क्र. 778) श्री विनायक गोयल : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में कितने आंगनबाड़ी/मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं? **(ख)** कितने आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहिन हैं, कितने आंगनबाडी केन्द्र जर्जर हैं तथा कितने आंगनबाडी केन्द्र किराये के भवन में संचालित है? इन आंगनबाड़ी केन्द्रों के स्वयं के भवन कब तक बना लिए जायेंगे? **(ग)** विधानसभा चित्रकोट में कितने ग्रामों में सर्वसुविधायुक्त आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की आवश्यकता है, विकासखण्डवार जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में 777 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। **(ख)** 67 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहिन हैं, जिसमें 18 आंगनबाडी भवन जर्जर हैं तथा 48 आंगनबाडी केन्द्र किराये के भवन में संचालित है। वित्तीय संसाधनो की उपलब्धता के आधार पर भवन निर्माण की स्वीकृति दी जाती है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)** चित्रकोट विधानसभा क्षेत्रांतर्गत तोकापाल विकासखण्ड में 06, बास्तानार विकासखण्ड में 05, लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड में 06 तथा दरभा विकासखण्ड में 01 ग्राम में सर्वसुविधायुक्त आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की आवश्यकता है।

रायपुर दक्षिण वि.स. क्षेत्र में संचालित राशन दुकाने

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

31. (क्र. 784) श्री सुनील कुमार सोनी : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कितनी कितनी राशन की दुकानें एवं घरेलू गैस आपूर्ति ऐजेंसी संचालित हैं? **(ख)** क्या राज्य शासन के निर्देशन के अनुरूप कंडिका (क) के संस्थानों का संचालन किया जा रहा इसकी जांच 2024 से 20 जून, 2025 तक कब-कब किन-किन अधिकारियों ने की है? अगर नहीं तो क्यों?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 61 शासकीय उचित मूल्य दुकान तथा घरेलू गैस आपूर्ति हेतु 08 गैस एजेंसी संचालित है। **(ख)** जी हां। प्रश्नांकित अवधि में शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं गैस एजेंसियों के निरीक्षण की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - सड़सठ"]

राशन दुकानों में सामग्री कम पाए जाने पर राजस्व की वसूली

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

32. (क्र. 785) श्री सुनील कुमार सोनी : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या ये सही है कि राशन दुकानों में राशन सामग्री कम पाए जाने, जांच करने, प्रकरण बनाने, खाद्य अधिकारी/अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा नोटिस दिए जाने, जवाब पाने और तत्पश्चात् निर्णय कर अनियमितता के निराकरण के रूप में राजस्व वसूली की प्रक्रिया निर्धारित है? यदि हां तो प्रदेश में 2022, 2023, 2024 और 2025 में कितने राशन दुकानों की जांच के लिये उक्तानुसार प्रक्रिया अपनायी जाकर राजस्व वसूली आदेश निकाले गए? **(ख)** प्रदेश में जिलेवार राजस्व वसूली हेतु चावल की मात्रा और राशि सहित वसूली की जानकारी दें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जी हां। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2016 की कंडिका 16 (7) में प्रावधान निहित है। वर्ष 2022 में सितंबर 2022 की स्थिति में भौतिक सत्यापन में स्टॉक कम पाये गये उचित मूल्य दुकानों में से 999 उचित मूल्य दुकानों में तथा 31 मार्च 2024 की स्थिति में भौतिक सत्यापन में स्टॉक कम पाये गये उचित मूल्य दुकानों में से 242 उचित मूल्य दुकानों में राजस्व वसूली के लिए आर.आर.सी. जारी किये गये है। वर्ष 2023 में भौतिक सत्यापन नहीं किया गया है। 31 मार्च 2025 की स्थिति में भौतिक सत्यापन का विश्लेषण/परीक्षण किया जा रहा है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र अ एवं ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अड़सठ"]

समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

33. (क्र. 794) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला जशपुर में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 तथा 2024-25 में समर्थन मूल्य पर कितनी-कितनी मात्रा में धान उपार्जन हुआ? उपार्जन केंद्रवार बताएं? **(ख)** उपार्जित धान में से कितनी-कितनी मात्रा का निराकरण हुआ तथा शेष मात्रा, यदि कोई हो, तो उसका कारण क्या है? जानकारी देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की जानकारी निम्नानुसार है:-

खरीफ विपणन वर्ष	(मात्रा मे.टन में)
2022-23	196675.16
2023-24	304749.88
2024-25	373937.16

वर्षवार उपार्जन केन्द्रवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ख)** उपार्जित मात्रा में से धान निराकरण तथा शेष मात्रा की जानकारी निम्नानुसार है:-

(मात्रा मे.टन में)

खरीफ विपणन वर्ष	धान निराकरण की मात्रा	शेष धान की मात्रा
2022-23	196675.16	0.00
2023-24	303457.18	0.00
2024-25	346046.87	27885.52

खरीफ विपणन वर्ष 2024.25 में शेष धान की मात्रा के निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अतः शेषांश के संबंध में प्रश्न उपस्थित नहीं होता ।**[संलग्न "परिशिष्ट - उनहत्तर"]**

जिला बालोद में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में हुई अनियमितता पर जाँच/कार्यवाही

[महिला एवं बाल विकास]

34. (क्र. 795) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- दिनांक 20 मार्च, 2025 के तारांकित प्रश्न संख्या 17 (क्रमांक 2434) के उत्तर में प्राप्त प्रपत्र-अ के तारतम्य में महिला एवं बाल विकास विभाग के मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में जिला बालोद के विकासखण्डवार दी गई व्यय राशि की जानकारी में क्या अनियमितता पाई गई है? यदि हाँ तो उक्त अनियमितता के संबंध में कोई जाँच समिति का गठन किया गया है? की गई जाँच/ कार्यवाही का विवरण प्रदान करें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : जी नहीं, दिनांक 20.05.2025 के तारांकित प्रश्न शलाका क्रमांक 17 (प्र.क्रं. 2434) के उत्तर में महिला एवं बाल विकास विभाग के मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में जिला बालोद में विकासखंडवार दी गयी व्यय राशि की जानकारी में बालोद विकासखंड में रू. 33,50,296/- का व्यय दर्शित है। वस्तुतः इस व्यय में बालोद विकासखंड में आयोजित 16 कन्याओं के विवाह पर हुई व्यय राशि रू. 5,60,000/- के साथ-साथ विकासखंड डौण्डीलोहारा, डौण्डी एवं गुण्डरदेही में आयोजित हुए कुल 187 कन्याओं के विवाह हेतु अन्य उपहार सामग्री प्रदाय हेतु जिला स्तर से क्रय की गयी सामग्री का व्यय राशि रू. 27,90,296/- भी शामिल किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय, बालोद विकासखंड में स्थित है, अतः पुछे गए प्रश्न के अनुसार विकासखंड बालोद में हुआ व्यय में उपरोक्त दोनों व्यय को शामिल करते हुए जानकारी दी गयी है। जिले में सम्पन्न कुल 234 कन्याओं के विवाह पर कुल रू. 1,16,85,032/- का व्यय हुआ है, जो कि प्रति कन्या विवाह हेतु निर्धारित राशि रू. 50,000/- की सीमा के भीतर है। अतः व्यय राशि की जानकारी में अनियमितता न होने के कारण शेष जानकारी निरंक है।

समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

35. (क्र. 801) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-जांजगीर-चाम्पा में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में समर्थन मूल्य पर कितनी-कितनी मात्रा में धान उपार्जन हुआ? उपार्जन केन्द्रवार बतावें? **(ख)** उपार्जित धान में से कितनी-कितनी मात्रा का निराकरण हुआ तथा शेष मात्रा कोई हो, तो उसका कारण क्या है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जिला जांजगीर-चाम्पा में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की जानकारी निम्नानुसार है :-

खरीफ विपणन वर्ष	उपार्जित धान की मात्रा (मात्रा मे.टन में)
2022-23	462065.96
2023-24	640766.24
2024-25	632802.92

खरीफ विपणन वर्षवार एवं उपार्जन केन्द्रवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अ,ब एवं स** अनुसार है। **(ख)** उपार्जित धान में से निराकृत मात्रा तथा शेष मात्रा की जानकारी निम्नानुसार है - (मात्रा मे.टन में)

खरीफ विपणन वर्ष	निराकृत मात्रा	शेष मात्रा
2022-23	462065.96	0.00
2023-24	640766.24	0.00
2024-25 (दिनांक 03-07-2025 की स्थिति में)	591050.84	41752.08

खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में उपार्जित संपूर्ण धान का निराकरण किया जा चुका है एवं खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

महतारी वंदन योजना के लिए प्राप्त आवेदन

[महिला एवं बाल विकास]

36. (क्र. 802) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में 1 अप्रैल, 2024 से जून, 2025 तक महतारी वंदन योजना के लिए कुल कितने नए आवेदन प्राप्त हुए हैं? सुशासन तिहार, 2025 में प्राप्त आवेदनों की संख्या पृथक से देवें? **(ख)** प्रश्नांश (क) अवधि में प्राप्त आवेदनों मे से कितने आवेदनकर्ताओं को महतारी वंदन योजना का लाभ दिया गया? जानकारी प्रदान करें? **(ग)** महतारी वंदन योजना से लाभांवित कितने हितग्राहियों को विगत 1 वर्ष में अपात्र किया गया अथवा लाभांवित सूची से नाम पृथक किया गया?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) प्रदेश में 01 अप्रैल 2024 से जून 2025 की अवधि में नए हितग्राही शामिल किए जाने की प्रक्रिया प्रांरभ नहीं की गयी है, अतः निर्धारित प्रारूप में नए आवेदन प्राप्त नहीं हुए है। सुशासन त्यौहार 2025 के दौरान कुल 1,35,884 महिलाओं द्वारा महतारी वंदन योजना का लाभ दिए जाने हेतु जिलों में आवेदन प्रस्तुत किया गया,जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसारहै। **(ख)** प्रश्नाधीन अवधि में किसी भी नए आवेदको को योजना का लाभ नहीं दिया गया है। **(ग)** महतारी वंदन योजना से विगत 1 वर्ष में कुल 58,540 आवेदिकाओं को अपात्र किया गया अथवा लाभांवित सूची से नाम पृथक किया गया।

[संलग्न "परिशिष्ट - सत्तर"]

जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

37. (क्र. 861) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 तथा 2024-25 में समर्थन मूल्य पर कितनी-कितनी मात्रा में धान उपार्जन हुआ? धान उपार्जन केन्द्रवार बतायें? **(ख)** उपार्जित धान में से कितनी-कितनी मात्रा का निराकरण हुआ तथा शेष मात्रा, यदि कोई हो, तो उसका क्या कारण है? जानकारी देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की जानकारी निम्नानुसार है:-

खरीफ विपणन वर्ष	उपार्जित धान की मात्रा (मात्रा मे.टन में)
2022-23	330717.80
2023-24	469131.08
2024-25	465671.32

खरीफ विपणन वर्षवार एवं उपार्जन केन्द्रवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र अ, ब एवं स अनुसार है। (ख)** उपार्जित धान में से निराकृत मात्रा तथा शेष मात्रा की जानकारी निम्नानुसार है:-

(मात्रा मे.टन में)

खरीफ विपणन वर्ष	निराकृत मात्रा	शेष मात्रा
2022-23	330717.80	0.00
2023-24	468860.07	271.01
2024-25 (दिनांक 03.07.2025 की स्थिति में)	359224.03	106382.1

खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में उपार्जित संपूर्ण धान का निराकरण किया जा चुका है। 2023-24 में शेष दर्शित मात्रा कमी है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इकहत्तर"]

बिलासपुर संभाग में महतारी वंदन योजना के तहत् प्रदत्त राशि

[महिला एवं बाल विकास]

38. (क्र. 890) श्री धरमलाल कौशिक : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बिलासपुर संभाग के अंतर्गत कुल कितनी महिलाओं को वर्ष 2024-25 एवं इस वित्तीय वर्ष में जून, 2025 तक महतारी वंदन योजना के तहत कितनी राशि प्रदाय की गई है एवं कितनी प्रदाय की जानी शेष है? शेष राशि कब तक प्रदाय कर दी जावेगी? जिलेवार व संख्यावार जानकारी देवें? **(ख)** इन योजनाओं में कितना केन्द्रांश व राज्यांश दिया गया है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) बिलासपुर संभाग के अंतर्गत वर्ष 2024-25 एवं वित्तीय वर्ष में जून, 2025 तक महतारी वंदन योजना में सहायता राशि भुगतान हुई महिलाओं की संख्या, भुगतान हुई राशि तथा भुगतान शेष राशि की जिलेवारजानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसारहै। भुगतान निरस्त हुये हितग्राहियों की सहायता राशि का समय-समय पर पुनः भुगतान प्रेषित किया जा रहा है। हितग्राहियों के आधार एवं बैंक खाता संबंधी तकनीकी कठिनाई के निराकरण के उपरांत पुनः प्रेषित की गई राशि का भुगतान हो जाता है। **(ख)** यह योजना पूर्णतः राज्यांश से संचालित है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बहत्तर"]

सामाजिक सहायता अन्तर्गत पेंशन प्रदाय योजना

[समाज कल्याण]

39. (क्र. 891) श्री धरमलाल कौशिक : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** समाज कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक सहायता अन्तर्गत पेंशन प्रदाय किये जाने की कौन-कौन सी योजना संचालित हैं? जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका (क) अनुसार बिल्हा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मई, 2025 तक किन-किन योजनाओं में कितने-कितने हितग्राही हैं व कितनों को पेंशन का भुगतान नियमित/निरंतर हो रहा है? कितने हितग्राहियों का पेंशन भुगतान लंबित है व क्यों? पेंशन का लंबित भुगतान कब तक किया जावेगा?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) समाज कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक सहायता अन्तर्गत इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सुखद सहारा योजना एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना संचालित है ।**(ख)** बिल्हा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मई, 2025 तक विभिन्न पेंशन योजनाओं में निम्नानुसार हितग्राही हैं –

क्रमांक	योजना का नाम	लाभान्वित हितग्राही
1.	इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना	6,054
2.	इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना	2,007
3.	इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना	361
4.	सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना	3,764

5.	सुखद सहारा योजना	1,334
6.	मुख्यमंत्री पेंशन योजना	5,109
योग-		18,629

उपरोक्त सभी हितग्राहियों पेंशन राशि का भुगतान नियमित हो रहा है । कोई भी हितग्राही का पेंशन भुगतान लंबित नहीं है । प्रश्न उपस्थित नहीं होता ।

अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र

[महिला एवं बाल विकास]

40. (क्र. 894) श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं? **(ख)** क्या सभी संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र अपने स्वयं के भवन में संचालित हैं? यदि नहीं तो कहॉ-कहॉ संचालित हैं? **(ग)** भवनविहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन की स्वीकृति कब तक कर दी जायेगी? समय सीमा बतावें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 274 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। **(ख)** संचालित केन्द्र में से 236 स्वयं के भवन में, 23 किराये के भवन में, 14 सामुदायिक भवन में एवं 01 स्कूल भवन में संचालित है। **(ग)** आंगनबाड़ी भवन निर्माण की स्वीकृति वित्तीय संसाधनो की उपलब्धता के आधार पर दी जाती है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

जिला बस्तर में कुपोषण की स्थिति

[महिला एवं बाल विकास]

41. (क्र. 901) श्री बघेल लखेश्वर : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला-बस्तर में वर्ष 2022-23 से जून, 2025 तक वर्षवार, कुपोषण की स्थिति की जानकारी देवें? **(ख)** जिला-बस्तर अंतर्गत कुपोषण से प्रभावित गर्भवती महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों को इस समय क्या-क्या खाद्य सामग्रियां प्रदाय की जा रही है? क्या-क्या कार्ययोजनायें संचालित हैं? कृपया बतावें? **(ग)** कुपोषण से प्रभावितों को वर्ष 2022-23 , 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में जून, 2025 की अवधि में क्या-क्या खाद्य सामग्रियां प्रदाय की जाती रही हैं? कृपया वर्षवार जानकारी देवें? **(घ)** प्रश्नांश (क) अंतर्गत कुपोषण से बचाव के लिए स्वीकृत एवं खर्च की गई राशि के संबंध में वर्षवार जानकारी दें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जिला-बस्तर अंतर्गत समस्त दर्ज गर्भवती महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों को पूरक पोषण आहार अंतर्गत-रेड़ी टू ईट फूड व 03 से 06 वर्ष के बच्चों को नाश्ता एवं गरम भोजन प्रदाय की जा रही है। पूरक पोषण आहार, मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, पोषण अभियान योजना संचालित है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। **(घ)**जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'स'** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिहत्तर"]

बस्तर संभागान्तर्गत धान उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान का उठाव

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

42. (क्र. 902) श्री बघेल लखेश्वर : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बस्तर संभागान्तर्गत ऐसे कितने धान उपार्जन केन्द्र हैं, जहां पूर्णरूपेण धान का उठाव हो चुका है तथा ऐसे कितने

केन्द्र हैं, जहां अब तक धान का उठाव नहीं हुआ है? धान की मात्रा सहित जिलेवार जानकारी देवें? **(ख)** केन्द्रों से धान के उठाव में देरी होने से प्राकृतिक कारणों व जीव-जन्तुओं से धान की हुई खराबी की मात्रा एवं उसकी अनुमानित राशि केन्द्रों की कुल संख्या सहित जिलेवार जानकारी बतावें? **(ग)** केन्द्रों में धान के उठाव में हुये विलंब के कारण के लिए जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी अथवा मिलर्स के विरूद्ध की गई व प्रस्तावित कार्यवाही के संबंध में बतावें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) बस्तर संभागान्तर्गत धान उपार्जन केन्द्र, जहां पूर्णरूपेण धान का उठाव हो चुका है, धान का उठाव नहीं होने वाले केन्द्रों की संख्या तथा उठाव हेतु शेष धान की मात्रा की जिलेवार जानकारी निम्नानुसार हैः-

जिले का नाम	उपार्जन केन्द्रों की संख्या जहां पूर्णरूपेण धान का उठाव हो चुका है	उपार्जन केन्द्रों की संख्या जहां अब तक धान का उठाव नहीं हुआ है	उपार्जन केन्द्रों में उठाव हेतु शेष मात्रा (में.टन में)
बस्तर	75	04	126.08
बीजापुर	01	29	4340.68
दंतेवाड़ा	13	02	254.00
कांकेर	122	27	37133.67
कोण्डागांव	07	60	6078.00
नारायणपुर	16	01	3.50
सुकमा	15	10	553.83

(ख) उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है। **(ग)** उपार्जन केंन्द्रों से धान उठाव की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है।

<u>विधान सभा क्षेत्र जशपुर में संचालित पी.डी.एस दुकानें</u>

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

43. (क्र. 903) श्रीमती रायमुनी भगत : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधान सभा क्षेत्र जशपुर अंतर्गत कितनी पी.डी.एस दुकानें संचालित हैं? विकासखण्डवार, उनकी जानकारी देवें? **(ख)** ऐसी ग्राम पंचायतें, जिनका क्षेत्रफल 10 से 20 कि.मी तक टोले मजरे की बसाहट है, जहां आवागमन की सुविधा नहीं है, वहां पर हितग्राहियों को सुविधा देने के लिए क्या नयी पी.डी.एस दुकानों का निर्माण/संचालक कराया जायेगा?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जशपुर विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 191 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित है। विकासखण्ड जशपुर में 47 शासकीय उचित मूल्य दुकान, विकासखण्ड मनोरा में 44 शासकीय उचित मूल्य दुकान तथा विकासखण्ड बगीचा में 100 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित है । **(ख)** जशपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में उचित मूल्य दुकान संचालित है। विधानसभा क्षेत्र में संचालित उचित मूल्य दुकान से किसी भी टोले-मजरे की बसाहट की दूरी 10 किलोमीटर से अधिक नहीं है तथा किसी स्थान पर नवीन उचित मूल्य दुकान की मांग प्राप्त होने पर परीक्षण कराकर नियमानुसार नवीन उचित मूल्य दुकान प्रारंभ करने पर विचार किया जावेगा ।

शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों को कमीशन एवं बारदाना की लंबित राशि का भुगतान

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

44. (क्र. 904) श्री बालेश्वर साहू : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों को एपीएल, अंत्योदय, निराश्रित एवं प्राथमिकता कार्ड और बारदाना में किस -किस दर से किस- किस आधार पर कमीशन एवं अन्य राशि का भुगतान किया जाता है? कृपया जानकारी दें? **(ख)** क्या यह सच है कि वर्ष 2023 से प्रश्नांक "क" के अनुसार निर्धारित कमीशन एवं अन्य राशि का भुगतान किया जाना लंबित है? यदि हां तो स्वीकृत कमीशन एवं अन्य राशि में से कितनी राशि का भुगतान कर दिया गया और कितनी राशि का भुगतान किया जाना है? कृपया जिलेवार वर्षवार जानकारी प्रदान करेंगे? **(ग)** प्रश्नांक ''क'' एवं ''ख'' के अनुसार लंबित कमीशन एवं अन्य राशि का भुगतान कब तक कर दिया जाएगा? कृपया जानकारी दें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क)सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डो के चावल के लिए 90 रूपये प्रति क्विंटल तथा छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत राज्य योजना के एपीएल , अंत्योदय, निराश्रित एवं प्राथमिकता राशनकार्डो के चावल के लिए 30 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर तथा समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु लिये गये पीडीएस बारदाना के लिए 25 रूपये प्रति नग के आधार पर राशि का भुगतान किया जाता है। इसके अतिरिक्त 150 क्विंटल से कम आबंटन वाले उचित मूल्य दुकानों को वित्तीय पोषण की राशि ग्रामीण क्षेत्र की दुकान को 0 से 50 क्विंटल आबंटन वाले दुकान को 8,000 रूपये प्रतिमाह, 51 से 100 क्विंटल आबंटन वाले दुकान को 6,000 रूपये प्रतिमाह तथा 101 से 150 क्विंटल आबंटन वाले दुकान को 2,000 रूपये प्रति क्विंटल, शहरी क्षेत्र की दुकान को 0 से 50 क्विंटल आबंटन वाले दुकान को 9,000 रूपये प्रतिमाह, 51 से 100 क्विंटल आबंटन वाले दुकान को 6,500 रूपये प्रतिमाह तथा 101 से 150 क्विंटल आबंटन वाले दुकान को 3,000 रूपये प्रतिमाह वित्तीय पोषण की राशि प्रदाय किया जाता है। **(ख)** वर्ष 2023 से मार्च 2025 तक चावल के कमीशन, बारदाने की राशि एवं वित्तीय पोषण के राशि का भुगतान उचित मूल्य दुकान संचालकों को किया जा रहा है। वर्षवार, जिलेवार चावल के कमीशन की राशि भुगतान की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार , पीडीएस बारदाने की राशि भुगतान की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार एवं वित्तीय पोषण भुगतान की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-स** अनुसार है। **(ग)** लंबित कमीशन राशि, बारदाना राशि एवं वित्तीय पोषण की राशि का भुगतान जिलों द्वारा किया जा रहा है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता ।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौहत्तर"]

बिलासपुर जिला अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में सामग्री आपूर्ति

[महिला एवं बाल विकास]

45. (क्र. 905) श्री दिलीप लहरिया : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बिलासपुर जिला अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में सामग्री आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक क्या-क्या सामग्री, किनके द्वारा खरीदी की गईं? खरीदी हेतु किनके-किनके द्वारा मांगपत्र प्राप्त हुआ? मांगकर्ता के नाम सहित वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** खरीदी हेतु क्या-क्या प्रक्रिया अपनाई गई? सामग्री खरीदी हेतु किसका-किसका अनुमोदन लिया गया? अनुमोदनकर्ता अधिकारी के पदनाम सहित जानकारी देवें? **(ग)** खरीदी उपरांत उक्त सामग्रियों का आबंटन कहां-कहां किया गया है? **(घ)** खरीदी उपरांत किये गये भुगतान की जानकारी फर्म/एजेंसी/दुकान का नाम, सामग्री का नाम, मूल्य, मात्रा

सहित राशिवार देवें? सामग्री क्रय हेतु अधिकृत अधिकारी का नाम, उपयोगिता प्रमाण पत्र जारीकर्ता का नाम / पदनाम सहित जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) प्रश्नांश-'क' अनुसार क्रय की गई सामग्री की सूची **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से प्राप्त मांग पत्र के आधार पर क्रय की कार्यवाही बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा की गई। मांग पत्र की सूची **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-'ब'** अनुसार है। **(ख)** राज्य शासन से प्राप्त आबंटन अनुसार राज्य भण्डार क्रय नियमों के अनुसार परियोजना स्तर पर समिति का गठन करते हुए प्रदाय आदेश दिया गया। **(ग)** परियोजना अधिकारियों द्वारा क्रय की गई सामग्रियों का वितरण सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया गया। **(घ)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-'अ'** अनुसार है।

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्य

[महिला एवं बाल विकास]

46. (क्र. 906) श्री दिलीप लहरिया : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बिलासपुर जिला अंतर्गत वर्ष 2021-2022 से जून, 2025 तक महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत प्रशिक्षण कार्य कब-कब आयोजित कराया गया है? क्या आयोजित कराये गये प्रशिक्षण कार्य हेतु निजी/गैर शासकीय भवनों का प्रयोग किया गया? यदि हां तो प्रशिक्षण दिनांक, प्रयोग किये गये भवन का नाम व पता, भवन का किराया, भुगतान का प्रकार, भुगतान राशि/दिनांक की जानकारी विकासखंडवार देवे? **(ख)** क्या प्रशिक्षण हेतु जिले में शासकीय भवन उपलब्ध नहीं हैं? यदि शासकीय भवन उपलब्ध हैं तो प्रशिक्षण हेतु निजी भवनों का प्रयोग करने का क्या कारण था? निजी भवनों में प्रशिक्षण कार्य कराने हेतु किस-किस प्राधिकृत अधिकारी से अनुमति ली गई है? अनुमति दिनांक, प्राधिकृत अधिकारी के नाम, पदनाम सहित जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है ।

[संलग्न "परिशिष्ट - पचहत्तर"]

जिला मोहला-मानपुर- अंबगढ़ चौकी में तीन माह का एकमुश्त राशन वितरण

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

47. (क्र. 912) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला मोहला-मानपुर- अंबगढ़ चौकी में कौन-कौन से वर्ग के कितने राशनकार्ड जारी किए गए हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें? वर्गवार राशन कार्ड के अनुसार कितना राशन दिया जाता है? जिले में नवीन राशन कार्ड जारी करने के कितने आवेदन लंबित हैं तथा क्यों? कब तक लंबित आवेदनों काे राशन कार्ड जारी होगा? जानकारी देवें? **(ख)** जिला मोहला-मानपुर-अंबगढ़ चौकी में जून, जुलाई तथा अगस्त, 2025 तक के एकमुश्त राशन वितरण के लिए क्या समस्त राशन दुकानों में एकमुश्त तीन माह का राशन स्टॉक किया गया है? कितने हितग्राहियों को जून, 2025 की स्थित में तीन माह का राशन एकमुश्त वितरित किया जा चुका है? जानकारी विकासखण्डवार देवें? **(ग)** कितने हितग्राही हैं जिन्हें जून, 2025 तक जून माह का राशन वितरण नहीं हो सका है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में जारी राशनकार्ड की

विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र -'अ'** अनुसार है। वर्गवार राशन कार्ड की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ब** अनुसार है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में नवीन राशनकार्ड जारी करने हेतु आवेदन पत्र लंबित नहीं है। अतः शेषांष के संबंध में उपस्थित नहीं होता। **(ख)** जी हां। जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'स'** अनुसार है। **(ग)** 30 जून 2025 तक जून माह के चावल का उठाव 16,327 राशनकार्डधारियों द्वारा उठाव नहीं किया गय था।

[संलग्न "परिशिष्ट - छिहत्तर"]

अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में संचालित राशन दुकानें

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

48. (क्र. 913) श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में कितनी राशन दुकान संचालित हैं? **(ख)** क्या राशन दुकान का आबंटन हितग्राहियों की संख्या अनुसार किया गया है? यदि हां तो हितग्राहियों की संख्या वार्डवार/पंचायतवार बतायें? **(ग)** क्या राशन दुकानों की संख्या बढ़ाने का प्रावधान है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क)अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 107 शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित है।**(ख)** जी हां। उचित मूल्य दुकानों का आबंटन नगरीय क्षेत्रों में हितग्राहियों/राशनकार्डो की संख्या के अनुसार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत को इकाई मानते हुए किया गया है। अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में वार्डवार, पंचायतवार राशनकार्डो की संख्या **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ग)** जी हां। उचित मूल्य दुकानों की संख्या बढ़ाने का प्रावधान है। नवीन उचित मूल्य दुकान आबंटन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाती है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सतत्तर"]

विधानसभा क्षेत्र धरसींवा में संचालित राशन दुकानों में स्टाक का भौतिक सत्यापन

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

49. (क्र. 915) श्री अनुज शर्मा : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** धरसींवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किन-किन स्थानों/ग्रामों में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का संचालन किस-किस संस्था/व्यक्तियों के माध्यम से किया जा रहा है? संचालकों का विवरण प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' स्थानों में संचालित राशन दुकानों की खाद्यान्न सामाग्रियों के बचत स्टाक का भौतिक सत्यापन जनवरी, 2024 से जून, 2025 तक कब-कब कराया गया? **(ग)** प्रश्नांक ''ख'' में सत्यापन उपरांत बचत स्टाक एवं भौतिक स्टाक में कौन-कौन सी राशन दुकानों में किस-किस खाद्यान्न में कितना-कितना अंतर पाया गया? पाये गये अंतर की रिकवरी किये जाने के लिये विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है।**(ख)** धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित उचित मूल्य की दुकानों में प्रश्नांकित अवधि में राशन सामग्रियों के बचत स्टॉक का भौतिक सत्यापन 06 अप्रैल 2024 से 25 अप्रैल 2024 के मध्य तथा 01 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 के मध्य कराया गया। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अठहत्तर"]

जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़-चौकी में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र

[महिला एवं बाल विकास]

50. (क्र. 919) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला मोहला-मानपुर-अंतागढ़-चौकी के कितने आंगनबाड़ी केन्द्र कार्यकर्ता एवं सहायिका विहीन हैं? कब से पद रिक्त हैं? केन्द्रों में रिक्त कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद कब तक भरे जायेंगें? इसके लिए क्या विज्ञापन की प्रक्रिया की जा चुकी है? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** जिला मोहला-मानपुर-अंतागढ़-चौकी में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं एवं कितने आंगनबाड़ी केन्द्र भवनविहीन हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें? यदि भवनविहीन हैं, तो कब से? विकासखण्डवार जानकारी देवें? क्या वर्तमान में भवन निर्माण की कोई प्रक्रिया की जा रही हैं? जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जिला मोहला-मानपुर-अंतागढ़-चौकी अंतर्गत कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद पूर्ति हेतु विज्ञापन की प्रक्रिया की जा चुकी है। पद भरे जाने की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। अन्य वांछित विकासखण्डवारजानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जिला मोहला-मानपुर-अंतागढ़-चौकी अंतर्गत जून 2025 की स्थिति में कुल 890 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है जिनमें 132 केन्द्र भवनविहीन है। भवनविहीन केन्द्रों की समस्तजानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है। जी हां, आंगनबाड़ी भवन निर्माण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

[संलग्न "परिशिष्ट - उन्यासी"]

दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक ट्राईसाईकल/ट्राईसाईकिल एवं अन्य उपकरण का प्रदाय

[समाज कल्याण]

51. (क्र. 920) श्री अनुज शर्मा : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** धरसींवा विधानसभा क्षेत्र तर्गत विभाग को जनवरी, 2024 से जून, 2025 तक कितने दिव्यांगजन के द्वारा इलेक्ट्रिक ट्राईसाईकल/ट्राईसाईकिल एवं अन्य उपकरण सह कृत्रिम अंगों हेतु आवेदन प्राप्त हुये तथा कितने आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है? विवरण प्रदान करें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार आवेदनों के निराकरण उपरांत किन-किन अवसरों पर किनकी उपस्थिति में ये उपकरण दिव्यांगजनों को प्रदान किये गये?. **(ग)** इलेक्ट्रिक ट्राईसायकिल हेतु कितने प्रतिशत विकलांगता को मान्य किया जाता है?किन विशेष प्रकरणों में मानक प्रतिशत से कम दिव्यांगजन को इलेक्ट्रिक ट्राईसायकिल प्रदान की जा सकती है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) धरसींवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी 2024 से जून 2025 तक इलेक्ट्रिक ट्राईसाईकल/ट्राईसाईकिल एवं अन्य उपकरण हेतु दिव्यांगजनों से प्राप्त आवेदन तथा निराकरण की जानकारी निम्नानुसार है :-

क्रं	सामग्री का नाम	प्राप्त आवेदन	निराकृत
1	***2***	***3***	***4***
1.	इलेक्ट्रिक ट्राईसाईकल	19	19
2.	ट्राईसाईकिल	15	15
3.	व्हील चेयर	35	35
4.	श्रवण यंत्र	50	50
5.	बैशाखी	10	10
6.	छडी	29	29
योग		**158**	**158**

(ख)निराकृत आवेदनों में से पात्रताधारी स्वीकृत दिव्यांगजनों को निम्नानुसार अवसरों एवं विशिष्ट जनों की उपस्थिति में उपकरण प्रदाय किया गया।

क्रं	**अवसर**	**विशिष्ट जनों की उपस्थिति**
1	***2***	***3***
1.	अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस	माननीय मंत्री जी समाज कल्याण
2.	मुख्यमंत्री जनदर्शन	माननीय मुख्यमंत्री जी
3.	सुशासन तिहार 2025	माननीय जनप्रतिनिधियों
4.	जनदर्शन	माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष
5.	कलेक्टर जनदर्शन	कलेक्टर, रायपुर

(ग) बैटरी चलित मोटराईज्ड ट्राईसायकल हेतु बी.पी.एल. श्रेणी के दिव्यांगजन जिनकी दिव्यांगता का प्रतिशत 80% हो अध्ययनरत दिव्यांगजन हेतु दिव्यांगता का प्रतिशत 60% हो एवं स्वरोजगार में संलग्न दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगता का प्रतिशत 70% हो, मान्य है।

जिला मुंगेली में संचालित सखी वन स्टाप सेंटर

[महिला एवं बाल विकास]

52. (क्र. 921) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला मुंगेली में अनाथ, निराश्रित बच्चों के लिए विभाग द्वारा अनुदान प्राप्त आवासीय परिसर एवं सखी वन सेंटर कहां-कहां पर संचालित हैं? इसके संचालन हेतु क्या दिशानिर्देश हैं? विगत 3 वर्षों में कितनी राशि किन-किन सामग्रियों पर व्यय की गई? **(ख)** प्रश्न **(क)** अनुसार मुंगेली जिले में कहां-कहां सामूहिक विवाह आयोजित किए गए? विकासखण्डवार जानकारी देवें? आयोजित किए गए सामूहिक विवाह में प्रत्येक हितग्राही के लिए कितनी-कितनी राशि व्यय की गई? कौन-कौन सी सामग्री प्रत्येक हितग्राही को प्रदान की गई? सामग्रियों हेतु विभाग द्वारा कब निविदा जारी की गई और किस-किस वेंडर से खरीदी की गई? **(ग)** क्या सामूहिक विवाह में हितग्राहियों को सामग्रियों के अलावा नगद राशि देने का भी प्रावधान है? यदि हां, तो राशि का विवरण विकासखण्डवार देवें? सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए हितग्राहियों के चयन के लिए क्या-क्या प्रक्रिया अपनाई गई?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) मुंगेली जिलें में संचालित अनाथ, निराश्रित बच्चों के लिए विभाग द्वारा अनुदान प्राप्त आवासीय परिसर बाल गृह (बालक) जिला हॉस्पिटल रोड रामगढ़ रोड मुंगेली, छ0ग0 एवं इन आवासीय परिसरों के संचालन के दिशा निर्देश **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-अ** अनुसार है। जिला मुंगेली में सखी वन स्टॉप सेंटर आगर क्लब के पास मुंगेली में संचालित है। भारत शासन महिला एवं बाल विकास द्वारा मिशन शक्ति योजना का क्रियान्वयन अंतर्गत जारी निर्देश दिनांक 14.07.2022 **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-ब** अनुसार है। जिलें में संचालित अनाथ, निराश्रित बच्चों के लिए विभाग द्वारा अनुदान प्राप्त आवासीय परिसर के विगत 03 वर्षो में विभिन्न सामग्रियों पर खर्च राशि का विवरण **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-अ** अनुसार है। जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर के विगत 03 वर्षो में विभिन्न सामग्रियों पर खर्च राशि का विवरण **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-स** अनुसार है। **(ख)** विगत 03 वर्षो में मुंगेली जिले में आयोजित सामूहिक विवाह, प्रत्येक हितग्राही के लिए व्यय राशि एवं प्रदाय सामग्रियों की जानकारी संलग्न **पुस्तकालय** में रखे **''प्रपत्र-द''** अनुसार है। साग्रियों हेतु विभाग द्वारा जारी निविदा की जानकारी एवं सामग्री आपूर्तिकर्ता वेंडर की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **''प्रपत्र-इ''** अनुसार है। **(ग)** जी नहीं, सामूहिक विवाह में हितग्राहियों को साग्रियों के अलावा नकद राशि देने का प्रावधान नहीं है अपितु बैंक ड्रॉफ्ट/बैंक खाते के माध्यम से राशि दिये जाने का प्रावधान है। दी गई राशि का विकासखण्डवार विवरण **पुस्तकालय** में रखे

''प्रपत्र-उ'' अनुसार है। विवाह हेतु प्राप्त आवेदन का परीक्षण उपरांत आवेदन पत्र में सरपंच एवं पर्यवेक्षक का सत्यापन कराने के बाद विकासखण्ड स्तरीय समिति से अनुमोदन कराया गया।

मुंगेली जिला में ट्राईसायकिल बैटरी चलित/सामान्य ट्राईसायकिल हेतु प्राप्त आवेदन

[समाज कल्याण]

53. (क्र. 922) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला मुंगेली अंतर्गत कितने पात्र विकलांग हितग्राही हैं? वर्ष 2022-23 से जून, 2025 तक कितने आवेदकों से ट्राईसायकल बैटरी चलित/सामान्य ट्राईसायकल के लिए मांग/आवेदन प्राप्त हुए हैं एवं कितने हितग्राहियों को ट्राईसायकल बैटरी चलित/सामान्य ट्राईसायकल उपलब्ध कराई गई है? वर्षवार बताएं? **(ख)** जिला मुंगेली क्षेत्र अंतर्गत श्रवण बाधित हितग्राहियों की विकासखण्डवार जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क)जिला मुंगेली अंतर्गत 9,530 पात्र दिव्यांगजन पंजीकृत है। वर्ष 2022-23 से जून 2025 तक बैटरी चलित ट्राईसायकिल एवं सामान्य ट्रायसायकल हेतु प्राप्त आवेदन एवं उपलब्ध करायी गई बैटरी चलित ट्राईसायकल/सामान्य ट्राईसायकल की वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है :-

क्रं	उपकरण का नाम	वर्षवार जानकारी									
		2022-23		2023-24		2024-25		2025-26 माह जून 2025 तक		योग	
		प्राप्त आवेदन	प्रदाय	प्राप्त आवेदन	प्रदाय	प्राप्त आवेदन	प्रदाय	प्राप्त आवेदन	प्रदाय	प्राप्त आवेदन	प्रदाय
1.	ट्राईसायकल बैटरी चलित	121	121	89	89	0	0	230	230	**440**	**440**
2.	ट्रायसायकल	10	10	31	31	38	38	0	0	**79**	**79**
योग-		**131**	**131**	**120**	**120**	**38**	**38**	**230**	**230**	**519**	**519**

(ख) जिला मुंगेली अंतर्गत विकासखण्ड मुंगेली में 472, विकासखण्ड लोरमी में 574 एवं विकासखण्ड पथरिया में 218 कुल 1,264 श्रवण बाधित हितग्राही है।

दिव्यांगजन हेतु मोटराईज्ड ट्रायसायकल एवं ट्रायसायकल का वितरण

[समाज कल्याण]

54. (क्र. 924) श्री संदीप साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं रायपुर के अंतर्गत वर्ष 2022-23 से माह फरवरी, 2025 की स्थिति में कितने दिव्यांगजन चिन्हांकित किये गये हैं? विकासखंड के ग्रामवार बतावें? दिव्यांगजनों के संवर्धन एवं कल्याण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा किन योजनाओं से कितनी राशि प्राप्त हुई है? किन कार्यों हेतु कितनी-कितनी राशि व्यय की गयी हैं? जिलेवार व वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं रायपुर के अंतर्गत वर्ष 2022-23 से माह फरवरी, 2025 तक मोटराईज्ड ट्रायसायकल एवं ट्रायसायकल हेतु कितने दिव्यांगजनों के आवेदन प्राप्त हुए हैं? इन्हें कब-कब वितरित किया गया है? वितरित हितग्राहियों का नाम व पता सहित वर्षवार एवं विकासखंडवार जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं रायपुर जिले में पृथक-पृथक राशनकार्डों की संख्या

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

55. (क्र. 926) श्री संदीप साहू : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा एवं रायपुर जिले में दिसंबर, 2024 की स्थिति एवं जून, 2025 की रिथति में पृथक-पृथक योजनावार राशनकार्डो की संख्या तथा उपभोक्ताओं की संख्या बतावें? **(ख)** पिछले एक वर्ष में कितने राशनकार्डधारी हितग्राहियों की मौत अथवा अन्य कारणों से राशन कार्ड निरस्त करने की कार्यवाही की गई? जिलावार बतावें? **(ग)** वर्ष 2025-26 मे सुशासन तिहार के तहत उक्त दोनों जिलों में राशनकार्ड से संबंधित एवं राशन नहीं मिलने से संबंधित कितनी शिकायतें प्राप्त हुई? कितनों का निराकरण हुआ? कितने निराकरण हेतु शेष हैं? किन कारणों से शेष हैं? कब तक निराकरण हो जाएगा? जानकारी जिलेवार बतावें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** विगत 01 वर्ष में मृत्यु अथवा अन्य कारणों से जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में 1,767 राशनकार्ड तथा जिला रायपुर में 12,496 राशनकार्ड निरस्त किये गये है।**(ग)** वर्ष 2025-26 में सुशासन तिहार में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में राशनकार्ड से संबंधित एवं राशन नहीं मिलने से संबंधित 54 शिकायते प्राप्त हुई। जिला रायपुर में राशनकार्ड से संबंधित एवं राशन नहीं मिलने से संबंधित 2,594 शिकायते प्राप्त हुई। इनमें से सभी शिकायतों का निराकरण कर लिया गया है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।

[संलग्न "परिशिष्ट - अस्सी"]

पंडरिया विधानसभा क्षेत्रंतर्गत दिव्यांगजनों को वितरित किये जाने वाले उपकरणों

[समाज कल्याण]

56. (क्र. 929) श्रीमती भावना बोहरा : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा कौन-कौन से उपकरण दिव्यांगजनों को वितरित किये जाते हैं? हितग्राही दिव्यांगजनों का चयन किस प्रक्रिया के तहत किया जाता है एवं वितरण हेतु पात्रता मापदंड क्या है? उपकरण वार जानकारी देवें? **(ख)** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 01 जनवरी, 2024 से जून, 2025 की अवधि तक उपकरण हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं? इनमें से कितने दिव्यांगों को उपकरण वितरण किया जा चुका है एवं कितने को वितरण किया जाना शेष है? विकासखंडवार/उपकरणवार हितग्राहियों की जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) समाज कल्याण विभाग अंतर्गत दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्रायसायकल, सामान्य ट्रायसायकल, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, बैसाखी, वाकर, वाकिंग स्टीक, छड़ी, स्मार्ट केन, स्मार्ट फोन, ब्रेलकिट, एमआरकिट, सी.पी. चेयर एवं अन्य सहायक उपकरण वितरित किए जाते है।

सामग्री वितरण हेतु चयन - चिकित्सक के परीक्षण/परामर्श उपरांत चिन्हांकित किया जाकर कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण का निर्धारण किया जाता है। मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, आधार/यू.डी.आई.डी. प्रमाण-पत्र के आधार पर दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण पात्रतानुसार वितरण किया जाता है। समय-समय पर चिन्हांकन/मूल्याकंन/परीक्षण शिविर का आयोजन करते हुए पात्रता अनुसार हितग्राहियों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदाय किया जाता है।

सामग्री वितरण हेतु पात्रता -

- कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदाय हेतु 40% या उससे अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन।
- मोटराईज्ड ट्राईसायकल हेतु विद्यार्थियों के लिये दिव्यांगता का न्यूनतम प्रतिशत 60% तथा रोजगार/स्वरोजगार में संलग्न व्यक्तियों के लिये दिव्यांगता का न्यूनतम प्रतिशत 70% हों।
- छत्तीसगढ़ का मूल निवासी।

(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इक्यासी "]

आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण आहार प्रदान करने वाले समूहों के चयन का आधार एवं प्रक्रिया

[महिला एवं बाल विकास]

57. (क्र. 930) श्रीमती भावना बोहरा : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** कबीरधाम जिले अंतर्गत 01 मार्च, 2024 से जून, 2025 तक कितने महिला स्व सहायता समूहों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु पोषण आहार प्रदाय किया गया है? उक्त हेतु समूह के चयन का आधार एवं प्रक्रिया क्या है? उक्त चयन प्रकिया हेतु विज्ञप्ति/ अधिसूचना/विज्ञापन कब जारी की गयी थी? **(ख)** प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित चयन प्रक्रिया हेतु कबीरधाम जिले अंतर्गत कितने समूहों ने आवेदन दिया था तथा उक्त आवेदकों में से कितने समूहों की जांच/भौतिक सत्यापन किस-किस के द्वारा कब-कब किया गया? विकासखंडवार जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) कबीरधाम जिले में रेडी टू ईट का प्रदाय छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास लिमिटेड रायपुर (राज्य शासन का उपक्रम) द्वारा किया जा रहा है। जिले की आंगनबाड़ी केन्द्रों में 01 मार्च, 2024 से जून, 2025 तक 889 महिला स्व सहायता समूहों द्वारा गर्म भोजन (पूरक पोषण आहार) का प्रदाय किया गया। गर्म भोजन के प्रदाय हेतु महिला स्व सहायता समूहों का चयन परियोजना स्तर पर स्थानीय परिस्थितियों एवं समूहों के सहमति अनुसार चयन किया जाता है। गर्म भोजन के प्रदाय हेतु समूहों के चयन के लिए विज्ञप्ति/अधिसूचना/विज्ञापन जारी नहीं किया गया है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के प्रकाश मेंजानकारी निरंकहै।

तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भवनविहीन आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ी केंद्र

[महिला एवं बाल विकास]

58. (क्र. 933) श्री धर्मजीत सिंह : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** विधानसभा क्षेत्र तखतपुर अंतर्गत कुल कितने आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ी है? **(ख)** कंडिका "क" के कौन-कौन से आंगनबाड़ी/मिनी आंगनबाड़ी भवनविहीन हैं? कौन-कौन किराए पर चल रहे हैं एवं कौन-कौन जर्जर है? **(ग)** कंडिका "ख" के आंगनबाड़ी / मिनी आंगनबाड़ी हेतु भवन कब तक बन जाएगा एवं जर्जर आंगनबाड़ी भवन की कब तक मरम्मत कर ली जाएगी? **(घ)** तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विगत 02 वर्षों में नवीन आंगनबाड़ी भवन हेतु कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से कितने स्वीकृत हो गये हैं एवं उनकी अद्यतन स्थिति क्या है? कितने स्वीकृति हेतु शेष हैं एवं उन्हें कब तक स्वीकृत कर लिया जाएगा?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) विधानसभा क्षेत्र तखतपुर अंतर्गत कुल 370 आंगनबाड़ी है। **(ख)**जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसारहै। **(ग)** आंगनबाड़ी भवन निर्माण की स्वीकृति वित्तीय संसाधनो की उपलब्धता के आधार पर दी जाती है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(घ)** तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विगत 02 वर्षों में नवीन आंगनबाड़ी भवन हेतु 52 प्रस्ताव प्राप्त हुए

हैं, जिनमें से 01 नवीन भवन स्वीकृत हो गये हैं। वर्तमान में निर्माणाधीन है। 51 स्वीकृति हेतु शेष हैं। आंगनबाड़ी भवन निर्माण की स्वीकृति वित्तीय संसाधनो की उपलब्धता के आधार पर दी जाती है। निश्चितसमय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बयासी"]

दिव्यांगजनों को प्रदत्त उपकरण एवं सहायता राशि

[समाज कल्याण]

59. (क्र. 934) श्री धर्मजीत सिंह : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को कौन-कौन सी उपकरण एवं कितनी-कितनी सहायता राशि प्रदान करने का प्रावधान हैं एवं कितने प्रतिशत दिव्यांगता में कौन-कौन से उपकरण दिए जाने का प्रावधान है? **(ख)** कंडिका "क" की योजना के तहत् विगत 02 वर्षों में बिलासपुर जिला अंतर्गत उपकरण एवं सहायता राशि हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं? उनमें से कितने स्वीकृत कर वितरण किये गये हैं एवं कितने लंबित हैं? **(ग)** कंडिका "क" के तहत् विगत 02 वर्षों में बिलासपुर जिला अंतर्गत कुल कितने दिव्यांगजनों को कौन-कौन से उपकरण एवं कितनी-कितनी सहायता राशि प्रदान की गई है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क)समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्रायसायकल, सामान्य ट्रायसायकल, व्हील चेयर, सी.पी. चेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, ब्रेल कीट, ब्लाइंड स्टीक, वॉकिंग स्टीक, वाकर, कैलिपर्स, एम.आर. कीट, जूते, टेपरिकार्डर, स्मार्टफोन, स्मार्टकेन, डी.जी.प्लेयर, नकली हाथ एवं पैर आदि उपकरण प्रदाय किया जाता है एवं निम्नानुसार आर्थिक सहायता दिए जाने की योजना है :-

क्रं.	प्रयोजन	सहायता राशि
1	2	3
1.	सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत पेंशन	राशि रूपये 500/- प्रतिमाह पेशन
2.	विवाहोपरांत पुनर्वास हेतु	पात्रतानुसार राशि रूपये 50,000/- से 1,00,000/- तक एकमुश्त आर्थिक सहायता
3.	छात्रवृत्ति	कक्षा अनुसार राशि रूपये 150/- से 190/- प्रतिमाह
4.	उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने हेतु	पात्रतानुसार राशि रूपये 2,000/- से 12,000/- तक एकमुश्त आर्थिक सहायता
5.	प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु	पात्रतानुसार राशि रूपये 20,000/- से 50,000/- तक एकमुश्त आर्थिक सहायता

40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण (मोटराईज्ड ट्राईसायकल को छोडकर) प्रदाय करने का प्रावधान है एवं मोटराईज्ड ट्रायसायकल हेतु दिव्यांगता का प्रतिशत 80**%** हो मोटराईज्ड ट्राईसायकल हेतु विद्यार्थियों के लिये दिव्यांगता का न्यूनतम प्रतिशत 60% तथा रोजगार/स्वरोजगार में संलग्न व्यक्तियों के लिये दिव्यांगता का न्यूनतम प्रतिशत 70% हों। **(ख)**जिला-बिलासपुर अंतर्गत विगत 02 वर्षो में कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण एवं सहायता राशि हेतु 4,305 आवेदन प्राप्त, सभी प्राप्त आवेदनों में स्वीकृति प्रदान कर वितरित किए गए है कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है। **(ग)**विगत 02 वर्षो में बिलासपुर जिला अन्तर्गत दिव्यांगजनों को प्रदत्त कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण तथा सहायता राशि की जानकारी निम्नानुसार है :-

क्रं.	कृत्रिम अंग एवं उपकरण का नाम/सहायता राशि	दिव्यांगजनों की संख्या
1	*2*	*3*
	ट्रायसायकल	167
	व्हील चेयर	338
	श्रवण यंत्र	393
	बैसाखी	215
	कैलिपर्स	91
	शू	13
	वार्किंग स्टीक	380
	वाकर	42
	दृष्टिबाधित संसाधन	59
	श्वेत छडी	30
	कृत्रिम अंग	61
	स्पीलिंट	10
	ब्रेसेस	02
	स्मार्टकेन	63
	मोटराईज्ड ट्रायसायकल	16
	ट्रायपॉड	8
	सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत राशि रूपये 500/- प्रतिमाह पेशन	283
	विवाहोपरांत पुनर्वास हेतु पात्रतानुसार राशि रूपये 50,000/- से 1,00,000/- तक एकमुश्त आर्थिक सहायता	78
	छात्रवृत्ति - कक्षा अनुसार राशि रूपये 150/- से 190/- प्रतिमाह	1986
	उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने हेतु पात्रतानुसार राशि रूपये 2,000/- से 12,000/- तक एकमुश्त आर्थिक सहायता	65
	प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु पात्रतानुसार राशि रूपये 20,000/- से 50,000/- तक एकमुश्त आर्थिक सहायता	05
कुल-		**4305**

<u>महतारी वंदन योजना के तहत नवीन आवेदन की स्वीकृति</u>

[महिला एवं बाल विकास]

60. (क्र. 938) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या महतारी वंदन योजना के तहत फिर से आवेदन मंगाए जा रहे है? यदि हां तो प्रदेश में कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं और प्राप्त आवेदनों में से कितने पात्र हैं और कितने अपात्र हैं? जिलावार जानकारी बताएं? सरायपाली विधानसभा क्षेत्र की जानकारी ग्राम पंचायतवार अलग से बताएं?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जी नहीं। अतः शेष प्रश्नांश की जानकारी निरंकहै।

<u>जिला महासमुंद अंतर्गत दिव्यांगजनों हेतु क्रय सामग्री</u>

[समाज कल्याण]

61. (क्र. 941) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जनवरी, 2024 से 20 जून, 2025 के मध्य जिला-महासमुंद अंतर्गत दिव्यांगजनों हेतु क्या-क्या सामग्री, किन-किन योजनाओं के अंतर्गत क्रय की गई है? वर्षवार/सामग्रीवार जानकारी उपलब्ध

करावें? **(ख)** प्रश्नांश "क" अनुसार क्रय की गई सामग्री में से कितनी सामग्री का दिव्यांगजनों को वितरण की गयी है व कितनी सामग्री वितरित किया जाना शेष है एवं कितनी सामग्री किन कारणों से ख़राब/अनुपयोगी हो गई? सामग्री ख़राब/अनुपयोगी होने हेतु जिम्मेदार कौन है एवं क्या कार्यवाही की गई? वर्षवार/विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** क्या नियम विरुद्ध खरीदी किये जाने की शिकायतें प्राप्त हैं? यदि हाँ, तो दोषियों पर क्या कार्यवाही की गई? वर्षवार/विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) महासमुंद जिले में जनवरी, 2024 से 20 जून 2025 मध्य दिव्यांगजनों हेतुक्रय सामग्रियों की वर्षवार व सामग्रीवार जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र.	योजना का नाम	दिव्यांगजनों के लिए क्रय सामग्री	
		जनवरी 2024	20 जून 2025
1.	सामर्थ्य विकास योजना	ट्रायसायकल, श्रवण यंत्र	ट्रायसायकल, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, वाकिंग स्टीक, बैशाखी (छोटा), बैशाखी (बड़ा), वाकर, टेट्रापोर्ट
	कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदाय योजना	व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र	सी.पी. चेयर, कमोड व्हीलचेयर, सुगम्य केन, वाकिंग स्टीक
	मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्रदाय योजना	मोटराईज्ड ट्रायसायकल	मोटराईज्ड ट्रायसायकल

(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। **(ग)** जी नहीं। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरासी"]

बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्र

[महिला एवं बाल विकास]

62. (क्र. 942) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं? कितने आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन या किराये के भवन में संचालित किये जा रहे हैं? केन्द्रवार जानकारी देवें? **(ख)** जनवरी, 2024 से 20 जून, 2025 तक कितने नये आंगनबाड़ी भवन बनाये गए हैं? केंद्र का नाम, कार्य पूर्ण-अपूर्ण की जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 478 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। 28 आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन है जिसमें से 11 किराये के भवन में संचालित किये जा रहे हैं। केन्द्रवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसारहैं। **(ख)** प्रश्नाधीन अवधि में 14 नये आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत किये गये है।जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौरासी"]

रेडी टु ईट फूड वितरण मे महिला स्व सहायता समूहों की भागीदारी

[महिला एवं बाल विकास]

63. (क्र. 946) श्री राजेश अग्रवाल : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सत्य है कि शासन द्वारा अप्रैल माह से पूरक पोषण आहार योजना अंतर्गत रेडी टु ईट फूड के निर्माण व वितरण का कार्य पुनः महिला स्व- सहायता समूहों के माध्यम से संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है? यदि हाँ, तो वर्तमान में किन-किन जिलों में यह योजना प्रारंभ की गई है? कृपया विवरण देवें? (ख) उपरोक्त योजना अंतर्गत सरगुजा जिले को क्यों शामिल नहीं किया गया है? **(ग)** क्या सरगुजा जिले मे

परियोजना स्तर पर रेडी टु ईट फूड निर्माण हेतु पंजीकृत एवं सक्षम महिला स्व- सहायता समूहों को यह कार्य सौंपा जाना प्रस्तावित है? यदि हां तो इस योजना को लागू करने की संभावित समय- सीमा क्या है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जी हॉ, प्रथम चरण में प्रदेश के जिला बस्तर, दंतेवाड़ा, बलौदाबाजार, कोरबा, रायगढ़ एवं सूरजपुर में स्व सहायता समूह के माध्यम से प्रदाय का निर्णय लिया है। **(ख)** महिला स्व सहायता समूह को रेडी टू ईट निर्माण का कार्य चरणबद्ध रूप से जिलो में लागू किए जाने का निर्णय लिये जाने के कारण सरगुजा जिले को प्रथम चरण में शामिल नहीं किया गया है। **(ग)** प्रथम चरण में चयनित जिलों में सफलतापूर्वक संचालन पश्चात शेष जिलों को शामिल किया जावेगा, इस हेतु निश्चित समय-सीमा बतायाजाना संभव नहींहै।

जिला बेमेतरा अंतर्गत समाज कल्याण विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन

[समाज कल्याण]

64. (क्र. 948) श्री दीपेश साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बेमेतरा जिले में समाज कल्याण विभाग में शासन की कौन-कौन सी योजनायें संचालित हैं? इन योजनाओं से वर्ष दिसंबर, 2023 से जून, 2025 तक कितने लोग लाभान्वित हुये हैं? लाभार्थी व्यक्तियों की विस्तृत जानकारी देवें? **(ख)** समाज कल्याण बेमेतरा अंतर्गत विगत 03 वर्षों में शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता हेतु कितने जागरूकता अभियान/शिविर का आयोजन कहां-कहां, किस-किस दिनांक को किया गया है? उक्त जागरूकता अभियान/शिविर के आयोजन में हुये व्यय की सम्पूर्ण जानकारी प्रदाय करें? **(ग)** समाज कल्याण विभाग द्वारा जागरूकता अभियान/जागरूकता शिविर के आयोजन में उपयोग में आने वाली सामग्री व अन्य व्यवस्था किस प्रकार की जाती है? विगत 03 वर्षों में विभाग द्वारा किस-किस फर्म को उक्त व्यवस्थाओं के कौन-कौन से कार्य हेतु टेंडर/कार्यादेश दिया गया है? जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(ग)** विभाग द्वारा जागरुकता अभियान शिविर में उपयोग में आने वाली सामग्री की व्यवस्था जिला प्रशासन अंतर्गत समस्त विभाग के सहयोग से किया जाता है। विगत 03 वर्षों में किसी फर्म को कोई भी कार्य हेतु टेन्डर/कार्यादेश नहीं दिया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चासी"]

धान संग्रहण केन्द्रों/धान खरीदी केन्द्रों में धान सूखत के संबंध में नियम /निर्देश

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

65. (क्र. 949) श्री दीपेश साहू : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** राज्य में धान संग्रहण केन्द्रों/धान खरीदी केन्द्रों में धान सूखत के संबंध में शासन के क्या नियम एवं निर्देश हैं? **(ख)** धान संग्रहण केन्द्रों//धान खरीदी केन्द्रों में धान उठाव नहीं होने के कारण सूखत मान्य किया जाता है या नहीं? शासन द्वारा इसके क्या मापदंड हैं? **(ग)** बेमेतरा जिले में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में कितने मिलर बारदाना, धान खरीदी में अस्वीकृत किये गये हैं? कितने मान्य किये गये हैं और उनका कितना भुगतान किया गया है? वर्षवार विस्तृत जानकारी देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 हेतु जारी धान खरीदी नीति अनुसार ''धान उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान के लिये कोई सूखत मात्रा मान्य नहीं होगी।'' **(ख)** खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग भारत सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 हेतु जारी प्रावधिक लागत

पत्रक के अनुसार 0.50 प्रतिशत सूखत मान्य किया गया है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।**(ग)** बेमेतरा जिले में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में धान खरीदी में अस्वीकृत किये गये एवं मान्य किये गये मिलर बारदाना और उनका भुगतान संबंधी जानकारी निम्नानुसार हैः-

(मात्रा मे.टन में)

खरीफ विपणन वर्ष	अस्वीकृत किये गये मिलर बारदाना	मान्य किये गये मिलर बारदाना
2023-24	3227 गठान	27557 गठान
2024-25	221 गठान	19296 गठान

कस्टम मिलरों के कस्टम मिलिंग देयकों में बारदानों के जमा एवं उठाव के समायोजन उपरांत भुगतान किया जाता है। मंत्री मंडलीय उप समिति द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार मिलरों के खरीफ वर्ष 2023-24 के देयकों का समायोजन खरीफ वर्ष 2024-25 के अतिशेष धान के प्रदाय के माध्यम से किया जा रहा है तथा खरीफ वर्ष 2024-25 का कस्टम मिलिंग का कार्य पूर्ण होने उपरांत भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

राजनांदगांव में मिलर्स के साथ धान उठाव हेतु अनुबंध

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

66. (क्र. 953) श्री दलेश्वर साहू : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या वर्ष 2023-24 से जून, 2025 तक जिला राजनांदगांव में मिलर्स को धान उठाव हेतु अनुबंधित किया गया है? यदि हॉ तो किन-किन मिलर्स को कितनी मात्रा का डिलीवरी आर्डर (डीओ) कब-कब प्रदान किया गया है एवं उक्त डीओ के आधार पर कितना चावल मिलर्स द्वारा कब-कब जमा किया गया है? मिलर्स द्वारा धान के उठाव के विरूद्ध चावल जमा नहीं किये जाने पर क्या कार्यवाही की गयी है? धान परिवहन हेतु कितने ठेकेदार पंजीकृत हैं एवं डीएमओ द्वारा कितनी राशि का भुगतान किया गया है? वर्षवार, मिलरवार, मात्रावार, राशिवार, जानकारी देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : जी हॉ, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में मिलरों को डिलीव्हरी आर्डर जारी एवं डी. ओ. के आधार पर मिलर द्वारा चावल जमा की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। धान उठाव के विरूद्ध चावल जमा नहीं करने वाले राईस मिलर्स के विरूद्ध कार्यवाही की जाती है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में धान परिवहन कार्य हेतु 01 ठेकेदार पंजीकृत है। वर्ष 2023-24 में राजनांदगांव जिले के उपार्जन केन्द्रों से संग्रहण केन्द्रों हेतु धान परिवहन कार्य नहीं कराया गया है एवं वर्ष 2024-25 में उपार्जन केन्द्रों से संग्रहण केन्द्रों हेतु 174507.23 मे.. टन धान का परिवहन कार्य किया गया है, जिसके विरुद्ध परिवहनकर्ता को 118676.32 मे. टन धान परिवहन के लिए राशि 5.28 करोड़ रूपये भुगतान किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - छियासी"]

प्रदेश में धान खरीदी के लक्ष्य के विरूद्व खरीदी

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

67. (क्र. 954) श्री दलेश्वर साहू : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-खरीफ वर्ष 2024-25 में राज्य में कुल कितने हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी का लक्ष्य रखा था एवं लक्ष्य के विरूद्ध कितनी मात्रा में धान की खरीदी कर मिलिंग कराया गया है? धान खरीदी उपरांत सूखत का प्रतिशत कितना है एवं कितने प्रतिशत सूखत के लिए कौन-कौन स्तर के अधिकारी जिम्मेदार हैं? क्या शून्य प्रतिशत सूखत लाने वाली सोसायटी को प्रोत्साहन राशि दिये जाने का प्रावधान है? यदि हॉ तो कितनी सोसायटी को कितनी राशि प्रदान की गयी है व लंबित का भुगतान कब तक कर दिया जावेगा? क्या खरीदी किये गये धान को खुले

बाजार में भी बेचा गया है? यदि हॉ तो कितनी मात्रा में धान को बेचा गया है व बेचने का क्या कारण है? किस प्रक्रिया के तहत धान का विक्रय किया गया है? धान विक्रय से कितनी राशि के राजस्व का नुकसान या फायदा हुआ है? उक्त जानकारी जिलेवार देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में राज्य में कुल 160 लाख मे.टन धान की खरीदी का अनुमानित था, जिसके विरुद्ध 149.25 लाख मे.टन धान खरीदी की गयी है। खरीदे गये धान की मिलिंग प्रक्रियाधीन है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समिति लेखा मिलान का कार्य प्रक्रियाधीन है, लेखा मिलान प्रश्चात ही शॉर्टेज की वस्तुस्थिति ज्ञात हो पायेगी। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता। शून्य प्रतिशत लाने वाले समिति को प्रोत्साहन राशि दिये जाने का प्रावधान धान खरीदी नीति में नहीं है।जी हॉ, अतिशेष धान की नीलामी ई-ऑक्सन प्लेटफार्म के माध्यम से किया जा रहा है। दिनांक 05.07.2025 की स्थिति में 12.84 लाख मे. टन धान का बायर आर्डर जारी किया गया है एवं उपार्जित संपूर्ण धान हेतु मिलिंग लक्ष्य प्राप्त नहीं होने के कारण अतिशेष धान को विक्रय किया जा रहा है। संपूर्णअतिशेष धान की निराकरण पश्चात वास्तविक नुकसान एवं फायदा की जानकारी ज्ञात हो सकेगी।

<u>बेलतरा विधानसभा क्षेत्र की जर्जर राशन दुकाने एवं गोदाम</u>

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

68. (क्र. 956) श्री सुशांत शुक्ला : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने उचित मूल्य के राशन दुकान/गोदाम संचालित हैं? कितने भवनयुक्त, कितने भवनविहीन हैं? कितने दुकान/गोदाम भवन जर्जर हैं? वर्ष 2023 से जून, 2025 तक कितने गोदाम/ दुकान के निर्माण की स्वीकृति हुई है? कितने दुकानों/गोदामों का निर्माण हो चुका है एवं कितने शेष हैं? भवनों के निर्माण तथा जर्जर भवनों की मरम्मत कब तक करा ली जावेगी? **(ख)** प्रश्नांश "क" के अंतर्गत कितनी गोदाम/दुकानें डिसमेंटल योग्य हैं? इन भवनों का डिसमेंटल कब तक करा लिया जावेगा?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में 88 उचित मूल्य दुकान संचालित है। इनमें से 65 उचित मूल्य दुकानों में स्वयं के दुकान सह गोदाम है तथा 32 उचित मूल्य दुकानों में स्वयं के दुकान सह गोदाम भवन नहीं है। विधानसभा क्षेत्र में जर्जर उचित मूल्य दुकान सह गोदाम भवन नहीं है। वर्ष 2023 से जून 2025 तक बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में 04 उचित मूल्य दुकान सह गोदाम निर्माण स्वीकृत किया गया है। इनमें से 03 उचित मूल्य दुकान सह गोदाम भवन का निर्माण पूर्ण हो गया है तथा 01 उचित मूल्य दुकान सह गोदाम भवन निर्माणाधीन है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता। **(ख)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के डिसमेंटल योग्य उचित मूल्य दुकान सह गोदाम भवन की संख्या निरंक है।शेषांश के संबंध में प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

<u>बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के नि:शक्तजनों को प्रदाय सहायता</u>

[समाज कल्याण]

69. (क्र. 958) श्री सुशांत शुक्ला : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी, 2022 से जून, 2025 तक कितने महिला एवं पुरुष नि:शक्तजनों को चिन्हांकित किया गया है? ग्रामवार नि:शक्तजनों की सूची उपलब्ध करावें? **(ख)** विभाग द्वारा नि:शक्तजनों को क्या-क्या सहायता उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है? योजनावार जानकारी प्रदान करें? **(ग)** प्रश्नांश "क" के क्षेत्र अंतर्गत किन-किन योजनाओं के तहत वर्ष 2022-23 से जून, 2025 तक कितने-कितने नि:शक्तजनों को लाभान्वित किया गया है? कितने वंचित हैं?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसार** है। **(ख)** समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदाय योजना, सामर्थ्य विकास योजना, दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना, दिव्यांगजन छात्रवृत्ति योजना दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना, सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, दिव्यांगजन छात्रगृह योजना, स्वरोजगार हेतु ऋण प्रदाय योजना, शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम (विशेष विद्यालय का संचालन), घरौंदा (आश्रय गृह), मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, उत्थान सब्सिडी योजना, हांफ-वे-होम, अपराजिता एवं मोटराईज्ड ट्राईसायकल प्रदाय योजना से सहायता उपलब्ध कराये जाने के प्रावधान है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'ब' अनुसार** है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सत्तासी"]

समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

70. (क्र. 959) श्री इंद्र साव : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में समर्थन मूल्य पर कितनी-कितनी मात्रा में धान उपार्जन हुआ? उपार्जन केन्द्रवार बताएं? **(ख)** उपार्जित धान में से कितनी-कितनी मात्रा का निराकरण हुआ तथा शेष मात्रा, यदि कोई हो, तो उसका कारण क्या है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 तथा 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जानकारी निम्नानुसार हैः-

खरीफ विपणन वर्ष	धान उपार्जन की मात्रा (मे.टन में)
2022-23	618605.68
2023-24	872163.24
2024-25 (दिनांक 03.07.2025 तक की स्थिति में)	855513.80

खरीफ विपणन वर्ष वार उपार्जन केंद्रवार धान उपार्जन मात्रा की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ, ब एवं स अनुसार है। (ख)** उपार्जित धान में से धान निराकरण तथा शेष मात्रा की जानकारी निम्नानुसार हैः-

(मे.टन में)

खरीफ विपणन वर्ष	धान निराकरण की मात्रा	शेष धान की मात्रा
2022-23	618605.68	0
2023-24	866315.24	0
2024-25	768174.81	87338.97

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में दर्शित शेष धान की मात्रा का निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।

सेवानिवृत्ति पश्चात भी कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिकाएं

[महिला एवं बाल विकास]

71. (क्र. 962) श्री इंद्र साव : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत कितने आंगनबाडी केन्द्र संचालित हैं? इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में कितने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिकाएं कार्यरत हैं? विकासखण्डवार जानकारी दें? **(ख)** प्रश्नांश '' क '' अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत कितने ऐसे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं कार्यरत है, जिनकी सेवानिवृत्ति की आयु सीमा पूर्ण हो चुकी है तथा जिन्हें विभाग द्वारा सेवानिवृत्ति नहीं दी गई है, किन्तु अभी तक नियम विरूद्ध अपने पद पर कार्यरत हैं एवं निर्धारित मानदेय प्राप्त कर रही हैं? सेवानिवृत्ति नहीं

दिए जाने के क्या कारण हैं? इनके स्थान पर नये आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की भर्ती नहीं किए जाने हेतु कौन जिम्मेदार है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत 30 जून 2025 की स्थिति में 1626 आंगनबाडी केन्द्र संचालित हैं। इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका की विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में सेवानिवृत्ति की आयु पूर्ण किए हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की संख्या निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठासी"]

रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दिव्यांगजनों को ट्राइसायकिल वितरण

[समाज कल्याण]

72. (क्र. 965) श्री मोतीलाल साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2024 तथा वर्ष 2025 में (दिनांक 31 मई, 2025 की स्थिति में) कितने दिव्यांगजनों को योजना के तहत बैटरी चलित ट्राइसायकिल वितरण किया गया है? वर्षवार तथा हितग्राहीवार जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2024 तथा वर्ष 2025 में (दिनांक 31 मई, 2025 की स्थिति में) दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राइसायकिल की वर्षवार तथा हितग्राहीवार जानकारी निम्नानुसार है:-

वर्ष 2024			
क्रं.	**हितग्राही का नाम**	**क्रं.**	**हितग्राही का नाम**
1.	शैलेन्द्र कुमार तिवारी	9.	अंजली तिवारी
2.	जितेन्द्र कुमार कोशले	10.	रितेश मणि त्रिपाठी
3.	अजय ठाकुर	11.	के. श्याम राव
4.	नोखेसिंग	12.	गौतम बाई सतनामी
5.	नरोत्तम कुमार पटेल	13.	वेद प्रकाश धृतलहरे
6.	ठगिया साहू	14.	श्रीमती अहिल्या देवी शर्मा
7.	द्रौपती धीवर	15.	भगवत साहू
8.	विनोद कुमार सोनकर	16.	प्रशांत मण्डल

वर्ष 2025 में 31 मई 2025 की स्थिति में किसी भी हितग्राही को बैटरी चलित ट्रायसायकल प्रदान नहीं किया गया है।

रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत एन0जी0ओ0

[समाज कल्याण]

73. (क्र. 966) श्री मोतीलाल साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितने एन0जी0ओ0 कार्यरत हैं तथा इन एन0जी0ओ0 को वर्ष 2024 तथा वर्ष 2025 में (दिनांक 31 मई, 2025 की स्थिति में) किन-किन योजनाओं हेतु कितनी-कितनी राशि आबंटित की गई है? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अंतर्गत एन.जी.ओ. वर्ष 2024 तथा वर्ष 2025 में (दिनांक 31 मई, 2025 की स्थिति में) किस-किस योजना हेतु पंजीकृत हुए है? विवरण देवे?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत एन.जी.ओ. एवं इन एन.जी.ओ. को वर्ष 2024 एवं वर्ष 2025 में (दिनांक 31 मई 2025 की स्थिति में) तक प्रदत्त अनुदान राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	कार्यरत एन.जी.ओ. का नाम	प्रयोजन	वर्ष 2024	वर्ष 2025 (31 मई 2025 की स्थिति में)
1.	आकांक्षा लॉयन्स इंस्टीट्युट ऑफ लर्निंग एण्ड एम्पावरमेंट अवन्ति विहार जिला-रायपुर	बौद्धिक मंदता बालक-बालिकाओं का विशेष विद्यालय	25,26,940/-	19,96,944/-
2.	आकांक्षा लॉयन्स इंस्टीट्युट ऑफ लर्निंग एण्ड एम्पावरमेंट बीरगांव जिला-रायपुर	बौद्धिक मंदता बालक-बालिकाओं का विशेष विद्यालय	15,31,104/-	7,90,890/-
3.	अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल, पता-सेक्टर-1, बजाज कालोनी, न्यू राजेन्द्र नगर जिला-रायपुर	श्रवण बाधित बच्चों का विशेष विद्यालय एवं छात्रावास	-	22,91,584/-
4.	संगी मितान सेवा संस्थान, पता मोवा जिला-रायपुर	भिक्षुक पुनर्वास केन्द्र	-	-

(ख) वर्ष 2024 तथा वर्ष 2025 में (दिनांक 31 मई 2025 की स्थिति में) समाज कल्याण विभाग अंतर्गत कोई भी एन.जी.ओ. पंजीकृत नहीं है। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

प्रदेश के दिव्यांगजनों को देय सुविधायें

[समाज कल्याण]

74. (क्र. 969) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में दिव्यांगजनों के हितार्थ कौन-कौन सी योजनायें संचालित हैं? दिव्यांगजनों को दिव्यांगता पेंशन दिये जाने के क्या प्रावधान तथा नियम व शर्तें हैं? दिनांक 24 जून, 2025 की स्थिति में प्रदेश में किस-किस प्रकार के कितने दिव्यांगजन पंजीकृत हैं एवं इनमें से कितने दिव्यांगजनों को दिव्यांगता पेंशन दी जा रही है? **(ख)** दिव्यांगजनों हेतु आरक्षित कोटे के अंतर्गत प्रदेश की शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु किन-किन संस्थाओं का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र मान्य होता है? दिव्यांगजनों हेतु संचालित शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए हितग्राही को न्यूनतम कितने प्रतिशत दिव्यांग होना अनिवार्य है? 24 जून, 2025 की स्थिति में प्रदेश के किन-किन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र फर्जी होने की शिकायत प्राप्त हुई है एवं जॉच में किन-किन अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दिव्यांगता प्रमाण-पत्र फर्जी पाया गया है? जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** दिव्यांगजनों हेतु आरक्षित कोटे के अंतर्गत प्रदेश की शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र मान्य होता है। दिव्यांगजनों के लिए संचालित शासकीय योजनाओं का लाभ लेने हेतु हितग्राही को न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांग होना अनिवार्य है। 24 जून,2025 की स्थिति में प्रदेश में पाए गये फर्जी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र वाले अधिकारी एवं कर्मचारी की जानकारी संकलित की जा रही हैं। जानकारी प्राप्त होने से पृथक से भेजी जायेगी।

[संलग्न "परिशिष्ट - नवासी"]

समर्थन मूल्य पर खरीदे गये धान का निराकरण

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

75. (क्र. 970) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला बालोद में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24, तथा 2024-25 में समर्थन मूल्य पर कितनी-कितनी मात्रा में धान उपार्जन हुआ? वर्षवार, उपार्जन केन्द्रवार जानकारी देवें? **(ख)** कण्डिका 'क' में उपार्जित धान में से कितनी-कितनी मात्रा का निराकरण हुआ तथा शेष मात्रा, यदि कोई हो, तो उसका कारण क्या है? जानकारी देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जिला बालोद में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की जानकारी निम्नानुसार हैः-

खरीफ विपणन वर्ष	उपार्जित धान की मात्रा (मात्रा मे.टन में)
2022-23	568001.16
2023-24	748714.68
2024-25	756559.88

खरीफ विपणन वर्षवार, उपार्जन केन्द्रवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ख)**उपार्जित धान में से निराकृत मात्रा तथा शेष मात्रा की जानकारी निम्नानुसारहैः-

(मात्रा मे.टन में)

खरीफ विपणन वर्ष	निराकृत मात्रा	शेष मात्रा
2022-23	568001.16	0.00
2023-24	746142.40	0.00
2024-25 (दिनांक 02.07.2025 की स्थिति में)	560887.24	195672.64

बालोद जिले मे खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 में उपार्जित संपूर्ण धान का निराकरण किया जा चुका है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है।

[संलग्न "परिशिष्ट - नब्बे"]

प्रदेश में बाल विवाह के दर्ज प्रकरण

[महिला एवं बाल विकास]

76. (क्र. 973) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 24 जून, 2025 की अवधि में बाल विवाह के कुल कितने प्रकरण दर्ज किए गए तथा इन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई? वर्षवार एवं जिलावार बतायें? **(ख)** प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह के प्रकरण न हो, यदि बाल विवाह संपन्न होते है तो विभाग के संज्ञान में आए आथवा विभाग द्वारा स्वप्रेरणा से कार्यवाही सुनिश्चित करे इस हेतु क्या कार्ययोजना तैयार की गई है? **(ग)** प्रश्नांश 'क' की अवधि में प्रदेश में कितने सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं इन पर कितना व्यय किया गया? वर्षवार एवं जिलावार बतायें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : जानकारी संकलित की जा रही है

जिला रायगढ़ में महिला बाल विकास विभाग अन्तर्गत रेडी टू ईट वितरण की शिकायत

[महिला एवं बाल विकास]

77. (क्र. 975) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला रायगढ़ में महिला बाल विकास विभाग अन्तर्गत संचलित रेडी टू ईट वितरण किन-किन समूह/फर्म के द्वारा किया जा रहा है? सेक्टर वार जानकारी देवें? **(ख)** विगत 02 वर्षों में रेडी टू ईट निर्माण की गुणवत्ता की जांच किस-किस अधिकारी द्वारा की गयी है? जानकारी देवें? **(ग)** क्या गुणवत्ताविहीन रेडी टू ईट वितरण की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां तो क्या कार्यवाही की गई है? जानकारी देवे?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) रायगढ़ जिले में रेडी टू ईट का वितरण छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड रायपुर में (छत्तीसगढ़ शासन के उपक्रम) अधिकृत महिला स्व सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है। सेक्टरवारजानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसारहै। **(ख)** निर्मित रेडी टू ईट की गुणवत्ता की नियमित जांच मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला के माध्यम से कराई जाती है। **(ग)** रायगढ़ जिले में गुणवत्ताविहीन रेडी टू ईट वितरण की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः प्रश्नांश कीशेष जानकारी निरंकहै। **[संलग्न "परिशिष्ट - इनक्यानबे"]**

प्रदेश में महतारी वंदन योजना में व्यय राशि

[महिला एवं बाल विकास]

78. (क्र. 976) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में महतारी वंदन हितग्रहियों की संख्या कितनी हैं? माह जनवरी, 2024 से जून, 2025 तक योजनांतर्गत कितनी राशि व्यय की गयी है? **(ख)** महतारी वंदन की पात्रता हेतु क्या मापदंड है? जून, 2025 की स्थिति में कितने आवेदन लंबित है? कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी? जिलावार जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) प्रदेश में महतारी वंदन योजना अंतर्गत माह जून 2025 की स्थिति में पात्र हितग्राहियों की संख्या 69,42,478 है। महतारी वंदन योजना मार्च 2024 से प्रारंभ की गई है अतः मार्च 2024 से जून 2025 तक योजनांतर्गत हितग्राहियों को सहायता दिये जाने अनुमोदित राशि रू. 10434.05 करोड़ है। **(ख)** महतारी वंदन की पात्रता एवं अपात्रता के मापदंडसंलग्न प्रपत्र अनुसार है। जून 2025 की स्थिति में कोई भी आवेदन लंबित नहीं है। अतः शेष प्रश्नांश कीजानकारी निरंकहै। **[संलग्न "परिशिष्ट - बयानबे"]**

समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

79. (क्र. 977) श्री ब्यास कश्यप : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बिलासपुर संभाग में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 तथा 2024-25 में समर्थन मूल्य पर कितनी-कितनी मात्रा में धान उपार्जन हुआ? जिलेवार बताएं? **(ख)** उपार्जित धान में से कितनी-कितनी मात्रा का निराकरण हुआ तथा शेष मात्रा, यदि कोई हो, तो उसका कारण क्या है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) बिलासपुर संभाग में खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में जिसमें समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की जिलेवार जानकारी निम्नानुसार हैः-

(मे.टन में)

जिले का नाम	खरीफ विपणन वर्ष 2022-23	खरीफ विपणन वर्ष 2023-24	खरीफ विपणन वर्ष 2024-25
बिलासपुर	513004.52	703953.11	691983.48
गौरेला पेन्ड्रा मरवाही	91014.48	117974.08	140579.76
जांजगीरचाम्पा	462065.96	640766.24	632802.92
कोरबा	212925.08	286733.16	291554.88
मुंगेली	397647.36	552096.83	556149.64
रायगढ़	412967.72	538705.92	508797.64
सक्ती	365107.12	517475.64	513741.16
सारंगढ़ बिलाईगढ़	330717.8	468860.07	465671.32

(ख) बिलासपुर संभाग के जिलों में उपार्जित धान में से धान निराकरण तथा शेष धान की मात्रा की जिलेवार जानकारी निम्नानुसार हैः-

(मे.टन में)

जिले का नाम	खरीफ विपणन वर्ष 2022-23		खरीफ विपणन वर्ष 2023-24		खरीफ विपणन वर्ष 2024-25	
	धान निराकरण की मात्रा	शेष धान की मात्रा	धान निराकरण की मात्रा	शेष धान की मात्रा	धान निराकरण की मात्रा	शेष धान की मात्रा
बिलासपुर	513004.5	0.00	703953.1	0.00	681894.4	56639.93
गौरेला पेन्ड्रा मरवाही	91014.48	0.00	117974.1	0.00	126798.9	12371.36
जांजगीरचाम्पा	462066	0.00	640766.2	0.00	592690	40112.91
कोरबा	212925.1	0.00	286733.2	0.00	291404.6	0
मुंगेली	397647.4	0.00	552096.8	0.00	436561	5948.73
रायगढ़	412967.7	0.00	538705.9	0.00	448949	57718.71
सक्ती	365107.1	0.00	517475.6	0.00	383484.1	130216.7
सारंगढ़ बिलाईगढ़	330717.8	0.00	468860.1	0.00	359648.5	105520.5
योग	**2785450.08**	**0**	**3826565**	**0**	**3321430.5**	**408528.8**

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में दर्शित शेष धान की मात्रा का निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के प्रावधान

[महिला एवं बाल विकास]

80. (क्र. 979) श्री ब्यास कश्यप : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:-**(क)** जांजगीर-चांपा वि.स.क्षेत्र में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत विगत 3 वर्षो में कुल कितने जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ है? वर्षवार विवरण देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' की योजनांतर्गत विवाहित जोड़ा के लिए कुल कितने रूपये शासन द्वारा खर्च करने का प्रावधान है जिसमें कितने रूपये की सामग्री एवं कितने रूपये सहयोग राशि दिये जाने का प्रावधान है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जांजगीर-चांपा वि.स. क्षेत्र में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत विगत 3 वर्षों में कुल 250 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ है। वर्षवार विवरण **संलग्न**

प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के दिशा निर्देश अनुसार प्रत्येक कन्या के विवाह हेतु अधिकतम 50,000 रूपये की राशि व्यय किए जाने का प्रावधान है, जिसमें प्रति कन्या राशि 7,000 रूपये वर-वधु हेतु श्रृंगार सामग्री के रूप में एवं ड्राफ्ट/बैंक खाते के माध्यम से राशि 35,000 रूपये दिए जाते है तथा सामूहिक विवाह आयोजन व्यवस्था पर प्रति कन्या अधिकतम राशि 8000 रूपये तक व्यय किये जाने का प्रावधान है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तिरानबे"]

प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत प्राप्त एवं व्यय राशि

[महिला एवं बाल विकास]

81. (क्र. 982) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत केन्द्र सरकार से प्रदेश को वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-26 तक कितनी राशि प्राप्त हुई? कितनी राशि, किन-किन कार्यों में व्यय हुई? वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अंतर्गत योजना से प्रदेश में विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति बाहुल्य बसाहटों में कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों की सुविधा प्रदान की गई है? कितनी राशि व्यय हुई है? केन्द्र का नाम सहित जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत केन्द्र सरकार से प्रश्नाधीन अवधि में आंगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु कुल राशि रूपये 18,96,00,000/- प्राप्त हुई है। इसमें से राशि रूपये 10,12,35,400/- आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों हेतु व्यय हुई है। वर्ष 2024-25 में राशि रूपये 6,31,26,000/- एवं वर्ष 2025-26 में राशि रूपये 3,81,09,400/- व्यय हुई है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के अंतर्गत योजना से प्रदेश में विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति बाहुल्य बसाहटों में 197 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन प्रांरभ किया गया है। केन्द्र संचालन के लिए व्यय भार नियमित बजट से किया गया है। भारत सरकार या राज्य सरकार से कोई अतिरिक्त बजट का प्रावधान नहीं है। भवन निर्माण कार्य में राशि रूपये 10,12,35,400/- व्यय हुई है।जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसारहै।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौरानबे"]

समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की मिलिंग

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

82. (क्र. 983) डॉ. चरण दास महंत : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान से निर्मित चावल की कितनी-कितनी मात्रा केन्द्रीय पूल तथा राज्य पूल में दी गई थी? **(ख)** 2024-25 में उपार्जित धान में से कितने धान का विक्रय करना पड़ रहा है और क्यों? क्या केन्द्रीय पूल में अतिशेष धान का संपूर्ण चावल लेने से अस्वीकार किया गया है? **(ग)** केन्द्रीय पूल में चावल का परिदान लिए जाने की गति बहुत कम क्यों है? क्या एफ.सी.आई. के पास पर्याप्त भंडारण क्षमता नहीं है? चावल के परिदान में विलम्ब के कारण राईस मिलर्स तथा राज्य सरकार को क्या-क्या हानि होती है तथा क्या-क्या समस्याएं उत्पन्न होती है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान से निर्मित चावल की दिनांक 03.07.2025 तक की स्थिति में केन्द्रीय पूल तथा राज्य पूल में चावल जमा की जानकारी निम्नानुसार है-

खरीफ विपणन वर्ष	चावल जमा की मात्रा (लाख मे. टन में)	
	केन्द्रीय पूल	राज्य पूल
2023-24	77.64	19.48
2024-25	29.42	6.97

(ख) खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में केन्द्रीय पूल में 70 लाख मे.टन चावल उपार्जन की अनुमति प्राप्त हुई है। उपार्जित संपूर्ण धान का निराकरण हेतु मिलिंग लक्ष्य नही होने के कारण 31.48 लाख मे. टन अतिशेष धान का विक्रय करना पड़ा। **(ग)** केन्द्रीय पुल में चावल का परिदान निरंतर हो रहा है । अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नही होता ।

धान उपार्जन केन्द्रों में कमी की मात्रा और राशि

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

83. (क्र. 984) डॉ. चरण दास महंत : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन केन्द्रों पर धान के शार्टेज की मात्रा और राशि क्या-क्या है? क्या इस शार्टेज को विपणन संघ के द्वारा उपार्जित मात्रा में से कम करके खाता मिलान तथा हिसाब-किताब किया जाता है? **(ख)** क्या उपार्जन केन्द्रों पर धान की जो मात्रात्मक कमी आती है उसके मूल्य/लागत की राशि की वसूली विपणन संघ द्वारा उपार्जन करने वाली सहकारी समितियों से की जाती है? यदि हां तो दोनों वर्षों की वसूली योग्य राशि कितनी-कितनी है? क्या तदाशय का निर्णय राज्य या केन्द्र शासन का है? **(ग)** उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा WPC NO. 1409/2025, WPC NO. 1502/2025 आदि अनेक याचिकाओं पर पारित आदेश दिनांक 29.04.2025 के पालन में क्या कार्यवाहियां की गई हैं?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन केन्द्रों पर धान के शार्टेज की मात्रा एवं राशि की जानकारी निम्नानुसार हैः-

(राशि रूपये करोड़ में) (मात्रा लाख मे.टन में)

क्र.	खरीफ विपणन वर्ष	शार्टेज की मात्रा	शार्टेज की राशि
1	2023-24	0.394	86.22
2	2024-25	धान निराकरण एवं समिति लेखा मिलान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।	

जी हां, शार्टेज को विपणन संघ के द्वारा उपार्जित मात्रा में से कम करके समिति के साथ खाता मिलान तथा हिसाब-किताब किया जाता है। **(ख)** जी हां, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 की अंतर की राशि 86.22 करोड़ है एवं खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान निराकरण एवं लेखा मिलान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। तदाशय का निर्णय राज्य शासन का है। **(ग)** उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा WPC NO. 1409/2025, WPC NO. 1502/2025 आदि अनेक याचिकाओं पर पारित आदेश दिनांक 29.04.2025 के संबंध में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की आंगनबाड़ियों में गर्म भोजन योजना में अनियमितता

[महिला एवं बाल विकास]

84. (क्र. 988) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में आंगनबाड़ी की कितनी संख्या और दर्ज संख्या है? परियोजनावार, आंगनबाड़ियों की जानकारी प्रदान करें? **(ख)** माह मार्च, अप्रैल और मई, 2025 में बच्चों की औसत उपस्थिति बताएं एवं बच्चों को गर्म भोजन माह में कितने कार्य दिवस कराया गया? परोसे गए गर्म भोजन के लिए कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया गया है? कार्यदिवस व बच्चों की संख्या अनुसार जानकारी देवें? **(ग)** क्या बच्चों को परोसे गए गर्म भोजन के लिए दर्ज संख्या और भुगतान कार्य दिवस

अनुसार अंतरसंबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ तो कौन-कौन से आंगनबाड़ियो की शिकायतें प्राप्त हुई? क्या शिकायत अनुसार दर्ज संख्या अनुपात और भुगतान राशि में अंतर पाया गया? जानकारी देवें? **(घ)** प्रश्नांश (ख) अवधि में आंगनबाड़ियों का निरीक्षण किस-किस अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा किया गया? निरीक्षण के दौरान क्या दर्ज संख्या और कार्यदिवस उपस्थिति का सत्यापन और जांच किया गया? अधिक राशि के भुगतान के लिए किस-किस स्तर के कर्मचारी अधिकारी जिम्मेदार हैं और क्या कार्यवाही की गयी है? जानकारी प्रदान करें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले की बाल विकास परियोजना खैरागढ़ में मई 2025 की स्थिति में 332 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 03 से 06 वर्ष आयु के 8352 बच्चे दर्ज एवं परियोजना छुईखदान में 323 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 03 से 06 वर्ष आयु के 8658 बच्चे दर्ज है। **(ख)**जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसारहै। **(ग)** जी हॉ, समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार को संज्ञान में लिया गया है, जिसके अनुसार गर्म भोजन की अधिक राशि का भुगतान किये जाने का उल्लेख है। उपरोक्तानुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों क्रमशः सिंगारपुर 2, गोपालपुरखुर्द, तुलसीपुर, विचारपुर 2, तिलईभाठ, चारभाठा 3, जुरलाकला 1, जुरलाकला 2, रीवागहन, खपरीतेली के अप्रैल 2023 की अवधि में हितग्राहियों व भुगतान का तुलनात्मक परीक्षण किया गया जिसमे अंतर पाया गया। समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार में पूर्व की अवधि का उल्लेख होने के कारण शेष आंगनबाड़ी केन्द्रो के परीक्षण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(घ)** प्रश्नांश ख की अवधि में आंगनबाड़ियों का निरीक्षण सेक्टर पर्यवेक्षक, बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है। जी हॉ, निरीक्षण के समय हितग्राहियों की उपस्थिति का आकस्मिक सत्यापन किया जाता है। शिकायत की जांच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने के कारण अंतिम निष्कर्ष बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पंचानबे"]

जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निर्मित राशन दुकानें एवं गोदाम

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

